पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 15 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –15 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

■ भाजपा के भस्मासुर पीछे लग गए हैं
■ वैश्विक हथियार उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि
पृष्ठ 4

■ एस जयशंकर की ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री से फोन पर बात
■ गाजा में यूरोपीय अस्पताल पर इजरायली हमले में छह फिलिस्तीनी मारे गए
पृष्ठ 9

पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में रचा इतिहास
पृष्ठ 10



## साय कैबिनेट में अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# प्रदेश के युवाओं को नौकरी देने वाले उद्योगों को सहूलियतें

**सरकार ने खोला रियायतों का पिटारा**

■ नई यूनिवर्सिटी के रास्ते खुले, कलाकारों की सालाना पेंशन 36 हजार बढ़ाई



**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। बड़े वर्ग, खासकर युवाओं के लिए ढेरों रियायतें हैं। एक बड़ा फैसला यह है कि जो भी उद्योग बाहर से आएंगे, अगर उनमें छत्तीसगढ़ के युवाओं को अधिकांशत: नौकरी दी जाएगी तो उनको सरकार की ओर से कई रियायतें दी जाएंगी। इसी तरह, रोजी-रोजी की दिक्कतों से जूझ रहे कलाकारों की सालाना पेंशन में सरकार ने सीधे 3 हजार रुपए महीने की वृद्धि कर दी है। कलाकारों को अभी सालाना 24 हजार रुपए दिए जा रहे थे, जो सीधे बढ़ाकर 60 हजार रुपए कर दिए गए हैं। सरकार ने खिलौना और कपड़ा उद्योग तथा नई हाईटेक खेती के लिए कई सहूलियतों की घोषणा की है।

साय कैबिनेट की दोपहर 12 बजे शुरू होकर दो घंटे से ज्यादा चली है। बैठक में सबसे पहला फैसला यह हुआ है कि अब प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान शुरू किया जाएगा।

साय कैबिनेट ने तय किया है कि सीएम शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत अब स्कूलों की सोशल आडिट होगी और इस आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी। कमजोर शालाओं की नियमित मॉनीटरिंग होगी। मॉडल स्कूल चुने जाएंगे और वहां के टीचर्स को अपेक्षाकृत कमजोर स्कूलों में पढ़ाने के लिए भेजा जाएगा।

**औद्योगिक विकास को गति देने वाले संशोधन**

मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने एवं भूमि आबंटन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन के प्रस्ताव मंजूर किया है। इस संशोधन से औद्योगिक क्षेत्रों, लैंड बैंक तथा अन्य भूमि खंडों के आबंटन की प्रक्रिया में और अधिक स्पष्टता व पारदर्शिता आएगी। इसके अलावा, कैबिनेट ने प्रदेश में इज आफ लिविंग को बढ़ावा देने हेतु, न्यूनतम 500 विद्यार्थी क्षमता के कक्षा पहली से 12वीं निजी सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# रेलवे प्रोजेक्ट से बढ़ी किसानों की मुसीबत

## रायपुर और दुर्ग के 58 गांवों में जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक

**रायपुर/दुर्ग**, 14 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की खरसिया-नवा रायपुर-परमलकसा रेल लाइन परियोजना अब किसानों के लिए विकास से ज्यादा मुसीबत का सबब बन गई है। इस परियोजना के चलते रायपुर और दुर्ग जिलों के कुल 58 गांवों में जमीन की खरीदी-बिक्री पर अचानक रोक लगा दी गई है। हैरानी की बात यह है कि रायपुर जिला प्रशासन को अभी तक यह स्पष्ट जानकारी ही नहीं है कि रेलवे लाइन किस-किस खसरे से होकर गुजरेगी, लेकिन इसके बावजूद पूरे गांवों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इससे किसानों में भारी आक्रोश है और वे रोज प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

**कलेक्टर ने लगाई रोक, अब पूछ रहे – रेल लाइन कहां से जाएगी?**

रायपुर और दुर्ग के प्रशासन ने रेलवे की एक चिट्ठी के आधार पर खरीदी-बिक्री पर रोक तो लगा दी, लेकिन अब रेलवे को पत्र लिखकर पूछा जा रहा है कि रेल लाइन किन गांवों से होकर निकलेगी, कितने खसरे प्रभावित होंगे, और रूट की सटीक जानकारी क्या है।

रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने कहा, यह एक रूटीन प्रक्रिया है, रेलवे से मार्ग की सटीक जानकारी मांगी गई है ताकि बाद में सिर्फ प्रभावित खसरों पर ही रोक लागू रहे।



**रायपुर में प्रभावित गांव**

**मंदिरहसौद ब्लॉक**–आलेसुर, पचरी, छड़िया, नाहरडीह, पथराकुण्डी, खरोरा, मांठ, बेलदारसिवनी, बुड़ेनी, खौली, टिकारी, डिघारी, नारा, रीवा, परसदा उमरिया, गुजरा, धमनी, गनौद।
**गोबरा नवापारा ब्लॉक**–खरखराडीह, नवागांव, तर्रा, थनौद, जामगांव
**अभनपुर ब्लॉक**–गिरोला, बेलभाठा, उरला, अभनपुर, सारखी, कोलर, खोरपा, पलौद, ढोंढरा, खट्टी, परसदा आदि।

**दुर्ग में प्रभावित गांव**

**दुर्ग ब्लॉक**–घुधसीडीह, खोपली, बोरीगारका, पुरई, कोकड़ी, कोडिया, भानपुरी, चंदखुरी, कोनारी, चंगोरी, विरेझर, धनौव
**पाटन ब्लॉक**–ठकुराईनटोला, बठेना, देमार, अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा

**रायपुर के 35 गांवों में भी अचानक रोक, रजिस्ट्री से लेकर नामांतरण तक सब रुका**

रायपुर जिले के मंदिरहसौद, गोबरा नवापारा और अभनपुर क्षेत्रों के 35 गांवों में भी खरीदी-बिक्री, नामांतरण, बटांकन और रजिस्ट्री पर अचानक रोक लगा दी गई है। रोजाना दर्जनों किसान एसडीएम और एडीएम कार्यालयों में अपनी परेशानियां लेकर पहुंच रहे हैं।

**दुर्ग में 23 गांवों पर प्रतिबंध, किसानों की फिर बढ़ी मुसीबत**

दुर्ग जिले में पहले से ही भारत माला प्रोजेक्ट की वजह से 2018 से 26 गांवों में जमीन की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध है। इनमें से केवल 4 गांवों से ही प्रतिबंध हटाया गया है। अब खरसिया-नवा रायपुर-परमलकसा रेलवे लाइन की वजह से दुर्ग ब्लॉक के 12 और पाटन ब्लॉक के 11 गांव, यानी 23 गांवों पर फिर से रोक लगा ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

## सार संक्षेप

### भारत के 52वें सीजेआई बने जस्टिस बीआर गवई



**नई दिल्ली**। जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जस्टिस गवई को सीजेआई पद की शपथ दिलाई। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। सीजेआई गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं।

### ट्रंप के बयान पर चुप्पी के बजाय जवाब दे मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने कहा है कि पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई रोकने के निर्णय तथा कश्मीर को लेकर राग अलापने का हर मंच से जो काम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से किया जा रहा है वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए गंभीर चिंता का विषय है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसको लेकर चुप्पी साधने की बजाय देश को जवाब देना चाहिए।

### सीडीएस चौहान सहित तीनों सेना प्रमुख राष्ट्रपति से मिले

**नई दिल्ली**। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान- ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

### हॉलीवुड फिल्म निर्देशक रॉबर्ट बेंटन का निधन



**नई दिल्ली**। हॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और ऑस्कर विजेता रॉबर्ट बेंटन का निधन 92 साल की उम्र में हो गया। उनका निधन न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित उनके घर पर हुआ। बेंटन को फिल्म 'क्रेमर वर्सेज क्रेमर' के निर्देशक और लेखक के तौर पर बड़ी पहचान मिली थी। इस फिल्म ने 1979 में 5 ऑस्कर पुरस्कारों को जीते थे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) युवा पीढ़ी में मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की व्यापक समझ बढ़ाने के उद्देश्य से देश के दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इस विषय में 'ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' गुरुवार से शुरू करने जा रहा है।

**पाकिस्तान ने भारत से की अपील**

# सिंधु जल समझौते पर फिर से करें विचार

## पाकिस्तान की सरकार ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय को लिखी चिट्ठी

■ फसलों के लिए पानी का संकट खड़ा होने की बात कही
■ पानी को लेकर मोदी ने दी थी पाकिस्तान को चेतावनी

**नई दिल्ली**, 14 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने सिंधु जल समझौते को बहाल करने के लिए फिर से भारत से गुहार लगाई है। पाकिस्तान की सरकार ने बुधवार को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है।

पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तज़ा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। हालांकि अभी तक इस पर भारत का कोई रिएक्शन नहीं आया है। राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने साफ-साफ कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

### पाकिस्तान ने बीएसएफ के अगवा जवान को छोड़ा

अमृतसर। पाकिस्तान ने सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णम कुमार साहू को पंजाब में अटारी-वाघा सीमा पर भारत को सौंप दिया। उन्हें 23 अप्रैल को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से पकड़ लिया था।

### जेएनयू ने तुर्किये की यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा- हम देश के साथ खड़े हैं। इस बीच, ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# माओवादी संगठन ने 5वीं बार की शांति वार्ता की अपील

**जगदलपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। बीजापुर में चलाए गए एंटी नक्शन ऑपरेशन पर सीआरपीएफ के डीजी व डीजीपी छत्तीसगढ़ के पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले माओवादियों ने प्रेस नोट जारी कर सरकार से फिर शांतिवार्ता की अपील की है। माओवादी संगठन के केंद्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने कहा है कि शांति वार्ता के लिए केंद्र की मोदी सरकार तैयार हैं या नहीं, अपनी स्थिति स्पष्ट करे। बता दें कि माओवादी संगठन ने 5वीं बार शांतिवार्ता की अपील की है।

■ प्रेस नोट जारी कर कहा-सरकार तैयार हैं या नहीं, अपनी स्थिति स्पष्ट करे

माओवदी संगठन के केंद्रीय प्रवक्ता अभय ने कहा है कि शांति वार्ता के मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया आनी चाहिए। उनकी प्रतिक्रिया से ही स्पष्टता आएगी। उन्होंने कहा है कि कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर 26 माओवादी मारे गए हैं। माओवादी संगठन शांति वार्ता के लिए तैयार है। माओवादी संगठन हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की बात करेंगे, लेकिन माओवादियों के इलाके को 7 लाख से अधिक जवानों के घेरे रहने के कारण संगठन की बैठक करने में असमर्थ रहे।

**केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिक्रिया पर जताई चिंता**

प्रवक्ता अभय ने प्रेस नोट में कहा है कि इससे पहले 25 अप्रैल को माओवादी संगठन ने केंद्र व राज्य सरकारों से यह अपील किया था कि ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# पत्नी के साथ पुत्र-पुत्री को जहर खिलाकर पति ने लगाई फांसी



**बागबाहरा**, 14 मई (देशबन्धु)। नगर के टॉऊन हाल के पास स्थित हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में निवासरत चिरको पटेवा निवासी पति ने अपनी पत्नी एवं पुत्र-पुत्री को ज़हर खिलाकर स्वयं सीलिंग फैन में नायलोन रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। यह एक दिल दहला देने वाली घटना है। यह घटना शहर में आग की तरह फ़ैल गई। इस घटना को सुनकर लोगों की घटना स्थल पर हुजूम उमड़ पड़ा। तथा इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं लोगों के बीच हो रही है। बहरहाल बागबाहरा पुलिस ने घटना की बारीकी से जांच-पड़ताल कर थाने में मर्ग कायम कर चारों लाशों का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु उनके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस एवं फोरेंसिक टीम इस मामले की बारीकी से जाँच-पड़ताल कर विवेचना में लिया है। नगर में घटित दिल दहला देने वाली इस घटना की मुआयना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, एसडीओपी मिलिन्द पाण्डेय, ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

## डीएमएफ घोटाला

# चार पूर्व सीईओ 19 मई तक रिमांड पर

## निलंबित आईएएस रानू साहू समेत पांच की भी बढ़ी न्यायिक रिमांड

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) घोटाले की जांच में तेजी आ गई है। कोरबा जिले के चार पूर्व जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ) को मंगलवार को विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 19 मई तक रिमांड पर भेजने की अनुमति दे दी।

रिमांड पर लिए गए अधिकारियों में तत्कालीन डीएमएफटी नोडल अधिकारी भरोसाराम ठाकुर, सीईओ भूनेश्वर सिंह राज, राधेश्याम मिर्झा और वीरेंद्र कुमार राठौर शामिल हैं। अदालत में पेशी के दौरान अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि पूछताछ के दौरान कई नई जानकारियां सामने आई हैं, जिनके आधार पर दस्तावेज और सबूत जुटाने के लिए और समय की आवश्यकता है। अदालत ने इस पर सहमति जताते हुए रिमांड अवधि 19 मई तक बढ़ा दी है।

इस बीच घोटाले में पहले से जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर और मनोज द्विवेदी की न्यायिक हिरासत भी 27 मई तक बढ़ा दी गई है। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि रिमांड पर लिए गए अधिकारियों से चल रही पूछताछ को ध्यान में रखते हुए अन्य आरोपियों की हिरासत बढ़ाना ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# हाईकोर्ट ने मप्र सरकार में मंत्री के बयान का लिया संज्ञान

■ विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश
■ कर्नल सोफिया पर दिया था विवादित बयान

**भोपाल**, 14 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं।

दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दिया था। इसका कांग्रेस ने विरोध किया है और मंत्री को पद से हटाने की मांग कर डाली। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मंत्री के विवादित बयान को संज्ञान में लेते हुए याचिका के रूप में सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ चार घंटे में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# छत्तीसगढ़ की पहचान बनेगा नया विधानसभा भवन



■ सितम्बर 225 तक निर्माण हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश
■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की उच्च स्तरीय समीक्षा

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 51 एकड़ भूमि पर छत्तीसगढ़ की नवीन विधानसभा का निर्माण तीव्र गति से जारी है। अब तक 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और इसे सितम्बर 2025 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह भवन छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बनेगा। इसकी भव्यता और कार्यक्षमता नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी।

नवीन विधानसभा भवन के निर्माण कार्यों को तीन प्रमुख विंगों में विभाजित किया गया है— विधानसभा सचिवालय, विधानसभा सदन और

**51 एकड़ क्षेत्र में बन रहा है भव्य और आधुनिक सुविधाओं से युक्त विधानसभा परिसर**

सेंट्रल हॉल परिसर। इनमें दर्शक दीर्घा, मीडिया दीर्घा, सभागृह कक्ष, पुस्तकालय, विद्युतीकरण, वातानुकूलन, डामरीकरण, उद्यानिकी, जल एवं विद्युत आपूर्ति, आंतरिक साज-सज्जा और फिक्स्ड फर्नीचर का कार्य तीव्र गति से जारी है।

**हर विभाग की जिम्मेदारी तय-समन्वय से बनेगा आदर्श परिसर**–बैठक में लोक निर्माण विभाग, उद्यानिकी, संस्कृति विभाग और चिप्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। सभी विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨


## निर्माण — मोदी मंत्रिमंडल ने किया बड़ा फैसला

# जेवर में बनेगी भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई

**3,76 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेवर में एक 3,706 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी दे दी है। यह प्लांट एचसीएल और फॉक्सकॉन की साझेदारी में लगाया जाएगा और इसमें मोबाइल, लैपटॉप और गाड़ियों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनाए जाएंगे।**

*मामले में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह देश का छठा सेमीकंडक्टर प्लांट होगा और इसकी उत्पादन क्षमता 20,000 वेफर्स प्रति माह होगी, जिससे हर महीने 3.6 करोड़ चिप्स तैयार की जाएंगी। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। यह इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है।*



*इसके साथ ही विज्ञप्ति नें कहा गया है, एचसीएल का हार्डवेयर विकसित करने और निर्माण करने का लंबा इतिहास रहा है। फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में एक वैश्विक प्रमुख कंपनी है। वे मिलकर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। संयंत्र को प्रति माह 20,000 वेफर्स के लिए डिजाइन किया गया है। इस इकाई की उत्पादन क्षमता प्रति माह 36 मिलियन यूनिट है।*

# मालवाहक में सफर कर रहे 24 लोग हादसे का शिकार – मुंडन से लौट रही मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत, 23 घायल

**गौरेला पेंड्रा मरवाही 14 मई (देशबन्धु)।** बच्ची के मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने पिकअप वाहन में सवार होकर अमरकंटक गया वाहन अमरकंटक से लौटते वक्त सिद्ध बाबा के पास अनियंत्रित होकर लगभग 30 फीट गहरी खाई में गिर गया, दुर्घटना से पिकअप वाहन में सवार 24 लोगों में से 11 लोगों को चोटे आई हैं जिसमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है वही जिस बच्ची का मुंडन कराने परिवार गया था दुर्घटना में उसका सिर धड़ से अलग हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

गौरेला थाना क्षेत्र के सिग्नल टोला से टाटा इंट्रा पिकअप वाहन में सवार होकर



अमरकंटक मुंडन करने गए परिवार की खुशियां मातम में बदल गई, दरअसल परिवार माल वाहक वहां में सवार होकर अमरकंटक गया था। अमरकंटक में बच्ची का मुंडन कराकर परिवार वापस गौरेला लौट रहा था तभी दुर्गा धारा पकरिया मार्ग पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया दरअसल पहाड़ी मार्ग काफी घुमावदार है एवं रास्ते में कई पीछे मोड है अमरकंटक से लौटते हुआ वहां ने जब सिद्ध बाबा के पास पहुंचा तो रास्ते के पीछे मोड में वाहन चालक वाहन को संभाल नहीं सका एवं वाहन अनियंत्रित होकर सिद्ध बाबा के पास सड़क के नीचे लगभग 30 फीट नीचे गहरी खाई में चार पलटी लेते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे वहां में सवार 24 लोगों में से 11 लोगों को चोटे आई हैं जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं गंभीर रूप से घायल को अंदरूनी चोटे लगी है वही खुशियों से भरा परिवार जिस बच्ची के मुंडन करने के लिए अमरकंटक गया था उसी बच्ची का ही दुर्घटना में सिर धड़ से अलग हो गया सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है वही दो अन्य गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### प्रदेश के युवाओं को...

एवं मल्टिप्लेक्स युक्त मिनी मॉल से वंचित प्रदेश के नगरीय क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र से भिन्न विकासखण्ड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की परिधि तक के क्षेत्र में प्रथम तीन इकाई को थ्रस्ट सेक्टर की भांति सम्मिलित किया जाएगा।

### रेलवे प्रोजेक्ट से बढ़ी ..

दी गई है, जिससे किसानों की मुश्किलें दोगुनी हो गई हैं। कई किसान पारिवारिक और आर्थिक कारणों से जमीन बेचना चाहते हैं, लेकिन प्रतिबंध के चलते न वे जमीन रजिस्ट्री कर पा रहे हैं, न बैंक से लोन ले पा रहे हैं। कई मामलों में बच्चों की पढ़ाई, इलाज, शादी जैसे जरूरी काम रुके हुए हैं। दुर्ग और रायपुर दोनों ही जिलों में किसानों के समूहों की मांग है कि जल्द से जल्द रेलवे से खसरा-वार जानकारी मंगाकर केवल उन्हीं जमीनों पर प्रतिबंध लगाया जाए जो रेल लाइन से सीधे प्रभावित हैं। वरना वे अब आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। एनआईसी की गलती से खसरों में 'नाबालिग' शब्द जुड़ा,-गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के कई जिलों में खसरा खातों में अचानक 'नाबालिग' शब्द जुड़ गया, जिससे हजारों जमीन मालिक बालिग से नाबालिग हो गए। यह गड़बड़ी एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र) से हुई, जब भुईयां सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया। इस त्रुटि के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में सरकारी छुट्टी होने के बावजूद इसे दो दिन के भीतर ठीक कर लिया गया।

इस गड़बड़ी में रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, गौरेला-पेंड्रा, भरतपुर, सक्ती जैसे जिलों के तहसील क्षेत्र शामिल थे, जहां सैकड़ों-हजारों खसरा खातों में मालिकों के नाम के नीचे 'नाबालिग' शब्द अंकित हो गया। यह शब्द पीडीएफ फाइलों में भी दिख रहा था, जिससे दस्तावेजों की वैधता पर सवाल खड़े हो गए थे। गड़बड़ी के तुरंत बाद एनआईसी ने भुईयां पोर्टल को रीसेट किया, जिससे सभी खसरा खाते पहले की स्थिति में लौट आए और 'नाबालिग' शब्द हटा दिया गया। पंजीयन विभाग में सुधार की तैयारी-इसके साथ ही राज्य सरकार ने नामांतरण का अधिकार पटवारियों और राजस्व अधिकारियों से लेकर पंजीयन विभाग को सौंपने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के कुछ पंजीयन कार्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नामांतरण की सुविधा शुरू की गई है, ताकि रजिस्ट्री के समय बटांकन और नामांतरण भी आसानी से हो सके। इसे लेकर भुईयां पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है। तीन साल पहले भी ऐसी ही गड़बड़ी-यह पहली बार नहीं है जब भुईयां सॉफ्टवेयर में इस तरह की गड़बड़ी हुई हो। वर्ष 2022 में भी सॉफ्टवेयर अपडेट के दौरान प्रदेशभर के सभी खसरा रकबों का एक ही नंबर (0139) हो गया था और कई ज़मीनों का रकबा घट गया था। उस समय भी यह गड़बड़ी रीसेट करके ठीक की गई थी।

### सिंधु जल समझौते पर...

हैं। पीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई को अभी सिर्फ स्थिगित किया गया है और आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान को इस कसौटी पर मापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है। पीएम ने कहा कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का स्वागत करते हैं, लेकिन दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के क्षेत्रों में बड़े सैन्य अभियानों के बाद, जल मुद्दे को जल्द ही हल करने की आवश्यकता है।

### पाकिस्तान ने बीएसएफ के ...

भारतीय व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात से इनकार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्किये से सालाना 1200 करोड़ रुपए का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है।

### माओवादी संगठन ने ...

जन समस्याओं का स्थायी समाधान के लिए समय सीमा के साथ युद्ध विराम की घोषणा कर शांति वार्ता करें। इस पर तेलंगाना राज्य सरकार की ओर से तुरंत सकारात्मक प्रतिक्रिया देना सराहनीय है, लेकिन केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार से जो प्रतिक्रिया आई वह चिंताजनक है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के राज्य मंत्री बंडि संजय और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने यह घोषणा की थी कि युद्ध विराम करने का सवाल ही नहीं उठता और हथियार छोड़ने के बगैर माओवादियों से शांति वार्ता करना संभव नहीं है। विजय शर्मा ने बार-बार यह घोषणा की है कि बिना शर्त शांति वार्ता करने के लिए सरकार तैयार है, पर अब इसके विपरीत युद्ध विराम करने के बगैर ही माओवादियों को हथियार छोड़ने का शर्त लगाए हैं।

### पत्नी के साथ पुत्र-पुत्री को ...

नायब तहसीलदार नन्दनी वर्मा एवं थाना प्रभारी अजय कुमार सिन्हा के अलावा फोरेंसिक टीम महासमुंद द्वारा सूक्ष्मता से की गई । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय एवं एसडीओपी मिलिन्द पाण्डेय ने इस मामले की जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि मूलतः पटेवा थाने के ग्राम चिरको निवासी भृत्य बसंत कुमार पटेल (42 वर्ष) पिता त्रिलोकी नाथ पटेल अपनी पत्नी श्रीमती भारती पटेल (38 वर्ष), पुत्री कु. सेजल पटेल (13 वर्ष) एवं मासूम पुत्र कियांश पटेल (4 वर्ष) के साथ नगर के सुनसुनिया रोड में टॉऊन हाल के पास स्थित हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के दूसरी मंजिल एच-2 के 05 रूम में अपने परिवार के साथ रहता था। आज 14 मई बुधवार की सुबह उसके घर के बंद दरवाजा काफी देर तक नहीं खुलने से लोगों को किसी घटना की आशंका होने का संदेह हुआ। तो इसकी सूचना सबसे पहले बागबाहरा के तहसीलदार जुगल किशोर पटेल को पड़ोसियों द्वारा दी गई। तत्पश्चात इस घटना की सूचना तहसीलदार द्वारा पुलिस थाने में दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटना स्थल हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी पहुंचे। जहाँ अंदर से बंद दरवाजे को काफी देर तक खटखटाया गया। लेकिन अंदर से किसी तरह की कोई आवाज़ न आने एवं कोई हलचल नहीं होने से पुलिस को आशंका हुआ कि यहाँ एक बहुत बड़ी घटना हुई है। तब पुलिस ने किसी तरह से बंद दरवाजे को खोलकर रूम के अंदर प्रवेश किया तो देखा गया कि हॉस्टल भृत्य बसंत कुमार पटेल की लाश सीलिंग फैन में नायलोन रस्सी से फांसी के फंदे पर लटकती हुई पाई गई। तथा उनकी पत्नी एवं पुत्र-पुत्री की लाश पलंग पर मिली। पुलिस अधिकारी एवं फोरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तो आशंका है कि सबसे पहले पति द्वारा अपनी पत्नी एवं पुत्र-पुत्री को कोई जहरीला पदार्थ खिलाकर उन लोगों की मौत हो जाने के बाद स्वयं सीलिंग फैन में नायलोन रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रतीत हो रहा है। मृतकों के जेब से किसी तरह के सुसाइड नोट नहीं मिली हैं। मृतक पति बसंत कुमार पटेल लगभग 13-14 वर्षो से मेन रोड में स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग बागबाहरा के हॉस्टल में भृत्य के पद पर पदस्थ था। वे अपनी पत्नी एवं पुत्र-पुत्री के साथ हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहता था। इतनी बड़ी घटना बीती रात्रि में कैसे घट गई। किसी को पता ही नहीं चला। यहाँ तक आजू बाजू में निवासरत पड़ोसी को भी इस घटना की जानकारी नहीं हो पाई।

### चार पूर्व सीईओ...

जरूरी है, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। गौरतलब है कि डीएमएफ घोटाले में अब तक 90 ।48 करोड़ रुपये के गबन का खुलासा हो चुका है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (श्वह्ळ्व) के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) भी समानांतर जांच कर रही है। रिमांड पर लिए गए अधिकारियों से जारी पूछताछ जारी है। इस बहुचर्चित घोटाले के कई अहम राज खोल सकती है।

### छत्तीसगढ़ की पहचान बनेगा...

**करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।**

सुरक्षा और ऊर्जा संरक्षण का समावेश- फायर फाइटिंग से लेकर सोलर पैनल तक-विधानसभा परिसर में फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो प्रणाली, 300 किलोवॉट सोलर पैनल और 500 सीटर ऑडिटोरियम की स्थापना की जा रही है, जिससे यह परिसर पर्यावरणीय दृष्टि से भी आदर्श उदाहरण बने। संस्कृति का संगम- छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति पर आधारित संग्रहालय भी होगा शामिल-संस्कृति विभाग द्वारा परिसर में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को समर्पित संग्रहालय का निर्माण भी किया जाएगा, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता और धरोहर को प्रदर्शित करेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानन्द, मुकेश बंसल, डॉ. बसवराजू एस, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे

# मुंगेली में छात्रों का फूटा गुस्सा कॉलेज में शिक्षा व्यवस्था को लेकर जोरदार प्रदर्शन



## विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप, उच्च शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन

**मुंगेली** 14 मई (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में चरमराती शिक्षा व्यवस्था और छात्रों की उपेक्षा के विरोध में सोमवार को मुंगेली के एसएनजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। नाराज छात्रों ने कॉलेज गेट के सामने नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए।

छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव, पीने के पानी और स्वच्छ शौचालयों की दुर्दशा ने पढ़ाई को बुरी तरह प्रभावित किया है। छात्रों ने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। प्रदर्शन के बाद छात्र प्रतिनिधिमंडल ने अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पांडेय तिवारी को उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें छात्रों ने नियमित प्राचार्य की नियुक्ति, शैक्षणिक स्टाफ की पूर्ति और कॉलेजों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

ज्ञापन में विश्वविद्यालय में हाल ही में हुई भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कुलपति एडीएन वाजपेयी और कुलसचिव शैलेंद्र दुबे की भूमिका की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग भी शामिल थी।

छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

अपर कलेक्टर ने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को भेजा जाएगा और कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

प्रदर्शन में सूरज सिंह, सूरज ध्रुव, सत्यप्रकाश, राहुल मल्लाह, सोनू मनहर, कृष ध्रुव, खिलेष साहू, शिबाइन बंजारा, यश गुप्ता, नीरज, रुद्र, स्वप्निल, सौरभ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHISH CHAWLA S/O JATINDER SINGH CHAWLA resident of HOUSE NO. 175/2, WARD NO. 12, NEAR LAL TANKI, RAIGARH, PO. RAIGARH, DIST RAIGARH (C.G.) 496001 have changed my daughter old name HARSHIN CHAWALA D/O ASHISH CHAWLA so in future I should be recognized by my daughter new name that is HARSHEEN CHAWLA D/O ASHISH CHAWLA in all Government and other documents.

**ASHISH CHAWLA**
HOUSE NO. 175/2, WARD NO. 12, NEAR LAL TANKI, RAIGARH, PO. RAIGARH, DIST RAIGARH (C.G.) 496001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AMIT SABARWAL S/O CHARAN JIT SINGH resident of MIG-4, HOUSING BOARD COLONY, NEAR RAIGARH STUDIUM, CHAKRADHAR NAGAR, RAIGARH, RAIGARH (C.G.) 496001 have changed my old name AMIT SABARWAL S/O CHARAN JIT SINGH so in future I should be recognized by my new name that is AMIT SABHARWAL S/O CHARAN JIT SINGH in all Government and other documents.

**AMIT SABHARWAL**
MIG-4, HOUSING BOARD COLONY, NEAR RAIGARH STUDIUM, CHAKRADHAR NAGAR, RAIGARH, RAIGARH (C.G.) 496001

**NECC**

| 15.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 70 | 135 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 160 |
| डिलीवरी | 520 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA


## निधन

### सावित्री बाई क्षत्री



**तखतपुर।** ग्राम तेलियापुरान निवासी सावित्री बाई क्षत्री 70 वर्ष का 12 मई को निधन हो गया। वे सुखदेव सिंह क्षत्री की सासु मां, अमित, निशा एवं कंजबिहारी की नानी थी। इनका अंतिम संस्कार ग्राम बहुरता में किया गया।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NARESH S/O SAMARU SAHU resident of HOUSE NO. 173, SCHOOL PARA, BLOCK SARANGARH, GRAM- LENDHRA, PO. CHHOTE LENDHRA, DIST-RAIGARH (C.G.) 496445 have changed my old name NARESH S/O SAMARU SAHU so in future I should be recognized by my new name that is NARESH SAHU S/O SAMARU SAHU in all Government and other documents.

**NARESH SAHU**
HOUSE NO. 173, SCHOOL PARA, BLOCK SARANGARH, GRAM- LENDHRA, PO. CHHOTE LENDHRA, DIST-RAIGARH (C.G.) 496445

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SAMARU S/O RAMGOLAL SAHU resident of LENDHRA, LENDHRA, DIST-RAIGARH (C.G.) 496445 have changed my old name SAMARU S/O RAMGOLAL SAHU so in future I should be recognized by my new name that is SAMARU SAHU S/O RAMGOLAL SAHU in all Government and other documents.

**SAMARU SAHU**
LENDHRA, LENDHRA, DIST- RAIGARH (C.G.) 496445

**सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि फर्म डी.सी. इंटरप्राइजेस (DC Enterprises) का व्यवसायिक पता हाउस नं.-10, रोहिणी विहार, फेज-2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 से बदलकर सी/36, पोस्ट ऑफिस के पीछे, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, पोस्ट ऑफिस:साउथ ईस्टर्न कोल लिमिटेड, बिलासपुर छत्तीसगढ़-495006 कर दिया गया है।

साथ ही, फर्म में भागीदारी में भी परिवर्तन किया गया है। श्री जयदेव कुमार शर्मा को फर्म में नए भागीदार के रूप में शामिल किया गया है एवं श्रीमती अमरजीत कौर छाबड़ा ने फर्म से निवृत्ति (रिटायरमेंट) ले ली है। वर्तमान में फर्म के सक्रिय भागीदार श्री कुंदल धर दीवान एवं श्री जयदेव कुमार शर्मा हैं।

यह सूचना सभी संबंधित व्यक्तियों को ध्यानार्थ दी जाती है।

**प्रोपाईटर**
**कुंदनधर दीवान**
**डी.सी.इंटरप्राइजेस**
**बिलासपुर छत्तीसगढ**

**सक्षम श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, कोरबा (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं दलजीत सिंह गुलाटी, उम्र 40 वर्ष लगभग पिता सुरजीत सिंह गुलाटी, निवासी अग्रसेन भवन के पास अमर निवास कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-

1. मैं अपने नाम से पासपोर्ट बनवाया हूं मेरा पासपोर्ट क्र. H5311440 जारी दिनांक 26.11.2010 है मै अपने उक्त पासपोर्ट को नवीनीकरण कराना चाहता हूं।
2. मेरे उक्त पासपोर्ट में मेरे माता का नाम जगजीत कौर गुलाटी (JAGJEET KOUR GULATI) दर्ज है, जिसमें कौर का स्पेलिंग KOUR गलत है सही स्पेलिंग KAUR सुधार कर दर्ज कराना चाहता हूं।
3. मेरी पत्नी का नाम नवनीत कौर गुलाटी (NAVNEET KAUR GULATI) जो सही है।
4. मैं उक्त शपथ पत्र अपने पासपोर्ट में माता का सही नाम जगजीत कौर गुलाटी (JAGJEET KAUR GULATI) दर्ज करने हेतु संबंधित विभाग में प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित किया हूं।
5. यह शपथ पत्र मैं अपने उक्ताशय के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**दलजीत सिंह**
**अग्रसेन भवन के पास अमर निवास कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**सक्षम श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, कोरबा (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं नवनीत कौर गुलाटी, उम्र 39 वर्ष लगभग पति दलजीत सिंह गुलाटी, निवासी अग्रसेन भवन के पास अमर निवास कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-

1. मैं अपने नाम नवनीत कौर आहूजा (NAVNEET KOUR AHUJA) से पासपोर्ट बनवाई हूं मेरा पासपोर्ट क्र. H5311271 जारी दिनांक 09.11.2010 हैं मैं अपने उक्त पासपोर्ट को नवीनीकरण कराना चाहती हूं।
2. मेरे उक्त पासपोर्ट में मेरे उक्त नाम को सुधार करा कर आधार कार्ड के आधार पर नवनीत कौर गुलाटी (NAVNEET KAUR GULATI) कराना चाहती हूं।
3. मेरे उक्त पासपोर्ट में नवनीत कौर आहूजा (NAVNEET KOUR AHUJA) दर्ज है जो गलत है जो मैं सुधार करा कर सही नाम नवनीत कौर गुलाटी (NAVNEET KAUR GULATI) दर्ज कराना चाहती हूं।
4. मैं उक्त शपथ पत्र अपने पासपोर्ट में अपना नाम सही नाम नवनीत कौर गुलाटी (NAVNEET KAUR GULATI) दर्ज करने हेतु संबंधित विभाग में प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित की हूं।
5. यह शपथ पत्र मैं अपने उक्ताशय के समर्थन में प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ती**
**नवनीत कौर गुलाटी**
**अग्रसेन भवन के पास अमर निवास कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान**
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली-110067
आरोग्यम् सुखसम्पदा

**शुद्धिपत्र**

समाचार पत्र में प्रकाशित निदेशक, एनआईएचएफडब्ल्यू, पद की रिक्ति सूचना संख्या. ए-12043/3/2024-प्रशा. I के संदर्भ मे सूचित किया जाता है की आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 05.05.2025 से बढ़ाकर 26.05.2025 (सोमवार) कर दी गई है।

cbc17153/12/0001/2526
निदेशक, एनआईएचएफडब्ल्यू

**न्यायालय तहसीलदार बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / 13/ अ-19/ 2024-25
ग्राम-ढनढनी, प.ह.नं. 05,
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संस्था महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम ढनढनी, तहसील बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 10/2, 27/1, 42, 145, 147, 149, 158/2, 161/1, 162 में से रकबा 0.28ए., 1.00ए., 0.16ए., 0.80ए., 0.63ए., 0.24ए., 0.04ए., 0.07ए., 0.11ए. कुल ख.नं. 09 कुल रकबा 3.33 ए. भूमि उद्योग विभाग के नाम पर हस्तांतरण करने आवेदन पत्र अपर कलेक्टर महो. कोरबा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समिति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 16/05/2025 तक न्यायालयीन समय में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**स्थान:- बरपाली**
**दिनांक:- 24/04/2025**
सील
**तहसीलदार**
**बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / 14/ अ-19/ 2024-25
ग्राम-सरगबुंदिया, प.ह.नं. 05,
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संस्था महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम सरगबुंदिया, तहसील बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 173, 595, 651 में से रकबा 0.20 ए., 0.05ए., 0.09ए., कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.34 ए. भूमि उद्योग विभाग के नाम पर हस्तांतरण करने आवेदन पत्र अपर कलेक्टर महो. कोरबा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समिति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 16/05/2025 तक न्यायालयीन समय में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**स्थान:- बरपाली**
**दिनांक:- 24/04/2025**
सील
**तहसीलदार**
**बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम अधार बाई (ADHAR BAI) पति स्व. नेतुल राम (NETUL RAM) अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम भूरी बाई मनहर (BHURI BAI MANHAR) पति स्व. नेतुल राम (NETUL RAM) निवासी वार्ड नं. 07, ग्राम विद्याडीह सतनामीपारा पोस्ट ओखर मस्तूरी बिलासपुर (छ.ग.) 495551 रख ली हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम भूरी बाई मनहर (BHURI BAI MANHAR) पति स्व. नेतुल राम (NETUL RAM) से जाना एवं पहचाना जाये।

**भूरी बाई मनहर**
**(BHURI BAI MANHAR)**
वार्ड नं. 07, ग्राम विद्याडीह सतनामीपारा पोस्ट-ओखर मस्तुरी बिलासपुर (छ.ग.) 495551

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा), जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/1214/आवि./प्रयास/2025-26 रायगढ़,दिनांक 09/05/2025

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय रायगढ़ में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टि की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से 09.06.2025 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 168269 | आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वा, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टि की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाईन ''रूचि की अभिव्यक्ति'' (वर्ष 2025-26) आमंत्रण। |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते हैं।

जी- 252600779/3
**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास रायगढ**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा संशोधन सूचना क्रमांक 01 (जी क्रमांक 252600487/ 1, 2)**

आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक 01 एवं 02 दिनांक 22.04.2025 की समस्त तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| पूर्व निर्धारित तिथि | | | | संशोधित तिथि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि | एम.आर. काटकर निविदा प्रपत्र जारी तिथि | निविदा स्पीडपोस्ट प्रस्तुत करने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि | आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि | एम.आर. काटकर निविदा प्रपत्र जारी तिथि | निविदा स्पीडपोस्ट प्रस्तुत करने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
| 12.05.2025 | 14.05.2025 | 16.05.2025 (अपरान्ह 03:00बजे तक) | 16.05.2025 (अपरान्ह 04:00बजे पश्चात्) | 19.05.2025 | 20.05.2025 | 23.05.2025 (अपरान्ह 03:00बजे तक) | 23.05.2025 (अपरान्ह 04:00बजे पश्चात्) |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

जी- 252600843/1
**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग रायगढ़ (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक- 300/NIT/-01/2025-2026 व ले लि — दिनांक : 10/05/2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 02-06-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 10-06-2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 12-06-2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि :- 31-08-2025 वर्षा ऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत :- 750/- रूपये
निविदाकारों की श्रेणी :- ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|
| 01 T0001 | उपसंभाग रायगढ़ के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 01 T0002 | उपसंभाग सक्ती के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 01 T0003 | उपसंभाग सारंगढ़ के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 01 T0004 | उपसंभाग कोरबा के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 01 T0005 | उपसंभाग रायगढ़ के अंतर्गत एयर कंडीशनर का प्रदाय, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग एवं मरम्मत कार्य | 10.00 | 7500.00 |
| 01 T0006 | उपसंभाग कोरबा के अंतर्गत एयर कंडीशनर का प्रदाय, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग एवं मरम्मत कार्य | 10.00 | 7500.00 |

**नोटः-**
1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा-2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बड़े लिफाफा-1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./ एफ.डी.आर.) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के साथ जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है।
5. वित्तीय वर्ष 2024-25 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. ईपीएफ नंबर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/ pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी- 252600785/1
**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (वि/यां)**
**संभाग रायगढ (छ.ग.)**

# देश

उवाच

"संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग इसलिए जरूरी है कि ताकि पूरी दुनिया को एक स्वर में संदेश दिया जाए कि हमारे राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष टिप्पणी करेगा, तो देश इसे स्वीकार नहीं करेगा।

–मनोज झा, आरजेडी नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 4[illegible] | 3[illegible] |
| मुंबई | 33 | 29 |
| कोलकाता | 34 | 29 |
| चेन्नई | 33 | 3[illegible] |

# मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर देशद्रोह का प्रकरण हो दर्ज : कांग्रेस

## कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध में आपत्तिजनक बयान पर मोदी को लिखा पत्र

**भोपाल**, 14 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और सेना की महिला अधिकारी के लिए दिए गए आपत्तिजनक और अमर्यादित बयान के संबंध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखते हुए मंत्री शाह को बर्खास्त करने और उन पर देशद्रोह का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

पटवारी ने अपने पत्र में कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में दिया गया बयान, न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि भारतीय सेना की गरिमा, देश की एकता और सामाजिक सद्भाव पर भी खुला हमला है। यह बयान विजय शाह की संकीर्ण मानसिकता, सांप्रदायिक विद्वेष और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का भी नमूना है, जो उन्हें एक जनप्रतिनिधि, विशेषकर मंत्री के पद के लिए पूरी तरह अयोग्य सिद्ध करता है। उन्होंने मांग की कि मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ देशद्रोह सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही वे कर्नल सोफिया कुरैशी से सार्वजनिक माफी



विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की कार्रवाई नहीं की गई तो मध्य प्रदेश कांग्रेस व्यापक आंदोलन शुरू करेगी : जीतू पटवारी

मांगें। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश कांग्रेस पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन शुरू करेगी। पटवारी ने श्यामला हिल्स थाना प्रभारी को संबोधित शिकायत में लिखा है कि चूंकि मंत्री विजय शाह उन्हीं के थाना क्षेत्र में निवास करते हैं, इसलिए वे शाह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करें। ऐसा होने पर विजय शाह के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई हो सकेगी। पटवारी के साथ प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी जे.पी. धनोपिया, विधायक आरिफ मसूद, पी सी शर्मा, मानक अग्रवाल, मुकेश नायक और अन्य नेता भी थाने पहुंचे। विजय शाह का एक वीडियो कल से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वे बेहद आपत्तिजनक बयान देते हुए सुने जा रहे हैं। यह वीडियो इंदौर जिले के महू विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक कार्यक्रम का बताया गया है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने भी संज्ञान लिया है और अब विजय शाह अलग थलग पड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस बीच उनके मंत्री पद से त्यागपत्र की अटकलें सामने आने लगी हैं। सोफिया कुरैशी मामले में मंत्री विजय शाह के खिलाफ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश के बाद मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि अब राज्य पुलिस अदालत के आदेश के अनुरूप वैधानिक कदम उठाएगी। इसके साथ ही उनका मंत्री पद भी जाना तय माना जा रहा है। वे अक्सर विवादास्पद बयान देते रहते हैं।

पटवारी ने आवेदन पत्र में लिखा है कि विजय शाह ने देश की महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया के संदर्भ में जो बयान दिया है, वह देश की एकता, अखंडता को बिगाड़ने का कृत्य है। इस वजह से देशवासी दुखी और आक्रोशित हैं।

### मंत्री के खिलाफ पुलिस में कराई शिकायत दर्ज



**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मीडिया के समक्ष आने वालीं भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में अत्यंत आपत्तिजनक और शर्मनाक बयान देने वाले मध्य प्रदेश के जनजातीय कल्याण मंत्री विजय शाह के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की मांग को लेकर यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल श्यामला हिल्स थाने पहुंचा। पटवारी ने पुलिस को विधिवत आवेदन देकर मंत्री विजय शाह के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

## नीतीश ने मंजू सिन्हा को दी श्रद्धांजलि



**पटना**, 14 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपनी धर्मपत्नी मंजू कुमारी सिन्हा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कुमार ने बुधवार को यहां कंकड़बाग स्थित मंजू सिन्हा स्मृति पार्क में स्व. मंजू कुमारी सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वह अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा (हरनौत) पहुंचे, जहां स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका में भी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अपनी माता स्व. परमेश्वरी देवी और पिता स्व. कविराज रामलखन सिंह की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके पुत्र निशांत कुमार, बड़े भाई सतीश कुमार और अन्य परिजन भी मौजूद थे। कुमार ने इस दौरान गांव के देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा, विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया एवं जितेन्द्र कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

## कश्मीर मुद्दे पर मोदी सरकार की कूटनीतिक नाकामी : भाकपा-माले

### भाजपा को इसके लिए मांगनी चाहिए देश से माफी : मनोज भक्त



**रांची**, 14 मई (एजेंसियां)। झारखंड में भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तीसरे पक्ष के बतौर हस्तक्षेप का मौका देकर शर्मनाक काम किया है। भक्त ने बुधवार को यहां कहा कि यह मोदी सरकार की कूटनीतिक नाकामी है। भाजपा को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा को देश में माफी यात्रा निकालनी चाहिए क्योंकि शिमला समझौते का उल्लंघन भारत के लिए विश्वमंच पर रणनीतिक क्षति है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ भाजपा पोषित ट्रोल सेना और इसके मंत्री ने अनर्गल और अपमानजनक वक्तव्य जारी किए हैं। इनके खिलाफ अविलंब कार्रवाई की जानी चाहिए थी। यहां तक कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री और उनके परिवार वालों के खिलाफ भाजपा आइटी सेल के लोगों ने गालियों और अभद्र टिप्पणियों द्वारा सोशल मीडिया में मोर्चा ही खोल दिया। यह आश्चर्यजनक नहीं है कि न मोदी, न उनकी सरकार और न ही उनकी पार्टी की ओर से किसी ने देश के लिए प्रतिबद्ध कर्नल सोफिया कुरैशी और विक्रम मिस्त्री से सार्वजनिक माफी मांगी है और ट्रोल-अपराधियों की निंदा की है। भक्त ने कहा कि मोदी सरकार के संरक्षण में गोदी मीडिया ने पूरे ऑपरेशन के दौरान झूठी खबरें और उन्माद परोसते रहे। गोदी मीडिया ने भारत की दुनिया भर में जगहंसाई की और सेना के बार-बार के स्पष्टीकरण के बावजूद युद्ध संबंधित झूठे दावे फैलाते रहे। भाजपा की केंद्र सरकार गोदी मीडिया के खिलाफ कार्रवाई के बजाय तथ्यपरक पत्रकारिता करनेवाले द वायर, 4 पीएम जैसे चैनलों और यूट्यूबरों पर कार्रवाई करती रही है। विपक्ष के एकजूट सहयोग के बावजूद भाजपा ऐसे अवसरों में भी अपनी क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों में लिप्त रही। यह उचित होगा कि भाजपा और उसकी सरकार अपने आचरण के लिए देश से माफी मांगे।

## सार संक्षेप

### उधमपुर, कठुआ के कुछ हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान फिर खुले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य होने के साथ ही उधमपुर और कठुआ जिले के कुछ हिस्सों सहित गैर-सीमावर्ती क्षेत्रों में बुधवार को सभी शैक्षणिक संस्थान फिर से खुल गए। नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया था और करीब एक सप्ताह बाद शैक्षिणिक संस्थानों को बुधवार को फिर से खुल दिया गया।

### गुजरात पुलिस को और चौकस बनाने के लिए दो पोर्टल लांच

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पुलिस को और चौकस बनाने के उद्देश्य से दो पोर्टल लांच किए। पटेल ने गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में इंटेलिजेंस, सर्विलांस और दृढ़ विश्वास के लिए समयानुकूल बदलाव लाते हुए स्ट्रीट स्पेस से लेकर साइबर स्पेस तक अपराध पर अंकुश लगाने के वास्ते गुजरात पुलिस को और चौकस बनाने के उद्देश्य से दो पोर्टल लांच किए हैं।

### पूर्वोत्तर के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार से तीन दिन की पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और असम, मिजोरम एवं नागालैंड में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि दौरे के दौरान कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह किसानों तथा स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे। चौहान 29 मई से शुरू होने वाले देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान में राज्यों की सहभागिता पर चर्चा करेंगे।

### बढ़ते कर्ज के कारण परिवार के चार सदस्यों ने आत्महत्या की

**चेन्नई।** तमिलनाडु में त्रिची जिले के मेलमल्लकंदर कोट्टई गांव में एक आभूषण दुकान के मालिक ने बढ़ते कर्ज के कारण पत्नी और दो बेटियों के साथ बुधवार को कथित आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतकों की पहचान एलेक्स, उनकी पत्नी विक्टोरिया और उनकी नौ और तीन साल की बेटियों के रूप में हुई है। एलेक्स को अपने व्यवसाय में बढ़ते घाटे का सामना करना पड़ा, जिससे उस पर भारी कर्ज हो गया। इससे परेशान एलेक्स ने बेटियों को जहर दे दिया और बाद में पत्नी के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह जब उनके घर का दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला, तो पड़ोसियों को संदेह हुआ कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे तोड़े और चारों को मृत पाया।

## राजस्थान में जयपुर की यात्रा पर रहेंगे धनखड़

**नई दिल्ली**, 14 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को राजस्थान में जयपुर की यात्रा पर रहेंगे और 'भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय' का उद्घाटन करेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को यहां बताया कि धनखड़, धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ जयपुर के दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान धनखड़ जयपुर में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि के अवसर पर 'भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय' का उद्घाटन करेंगे। शेखावत 19 अगस्त, 2002 से 21 जुलाई, 2007 तक देश के 11वें उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति के रूप में कार्यरत रहे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन का आरंभ वर्ष 1952 में राजस्थान विधानसभा के सदस्य के रूप में किया और कालांतर में वह तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री बने। शेखावत की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए धनखड़ विशेष विमान से दिल्ली से जयपुर के लिए रवाना होंगे। इस कार्यक्रम के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संसद सदस्य मदन राठौर और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।



भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय का करेंगे उद्घाटन

## पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष के दौरान अब तक बिहार के चार जवान हुए शहीद

**पटना**, 14 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष के दौरान अब तक बिहार के चार जवान शहीद हो चुके है। जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी के दौरान बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गए। वो छपरा के रहने वाले थे। वही सीवान के रहने वाले आर्मी जवान रामबाबू सिंह ने सीमा की सुरक्षा करते शहीद हो गए। जबकि छत्तीसगढ़ में पोस्टेड जहानाबाद के रहने वाले सौरभ भी शहीद हो गए हैं। बीमारी के कारण सौरभ की मौत की बात कही जा रही है। देश के लिए अपनी जान गंवाने वालों में बिहार के एक और लाल का नाम शामिल हो गया। जो नवादा के कोआकोल के रहने वाले आर्मी जवान मनीष कुमार हैं। इनकी ड्यूटी जम्मू-कश्मीर की सीमा पर लगी थी। शहीद के पिता को सेना के कर्नल ने बेटे की शहादत की जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। शहीद मनीष कुमार के पार्थिव शरीर को गुरुवार को नवादा स्थित उनके पैतृक गांव में लाया जाएगा। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी के दौरान बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गए थे। मोहम्मद इम्तियाज बिहार के छपरा के रहने वाले थे। सीमा की सुरक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी। वही सीवान के रहने वाले आर्मी जवान रामबाबू सिंह भी सीमा की सुरक्षा करते और दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए। वही शहीद सौरभ छत्तीसगढ़ में पोस्टेड थे,जो बिहार के जहानाबाद के रहने वाले थे। बीमारी के कारण उनका निधन हो गया था। जिसकी खबर सुनते ही तेजस्वी यादव बुधवार को शहीद के पैतृक गांव लोदीपुर पहुंचे।



■ पैतृक गांव लाया जाएगा शहीद मनीष कुमार का पार्थिव शरीर

### आर्मी नर्सिंग असिस्टेंट के पद पर थे कार्यरत मनीष

मिली जानकारी के अनुसार शहीद मनीष आर्मी नर्सिंग असिस्टेंट के पोस्ट पर कार्यरत थे। लेकिन भारत और पाकिस्तान के तनाव के बीच उसकी ड्यूटी जम्मू-कश्मीर की सीमा पर लगी थी। सेना के कर्नल ने शहीद के पिता को इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। यह रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। नवादा के रहने वाले मनीष की शादी दो महीने पहले पांडेय गंगौट गांव में धूमधाम के साथ हुई थी। शादी के बाद वो ड्यूटी पर लद्दाख चले गए थे। मनीष की मौत की खबर मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। पूरा गांव सदमे में डूब गया। मृतक की पत्नी और परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अरुणाचल में भारी वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**ईटानगर**, 14 मई (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में बुधवार सुबह से जारी भारी वर्षा के कारण सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि ईटानगर क्षेत्र में आज सुबह से ही लगातार भारी बारिश हो रही है। यहां वर्षा अगले दो दिनों तक जारी रहने के अनुमान है। भारी वर्षा से संवेदनशील इलाकों में संभावित भूस्खलन और अचानक बाढ़ के भी आसार हैं। मौसम अधिकारियों ने निवासियों को सतर्क रहने और संभावित भूस्खलन क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है। इस बीच, मंगलवार को यिंगकिओंग में उपर सीआंग जिले की मॉनसून तैयारी को लेकर उपायुक्त तालो जेरांग की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आपदा संभावित क्षेत्रों की पहचान, विभागों के बीच समन्वय, संसाधन और जनशक्ति मूल्यांकन, व जनजागरूकता जैसे मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान, जिलाधिकारी ने औपचारिक रूप से जिला आपदा प्रबंधन योजना 2025-26 का शुभारंभ किया।

## बिहार में अब सरकारी जमीन का ऑनलाइन रिकॉर्ड अनिवार्य

### सभी विभागों को भूमि दस्तावेज अपलोड करने के निर्देश



**पटना**, 14 मई (देशबन्धु)। बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी सरकारी विभागों को प्राप्त भूमि का ऑनलाइन दाखिल-खारिज और जमाबंदी दर्ज कराने को अनिवार्य बताया और जमीन के दस्तावेज को पोर्टल पर अपलोड कराने का निर्देश दिया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मंगलवार को उनकी अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई महत्वपूर्ण बैठक में बताया कि विभाग ने 'गवर्नमेंट लैंड म्यूटेशन पोर्टल' शुरू किया है, जहां सभी सरकारी विभागों को अपनी प्राप्त भूमि का ऑनलाइन दाखिल-खारिज और जमाबंदी दर्ज कराना अनिवार्य है। उन्होंने सभी संस्थानों से कहा कि जिन जमीनों का हस्तांतरण या अधिग्रहण हुआ है, उनके सभी जरूरी दस्तावेज पोर्टल पर जल्द अपलोड किए जाएं।

### पूर्णिया और बिहटा में मिली भूमि का आंशिक दाखिल-खारिज

बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने बताया कि पूर्णिया और बिहटा में मिली भूमि का आंशिक दाखिल-खारिज हो चुका है, शेष प्रक्रिया जारी है। रेलवे, दूरसंचार, बियाडा, एम्स दरभंगा और पटना के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। इसके समाधान के लिए तय हुआ कि संबंधित विभागों के जानकार अधिकारियों को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ विभाग में बुलाया जाएगा और उसी दिन ऑनलाइन दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## आंध्र प्रदेश विधान परिषद की उपसभापति भाजपा में शामिल

**विजयवाड़ा**, 14 मई (एजेंसियां)। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) नेता और आंध्र प्रदेश विधान परिषद की उपसभापति जकिया खानम बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दग्गुपति पुरंदेश्वरी ने यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सुश्री खानम को भाजपा का पटका ओढ़ाकर पार्टी में शामिल किया। भाजपा में शामिल होने से पहले खानम ने परिषद की उपसभापति के पद से इस्तीफा दे दिया।

भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद डी. पुरंदेश्वरी ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के साथ आगे बढ़ रही है। खानम का भाजपा में शामिल होना अल्पसंख्यकों के भाजपा में विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने पहलगाम नरसंहार के प्रतिशोध में पाकिस्तान को करारा सबक सिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री वाई सत्य कुमार यादव, भाजपा के प्रदेश महासचिव एन रमेश नायडू और राज्य किसान मोर्चा के अध्यक्ष चिगुरुपति

## राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने संबंधी याचिका खारिज

**लखनऊ**, 14 मई (देशबन्धु)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने की मांग करने वाली जनहित याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया। याचिका में गांधी की नागरिकता के मुद्दे के लंबित रहने के दौरान उनके विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई थी। गौरतलब है कि गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली सामाजिक कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर द्वारा दायर यह तीसरी याचिका है। उनकी पिछली याचिकाओं को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। हालांकि, कोर्ट ने शिशिर को उनकी दूसरी याचिका पर पांच मई को पारित पहले के आदेश की समीक्षा दायर करने की स्वतंत्रता के साथ वर्तमान याचिका वापस लेने की अनुमति दी थी। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे के संबंध में दायर नई जनहित याचिका पर बुधवार को आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार के समक्ष एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है, और अदालत तब तक इस क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकती जब तक कि उसके समक्ष कुछ कानूनी रूप से उचित प्रस्तुत न किया जाए। अंततः, अदालत ने शिशिर को पिछले आदेश की समीक्षा दायर करने की स्वतंत्रता के साथ वर्तमान याचिका वापस लेने की अनुमति दी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके पास एक वीडियो है जिसमें गांधी ब्रिटिश पासपोर्ट के साथ वियतनाम में प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यूके सरकार ने पासपोर्ट भारत सरकार को भेजा था।



विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई थी

चिंता | *ऑपरेशन सिंदूर के बाद डर के साए में जीने को मजबूर सीमावासी*

# पाक गोलाबारी ने जिन्दगी व मौत के बीच के फासले को किया कम

**जम्मू, 14 मई (देशबन्धु)। यहां जिन्दगी और मौत के बीच कोई अंतर नहीं है। अगर मौत पाक गोलीबारी देती है तो पलायन भी जिन्दगी नहीं देता। बस मौत का साम्राज्य है। ऐसा साम्राज्य जिसके प्रति अब यह कहा जाए कि वह अमर और अजय है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इस साम्राज्य पर**

शासन करने वाले हैं तोप के गोले और उनकी रानियां हैं बंदूकों की नलियों से निकलने वाली गोलियां। कोई फासला भी नहीं है यहां जिन्दगी और मौत के बीच। अभी आप खड़े हैं और अभी आप कटे हुए वृक्ष की तरह ढह भी सकते हैं। आपको ढहाने के लिए सीमा के उस पार से मौत बरसाई जाती है। खेतों में जाना या फिर नित्यकर्म के लिए खेतों का इस्तेमाल तो भूल ही जाइए। घरों के भीतर भी बाथरूम का इस्तेमाल डर के कारण लोग नहीं करते। ऐसा इसलिए कि कहीं गोली दीवार को चीर कर आपके शरीर में घुस गई तो आपकी क्या स्थिति होगी। यह सच है प्रतिदिन लोग मौत का सामना कर रहे हैं। रात को जमीन पर सोने के बजाय बंकर में सोने पर मजबूर हैं सीमावासी। हालांकि अब वहां भी खतरा बढ़ा है।

मोर्टार के इस्तेमाल के उपरांत बंकर में ही कहीं दफन न हो जाएं इसी डर से रात कहीं तथा दिन कहीं ओर काटने का प्रयास कर रहे हैं उन गांवों के लोग यहां पाक गोलाबारी ने जिन्दगी और मौत के बीच के फासले को कम कर दिया है। एलओसी पर तो 1947 के पाकिस्तानी हमले के उपरांत ही जिन्दगी और मौत के बीच फासला कम होने लगा था और आज 78 सालों के उपरांत वहां के निवासी आदी हो गए हैं। लेकिन जम्मू फ्रंटियर की जनता के लिए भी यह नया नहीं है। वे भी अब इसके अभ्यस्त होने लगे हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय सीमा होने के कारण वे अभी भी इसी धोखे में हैं कि पाकिस्तान यह सब करना छोड़ देगा। परंतु सैनिकों को विश्वास नहीं है। 'पाकिस्तान इसे वर्किंग बाउंडरी कहने लगा है 1995 के बाद, से तो वह कैसे ऐसा करेगा, एक सीमा चौकी पर हथियारों की सफाई में जुटे सूबेदार ने कहा था। उसकी पलाटून को सीमा सुरक्षा बल के जवानों की सहायता के लिए तैनात किया गया था। वैसे एक अन्य अधिकारी के शब्दों में अब तो एलओसी और आईबी में कोई खास अंतर नहीं रह गया है सिवाय नाम के। गोली वहां भी चलती है यहां भी। मोर्टार यहां भी चलते हैं वहां भी।' अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मौत का खेल वर्ष 1995 में आरंभ हुआ था। जब भारत सरकार ने आतंकियों की घुसपैठ तथा हथियारों की तस्करी को रोकने की खातिर इस 264 किमी लंबी सीमा पर तारबंदी करने की घोषणा की तो पाकिस्तान चिल्ला उठा। उसकी चिल्लाहट में सिर्फ स्वर ही नहीं था बल्कि बंदूक की गोलियों की आवाज भी थी।



■ वर्ष 1995 में आरंभ हुआ था अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मौत का खेल

देशबन्धु



बिलासपुर, गुरूवार 15 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# देश के नए मुख्य न्यायाधीश पर जिम्मेदारी

जस्टिस भूषण रामकृष्ण (बी आर) गवई ने देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में बुधवार को शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण से पहले ही उनके निजी जीवन के अनसुने किस्से खबरों में आने लगे। सूचना विस्फोट के दौर में यही होता है कि किसी व्यक्ति पर सुर्खी बनाने से पहले उसके बारे में छोटी सी छोटी बात को भी खबरों में शामिल किया जाता है। इसी सिलसिले में बताया गया कि जस्टिस बीआर गवई बौद्ध धर्म को मानने वाले पहले और अनुसूचित जाति से आए दूसरे मुख्य न्यायाधीश हैं। उनकी नियुक्ति को ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक दोनों बताया गया, क्योंकि यह न्यायपालिका द्वारा पोषित समावेशिता और संवैधानिक नैतिकता के मूल्यों की प्रतीक है। पहली नजर में इस बात में कुछ अटपटा नजर नहीं आता। बल्कि सुखद गौरव वाली बात लगती है कि एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति को देश की न्यायपालिका का शीर्ष स्थान मिला है। लेकिन थोड़ा गहराई से सोचें तो इसमें समाज का खोखलापन और संविधान के प्रति आस्था का दिखावा ही नजर आएगा। क्योंकि संविधान में मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन होने के लिए जो योग्यताएं बताई गई हैं, उनमें कहीं भी जाति या धर्म का जिक्र नहीं है। मगर हम फिर भी इसे रेखांकित कर रहे हैं और इसे समावेशिता, संवैधानिक नैतिकता का प्रतीक बता रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि हमने संविधान का असली भाव ग्रहण ही नहीं किया है। अगर किया होता तो इस बात पर गौर ही नहीं किया जाता कि मुख्य न्यायाधीश की आसंदी पर बैठने वाला शख्स किस जाति और धर्म का है। जस्टिस गवई के बारे में चर्चा करना ही है तो उनके अब तक के किए गए फैसलों पर की जा सकती है। या उनके निजी जीवन का यह पहलू कि वे अमरावती में नगरपालिका के विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा हासिल करके इस मुकाम तक पहुंचे हैं। ऐसी बातें निस्संदेह प्रेरणा देती हैं।

जस्टिस बी आर गवई ऐसे समय में प्रधान न्यायाधीश बने हैं, जब देश में संसद बनाम सुप्रीम कोर्ट के वर्चस्व का अप्रिय विवाद खड़ा हुआ है। ऐसा नहीं है कि संसद और सुप्रीम कोर्ट में सर्वोच्चता को लेकर पहले बहस नहीं छिड़ी, लेकिन ध्यान देने वाली बात यह है कि पिछले 11 सालों में न्यायपालिका को लेकर कई ऐसे विवाद खड़े हुए, जो इससे पहले कभी नहीं हुए। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों ने आजादी के बाद के इतिहास में पहली बार प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी व्यथा व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सेवानिवृत्त होने के बाद राज्यसभा के सांसद बने। हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश ने संघ के प्रति अपना झुकाव दिखाया और गांधी या गोडसे में किसी एक को चुनने के सवाल पर सोचने का वक्त मांगा। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने राम मंदिर के फैसला देने से पहले देवी के सामने बैठकर चिंतन करने की बात कबूली। ऐसे कई वाकये एक के बाद एक हुए, जिनसे न्यायपालिका पर भी उंगली उठी और आम आदमी को इसमें अपना नुकसान नजर आया। क्योंकि अदालतों में मामले चाहे जितने लंबे खिंचे, चाहे कितनी बार तारीख पर तारीख वाला संवाद बोलकर अपनी मुश्किल जाहिर की जाए, लेकिन फिर भी देश के आम नागरिक का न्यायपालिका पर अटूट भरोसा था कि उसके रहते संविधान की रक्षा होगी और नागरिक हितों की भी। इंसाफ देर से ही सही लेकिन मिलेगा और सुप्रीम कोर्ट जो फैसला लेगा वह देशहित, जनहित और संविधान की कसौटी पर ही लेगा। लेकिन जब से न्यायपालिका को लेकर विवादास्पद खबरें आईं, लोगों का भरोसा कहीं न कहीं हिल गया।

ऐसे माहौल को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे जैसे लोगों की बेतुकी टिप्पणियों ने और संगीन कर दिया, जब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कर्तव्यनिष्ठा पर ही सवाल उठाए गए। याद कीजिए कि वक्फ संशोधन अधिनियम पर दायर याचिकाओं पर जब जस्टिस संजीव खन्ना ने फैसला सुनाया तो भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बयान दिया था कि 'इस देश में जितने गृहयुद्ध हो रहे हैं, उसके ज़िम्मेदार केवल यहां के चीफ़ जस्टिस ऑफ़ इंडिया संजीव खन्ना साहब हैं।' इतनी बेहूदी टिप्पणी कभी किसी मुख्य न्यायाधीश पर नहीं हुई, लेकिन भाजपा ने अब तक इसके लिए अपने सांसद को कोई सजा नहीं दी है।

वक्फ संशोधन अधिनियम पर कम से कम एक दर्जन याचिकाएं दाखिल हुई हैं, जिन पर अभी सुनवाई होना और फैसला आना बाकी है, लेकिन इससे पहले जब सुनवाई हुई तो जस्टिस खन्ना ने केंद्र का जवाब आने तक आदेश दिया था कि कोई भी वक्फ संपत्ति गैर अधिसूचित नहीं की जाएगी, यानी यथास्थिति बहाल रहेगी। इसी पर भाजपा सांसद को शायद तकलीफ हो गई। वैसे पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना का कार्यकाल महज छह महीनों का ही रहा, लेकिन इसमें उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए। जैसे उपासना स्थल क़ानून में मंदिर मस्जिद विवाद के नए मामलों पर अंतरिम रोक का आदेश दिया था। संभल की मस्जिद समेत कई धार्मिक स्थलों पर विवाद पिछले दिनों खड़े हुए और हर आए दिन नए-नए मामले अदालत पहुंच रहे थे। ऐसे में अपने आदेश में जस्टिस खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि जब तक पुराने मामलों की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी नहीं होती तब तक कोई अदालत इन मुद्दों पर कोई क़दम नहीं उठा सकता और न ही कोई नए मामले दाख़िल कर सकता है। ऐसे फ़ैसले की मांग मुस्लिम पक्ष के साथ कई और लोग बहुत समय से कर रहे थे।

इसके अलावा संविधान की प्रस्तावना को बदलने की मांग वाली याचिकाएं जस्टिस खन्ना ने खारिज की थीं। उनके कार्यकाल में ही जस्टिस यशवंत वर्मा के घर अधजले नोटों के बरामद होने का मामला भी सामने आया। वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर यादव की मुसलमानों को लेकर कथित हेटस्पीच का मामला भी उठा। यानी राजनैतिक और धार्मिक विवादों के साथ-साथ न्यायपालिका के भीतर उठे विवाद भी जस्टिस खन्ना के कार्यकाल का हिस्सा बने। उन्हीं के कार्यकाल में अप्रैल में फैसला लिया गया कि सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों को अपनी संपत्ति की जानकारी भारत के चीफ़ जस्टिस को देनी होगी और यह जानकारी कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रकाशित की जाएगी। अब तक, सुप्रीम कोर्ट जज अपनी संपत्ति की जानकारी सिर्फ़ चीफ़ जस्टिस को सौंपते थे। उसे वेबसाइट पर डालना ज़रूरी नहीं था।

कहा जा सकता है कि अपनी तरफ से भरपूर पारदर्शिता जस्टिस खन्ना ने बरती और अपना संक्षिप्त कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया। सबसे अहम बात यह है कि उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वे सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद नहीं लेंगे। आज के वक्त में ऐसी घोषणाएं व्यक्ति के किरदार की ऊंचाई दिखा देती हैं। अब जस्टिस खन्ना के बाद मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर न्यायपालिका की साख और देश के नागरिकों की उम्मीदों को जिंदा रखने की जिम्मेदारी आई है।

# भाजपा के भस्मासुर पीछे लग गए हैं

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

भाजपा ने अपने वोट बढ़ाने के लिए जिस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को हथियार बनाया था और इसके लिए अपनी एक अघोषित सेना तैयार की थी, अब वही सेना भस्मासुर बनकर भाजपा के पीछे लग गई है। इसकी ताजा मिसाल मध्यप्रदेश से आई है। जहां भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने एक बेहद अशिष्ट, अभद्र और अशोभनीय टिप्पणी कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए की थी। जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह सोमवार को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बेहद घटिया बयान दे दिया। जिसका वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ। वीडियो में उन्होंने इतनी निर्लज्जता भरी टिप्पणी कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए की कि यहां उसे दोहराना कर्नल सोफिया की बेकद्री ही मानी जाएगी, लेकिन टिप्पणी का सार यही था कि धर्म के कारण उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध आतंकवादियों से जोड़े थे। ऐसा करते हुए विजय शाह को यह उम्मीद रही होगी कि सरदार उन्हें शाबासी देगा। लेकिन अब सरदार को भी समझ आ गया है कि मामला पूरा उल्टा पड़ गया है। इसलिए सरदार और उनके सिपहसालार अब मामले को संभालने में लग गए हैं।

खुद विजय शाह को समझ आ गया कि इस समय सांप्रदायिक सेना का कोई सिपाही साथ खड़ा नहीं होगा, तो उन्होंने माफी मांग ली, लेकिन ये माफी काफी नहीं मानी जा रही है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को इस मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए आदेश दिया कि 4 घंटों के भीतर विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। और इस पर सोमवार को सुनवाई भी होनी है। इधर कांग्रेस ने मंगलवार को ही विजय शाह के घर के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत तमाम नेताओं ने इस मामले की कड़ी भर्त्सना की। भाजपा के दोहरे रवैये पर सवाल उठाए, तो अब भाजपा नेतृत्व चौकन्ना हो गया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने खुद संज्ञान लिया और मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा ने विजय शाह को तलब किया, जिसकी एक तस्वीर सामने आई है जिसमें विजय शाह हवाई चप्पलों में ही प्रदेश अध्यक्ष के सामने बैठे हैं। उन्होंने मीडिया के सामने भी कहा कि मैं बहन सोफिया से हजार बार माफी मांग सकता हूं।

कल तक जिन्हें आतंकवादियों की बहन बता रहे थे, अब श्री शाह उन्हें अपनी बहन बता रहे हैं। लेकिन यह कोई ह्रदय परिवर्तन नहीं है, यह केवल मौके की नज़ाकत भांप कर दिया गया बयान लग रहा है। क्योंकि असल में तो देश का पूरा माहौल ही इस कदर नफरत और सांप्रदायिकता से भरा बना दिया गया है कि कदम- कदम पर मुसलमानों से उनकी देशभक्ति के सबूत मांगे जाते हैं। अगर कोई कहीं नमाज पढ़ते दिख जाए तो उसे संदेह की नजर से देखा जाता है। अभी एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक व्यक्ति ट्रेन में अपनी सीट पर बैठकर नमाज़ पढ़ रहा है और उसके सहयात्रियों में से एक चुपके से उसका वीडियो बना रहा है मानो उसने कोई अपराध किया हो। मोदी के 11 सालों के शासन का निचोड़ अब ऐसी ही जहरीली बूंदों में नजर आ रहा है।

इसलिए विजय शाह अब चाहे सोफिया कुरैशी को बहन का संबोधन दें या भाजपा नेता कर्नल सोफिया कुरैशी के घर जाकर उन्हें देश की बेटी बताएं, भाजपा की असलियत उजागर हो ही चुकी है। विजय शाह का मामला एकदम ताजा है और उस समय सामने आया जब प्रधानमंत्री मोदी युद्धविराम के ऐलान के बाद अपनी सरकार की मजबूती बताने में लगे थे, इसलिए इस समय भाजपा किसी किस्म का नुकसान नहीं देखना चाहती तो उसने अपने मंत्री को माफी मांगते हुए दिखा दिया।

> कल तक जिन्हें आतंकवादियों की बहन बता रहे थे, अब श्री शाह उन्हें अपनी बहन बता रहे हैं। लेकिन यह कोई ह्रदय परिवर्तन नहीं है, यह केवल मौके की नज़ाकत भांप कर दिया गया बयान लग रहा है। क्योंकि असल में तो देश का पूरा माहौल ही इस कदर नफरत और सांप्रदायिकता से भरा बना दिया गया है कि कदम- कदम पर मुसलमानों से उनकी देशभक्ति के सबूत मांगे जाते हैं।

लेकिन ध्यान दें तो पहलगाम हमले के बाद भी भाजपा का सांप्रदायिक चेहरा दिखा था। भाजपा छत्तीसगढ़ ने ट्वीट किया था कि धर्म पूछा था, जाति नहीं। इसके बाद आतंकी घटना के विरोध के नाम पर देश में मुस्लिमों को प्रताड़ित करने की खबरें आईं। करांची बेकरी में विजयवाड़ा, हैदराबाद आदि शहरों में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, सिर्फ इसलिए क्योंकि बेकरी का नाम पाकिस्तान के शहर करांची पर है। नफरतियों को यह नजर नहीं आया कि यह दुकान किसकी है और क्यों इसका नाम करांची पर रखा गया। वैसे भी नाम कुछ भी हो, क्या किसी निर्दोष की दुकान या प्रतिष्ठान पर हमला करके आतंकवाद खत्म किया जा सकता है, यह सवाल इन अराजक तत्वों से पूछा जाना चाहिए। खैर इन्हें भी पता है कि कितने भी सवाल समाज में शांति और अमन चाहने वाले लोग पूछ लें, जब तक इनके आकाओं का हाथ सिर पर है, कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसलिए ट्रोलर्स ने हिमांशी नरवाल को भी ट्रोल किया और उन पर बेहूदा टिप्पणियां कीं। क्योंकि शहीद विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने केवल यही अपील की थी कि जो कुछ पहलगाम में हुआ उसके लिए देश के अल्पसंख्यकों या कश्मीरियों को निशाना बनाना गलत है। ऐसी नफरत मत दिखाइए।

जिन लोगों के जीवन में केवल नफरत रस का संचार होता है, वे भला ऐसी बात कैसे बर्दाश्त कर सकते थे, लिहाजा उन्होंने हिमांशी नरवाल के चरित्र पर ही कीचड़ उछाल दिया। सांप्रदायिक नफरत से भरे उन्मादी लोगों की यह भी एक खास पहचान है कि जब उन्हें किसी स्त्री का विरोध करना हो तो वे उसके चरित्र को दागदार करने की कोशिश करते हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी के मामले को भी इस एंगल से देखने की जरूरत है।

वैसे जब युद्धविराम करने के फैसले के बारे में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने जानकारी दी, तो ट्रोलर्स ने उन्हें भी निशाने पर ले लिया। उनके साथ-साथ उनकी बेटी के सोशल मीडिया एकाउंट्स पर जाकर ट्रोलिंग की गई। इस शर्मनाक वाकये पर आईएएस एसोसिएशन तो अपने सदस्य के साथ खड़ा नजर आया और उसने एक खिलाफ बयान जारी किया। लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर एक शब्द नहीं कहा। न ही भाजपा की तरफ से कोई अफसोस या चिंता जाहिर की गई कि समाज में कैसे लोगों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे एक अधिकारी को ट्रोल कर रहे हैं, जिसने केवल अपना कर्तव्य निभाया है।

भाजपा ने विजय शाह से माफी जरूर मंगवा ली है, लेकिन उसके रवैये में कोई बदलाव आ गया है, यह खुशफहमी नहीं पालनी चाहिए। भाजपा अब भी पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर का सियासी फायदा लेना चाहती है, इसलिए ये सारा प्रहसन हो रहा है। अगर भाजपा को अफसोस होता तो उसकी तरफ से इस समय यूपीए सरकार को कोसने वाले ट्वीट नहीं किए जाते। कुछ दिन पहले भाजपा ने ट्वीट किया था कि यूपीए सरकार के वक्तए आतंकी हमलों के बाद कुछ नहीं किया गया और मोदीजी ने कितने कड़े कदम अभी उठाए हैं। इसके बाद एक ट्वीट भाजपा की कर्नाटक इकाई की तरफ से हुआ, जिसमें कसाब को बिरयानी खिलाने वाले झूठ को फिर कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल किया गया और लिखा है कि उन्होंने बिरयानी खिलाई, हमने ब्रह्मोस दागी। भाजपा इस समय जिस तरह पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाल रही है और तमाम भाजपा नेता मोदीजी की शान में कसीदे पढ़ते हुए शौर्य रस वाले भाषण दे रहे हैं, यह सब ऑपरेशन सिंदूर को मोदी के खाते में डालने की कोशिश है। यानी सेना का नाम लेकर भी उसे श्रेय न देने का तरीका है।

वैसे मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने आदमपुर एयरबेस पर आपरेशन सिंदूर के लिए सेना की तारीफ करते हुए कहा कि 'आपके इस ऑपरेशन ने न केवल भारत की आत्मरक्षा की क्षमता को दिखाया, बल्कि देशवासियों में एकता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाया।' उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना ने मिलकर पाकिस्तानी सेना को क़रारा जवाब दिया, जिस पर आतंकवादी भरोसा करते थे। वहीं भाषण के आखिरी में सैनिकों के परिवारों को भी धन्यवाद देना मोदीजी नहीं भूले, उन्होंने कहा कि 'आपके परिवार भी इस युद्ध के सच्चे सिपाही हैं। उनकी प्रेरणा और बलिदान के बिना यह संभव नहीं होता।' प्रधानमंत्री ने सैनिकों से यह भी वादा किया कि सरकार उनकी ज़रूरतों को पूरा करने और सेना को और मज़बूत करने के लिए हर संभव क़दम उठाएगी।

इस भाषण के इन हिस्सों को दोहराना इसलिए जरूरी लगा क्योंकि चंद घंटे बीते भी नहीं थे कि विजय शाह ने उसी सेना का अपमान करने वाला बयान दे दिया। अब नरेन्द्र मोदी बताएं कि वे सेना और सैनिकों के परिवार के साथ किस तरह खड़े हैं।

# वैश्विक हथियार उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि

■ नन्तू बनर्जी

महत्वपूर्ण हथियारों की आपूर्ति के लिए आयात पर निर्भर देश के लिए लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में शामिल होना जोखिम भरा हो सकता है। वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक यूक्रेन, डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद यह कठोर सच्चाई जान गया। हाल ही में, यूक्रेन को रूस से लडने् के लिए अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए अपने पर्याप्त खनिज (दुर्लभ पृथ्वी) भंडार को छोड़ना पड़ा।

पिछले साल, यूक्रेन ने दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भारत को विस्थापित कर दिया। अमेरिका ने यूक्रेन के कुल हथियार आयात का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा दिया, जबकि जर्मनी और पोलैंड ने क्रमश: 12 प्रतिशत और 11 प्रतिशत। अमेरिकी मदद के बिना, यूक्रेन संभवत: रूसी हमले के कुछ महीनों के भीतर रूस के सामने आत्मसमर्पण कर देता।

यूरोप, एशिया और एशिया-प्रशांत क्षेत्रों में बढ़ते सैन्य गतिविधियों के कारण हाल के वर्षों में हथियारों और गोला-बारूद की मांग में काफी वृद्धि हुई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) के अनुसार, दुनिया में सैन्य व्यय में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। पिछले साल वैश्विक सैन्य व्यय 2.718 ट्रिलियन तक पहुंच गया, जो 2023 से वास्तविक रूप से 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से साल-दर-साल सबसे अधिक वृद्धि है। दुनिया के कई हिस्सों में सैन्य खर्च बढ़ा है। यूरोप और पश्चिम एशिया दोनों में इसमें तेजी से वृद्धि देखी गयी। शीर्ष पांच सैन्य खर्च करने वाले देश अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत हैं। कुल मिलाकर, इनका वैश्विक कुल खर्च का 60 प्रतिशत हिस्सा है, जिसका संयुक्त व्यय .1.635 ट्रिलियन है।

> पिछले साल, यूक्रेन ने दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भारत को विस्थापित कर दिया। अमेरिका ने यूक्रेन के कुल हथियार आयात का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा दिया, जबकि जर्मनी और पोलैंड ने क्रमश: 12 प्रतिशत और 11 प्रतिशत। अमेरिकी मदद के बिना, यूक्रेन संभवत: रूसी हमले के कुछ महीनों के भीतर रूस के सामने आत्मसमर्पण कर देता।

पिछले साल यूरोप (रूस सहित) में सैन्य खर्च 17 प्रतिशत बढ़कर 693 बिलियन हो गया। यूक्रेन में युद्ध अपने तीसरे वर्ष में जारी रहने के साथ, पूरे महाद्वीप में सैन्य खर्च बढ़ता रहा, जिससे यूरोपीय सैन्य खर्च रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। रूस का सैन्य खर्च 2024 में अनुमानित .149 बिलियन तक पहुंच गया. सकल घरेलू उत्पाद के 34 प्रतिशत के साथ, यूक्रेन पर 2024 में किसी भी देश का सबसे बड़ा सैन्य बोझ था।

जर्मनी का सैन्य खर्च 28 प्रतिशत बढ़कर 88.5 बिलियन तक पहुंच गया। पोलैंड का सैन्य खर्च 2024 में 31 प्रतिशत बढ़कर 38.0 बिलियन हो गया। नाटो के विशाल सैन्य खर्च का समर्थन करने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की नापसंदगी के कारण, जर्मनी और कई अन्य यूरोपीय देशों द्वारा अपनायी गयी नीतियों से पता चलता है कि यूरोप उच्च और बढ़ते सैन्य खर्च के एक नये युग में प्रवेश कर चुका है।

अमेरिकी सैन्य खर्च में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 997 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यूरोपीय नाटो सदस्यों ने कुल 454 बिलियन डॉलर खर्च किये, जो गठबंधन में कुल सैन्य खर्च का 30 प्रतिशत है। वैश्विक हथियार निर्यात डेटा के अनुसार, शीर्ष 10 हथियार निर्माता देश हैं- अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन, जर्मनी, इटली, यूके, स्पेन, इजराइल और दक्षिण कोरिया।

पश्चिम एशियाई क्षेत्र में सैन्य व्यय 2024 में 15 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 243 बिलियन डॉलर हो गया। पिछले साल इजरायल का सैन्य व्यय 65 प्रतिशत बढ़कर 46.5 बिलियन डॉलर हो गया। लेबनान का सैन्य खर्च 2024 में 58 प्रतिशत बढ़कर 635 मिलियन डॉलर हो गया।

आश्चर्यजनक रूप से, क्षेत्रीय संघर्षों में शामिल होने और क्षेत्रीय प्रॉक्सी के लिए इसके समर्थन के बावजूद ईरान का सैन्य खर्च वास्तविक रूप से 10 प्रतिशत घटकर 2024 में 7.9 बिलियन डॉलर रह गया। ईरान पर प्रतिबंधों के प्रभाव ने सैन्य खर्च बढ़ाने की इसकी क्षमता को सीमित कर दिया हो सकता है। दुनिया में दूसरे सबसे बड़े सैन्य खर्चकर्ता चीन ने अपने सैन्य खर्च को सात प्रतिशत बढ़ाकर अनुमानित 314 बिलियन डॉलर कर दिया है। जापान की सेना 2024 में व्यय 21 प्रतिशत बढ़कर 55.3 बिलियन डॉलर हो गया। भारत का सैन्य व्यय, जो वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा है, मामूली रूप से बढ़कर 86.1 बिलियन डॉलर हो गया।

22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच, नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपने 2025-26 के बजट में रक्षा खर्च में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी का समर्थन किया। चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के रक्षा बजट में भी रिकॉर्ड 9.53 प्रतिशत की वृद्धि हुई क्योंकि देश अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के खिलाफ स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर विचार कर रहा है। विडंबना यह है कि दो प्रतिद्वंद्वी दक्षिण एशियाई देश, पाकिस्तान और भारत, हथियारों के आयात पर बहुत अधिक निर्भर हैं। हथियारों पर भारत की ऐतिहासिक आयात निर्भरता पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश जैसे शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों से घिरे देश के लिए वास्तविक चिंता का विषय होना चाहिए। रूस, जो खुद यूक्रेन के साथ लंबे समय से युद्ध लड़ रहा है, भारत का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, हालांकि इसकी हिस्सेदारी कम हो गयी है। भारत अपने हथियारों के आयात में तेजी से विविधता ला रहा है। हालांकि, देश को वास्तव में सैन्य रूप से शक्तिशाली होने के लिए महत्वपूर्ण हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। कोई भी देश आयातित हथियारों के साथ लंबे समय तक चलने वाले युद्ध को बर्दाश्त नहीं कर सकता। वर्तमान में, भारत के दो करीबी रक्षा सहयोगी और आपूर्तिकर्ता, रूस और इजराइल, खुद लंबे समय तक युद्ध में शामिल हैं।

पाकिस्तान भी महत्वपूर्ण हथियारों के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है। हथियारों की आपूर्ति के लिए वह पड़ोसी देश चीन पर बहुत अधिक निर्भर है। 2020 से 2024 के बीच पाकिस्तान के हथियारों के आयात में चीन का हिस्सा 81 प्रतिशत था। पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में चीन का दबदबा बढ़ा है। अब, पाकिस्तान, जो भारत के आकार का एक-चौथाई से भी कम है, वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा हथियार आयातक है, जिसकी वैश्विक हथियार आयात में 4.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पिछले साल, दुनिया के शीर्ष पांच हथियार आयातक यूक्रेन, भारत, कतर, सऊदी अरब और पाकिस्तान थे। अत्याधुनिक हथियारों के लिए लगभग पूरी तरह से चीन पर निर्भर पाकिस्तान तब तक खुद को लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में शामिल नहीं कर सकता जब तक कि उसे चीन से लगातार पर्याप्त तोपखाने का समर्थन न मिले।



## ललित सुरजन की कलम से

# हिंदी में साहित्येतर लेखन और एक अच्छी पुस्तक

*'मुझे जब कभी इस साहित्येतर लेखन के अंतर्गत प्रकाशित कोई पुस्तक पसंद आई है तो मैंने अक्षर पर्व में इस स्तंभ के अंतर्गत उसकी चर्चा यथासमय पर की है। एक बार फिर एक और अच्छी पुस्तक मेरे हाथों में है। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार सिंह ने भारतीय डाक -सदियों का सफरनामा शीर्षक से जो पुस्तक दस साल पहिले लिखी, उसके अब तक छह संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। यह तो तय है कि भारतीय डाक विभाग ने इस पुस्तक की बिक्री में खासा योगदान किया होगा; फिर भी उसके छह संस्करण प्रकाशित होना इस बात का सबूत है कि सामान्य पाठकों के बीच भी पुस्तक लोकप्रिय हुई है। चूंकि इसे नेशनल बुक ट्रस्ट ने प्रकाशित किया है, इसलिए बिक्री के आंकड़े भी प्रामाणिक होंगे, इसमें संदेह नहीं।'*

*'अरविंद ने भारतीय डाक लिखने हेतु सामग्री जुटाने में गहन शोध और अपार श्रम किया है। इसके लिए उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर डाकघर की प्रणाली का अध्ययन किया, कुछ पड़ोसी देशों की डाक व्यवस्था को भी समझा, डाक विभाग के अभिलेखों में डूबकर तथ्य और आंकड़े जुटाए, नीति निर्माताओं याने डाक विभाग के मंत्रियों व अफसरान के साथ बातचीत कर उनका दृष्टिकोण समझा, तब कहीं जाकर 400 पृष्ठ की यह किताब तैयार हो सकी है।'*

**(अक्षर पर्व मई 2016 अंक की प्रस्तावना)**

## आज अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

# परिवार से मजबूत कोई और संस्था नहीं

परिवार क्यों महत्वपूर्ण है? इस सवाल का उत्तर बढ़ा-चढ़ाकर नहीं दिया जाना चाहिए। यह हम सभी जानते हैं कि परिवार हमें बेहतर इंसान बनाने में अहम भूमिका निर्वहन करते हैं। जिनके पास परिवार नहीं, वे इसे गहराई से अनुभव कर सकते हैं। परिवार ही हमें रिश्तों का महत्व समझाता है। यह बाहरी दुनिया के साथ सार्थक संबंध बनाने में हमारी सहायता करता है। परिवार के साथ समय बिताना, प्यार बांटना और खुलकर बातचीत करना बेहतर भविष्य के द्वार खोल जाता है। परिवार ही हमारे भीतर धैर्य का संचार करता है। वास्तव में देखा जाए तो परिवार एक सामाजिक संस्था है। इसे ऐसी मजबूत संस्था माना जा सकता है जिसका अभ्युदय आपसी सहयोग व समन्वय की मजबूत गांठ का परिणाम होता है। परिवार में शामिल सभी सदस्य आपस में मिलकर अपना जीवन प्रेम, स्नेह एवं भाईचारे के साथ चलाया करते है। यदि एक खुशहाल परिवार की पहचान की बात की जाए तो वह उस विशेषता से परिपूर्ण होता है जिसमें संस्कार, मर्यादा, सम्मान, समर्पण, आदर तथा अनुशासन कूट- कूटकर भरे होते हैं। कोई भी व्यक्ति जिस परिवार में जन्म लेता है, उसकी पहचान उस परिवार की प्रतिष्ठा के साथ जुड़ी होती है। यह भी कटु सत्य है कि एक व्यक्ति अच्छे और बुरे कर्मों को भी अपने परिवार में रहकर ही सीखता है। कहा जाता है कि परिवार से बड़ा कोई धन नहीं, पिता से बड़ा कोई सलाहकार नहीं, मां के आंचल से बड़ी दुनिया नहीं, भाई से बड़ा कोई भागीदार नहीं, बहन से बड़ा कोई शुभचिंतक नहीं अत: सार रूप में कहा जाए तो परिवार के बिना जीवन की कामना नहीं की जा सकती है।

परिवार की एक शाखा संयुक्त परिवार के रूप में देखी गई थी। इस तरह के परिवार केवल परिवार नहीं कहे जा सकते वे पूरी पाठशाला हुआ करते थे। यही संयुक्त परिवार उद्यम के आधार थे। यही सामाजिक मंच हुआ करते थे। इन परिवारों में रहने वाले लोगों ने सभी सदस्यों को सुरक्षा प्रदान कर रखी थी। इन्हीं परिवारों की नींव स्वरूप बुजुर्गों ने बच्चों को संस्कार प्रदान करने की जवाबदारी बखूबी निभाई थी। युवाओं की आजादी पर लगाम भी संयुक्त परिवार के मुखियाओं ने ही लगाई थी। जरा कल्पना करें कि यदि यह सब न हुआ होता तो आज उच्श्रृंखलता और व्यभिचार किस कदर बढ़ चुका होता? अब नाम मात्र के रह गए संयुक्त परिवार के बाद ऐसा लगने के लगा है कि एकल परिवारों में रह रहे बच्चों को संस्कार कैसे दिया जाए? परिवार के सदस्यों को (बिखरने के बाद) सामाजिक सुरक्षा किस तरह प्रदान करे?

परिवार जीवन की वह अनमोल संपत्ति है , जिसके बिना जीवन अधूरा है । यह सिर्फ खून के रिश्तों का बंधन नहीं बल्कि प्यार , विश्वास और अपनेपन का खूबसूरत संगम होता है । जब दुनिया की भीड़ में हमें कोई नहीं पहचानता , तब परिवार ही हमारे कंधों को सहारा देता है । तकनीक और डिजिटली दुनिया ने भले ही हमें ग्लोबली कनेक्ट कर दिया हो , किंतु दिलों की दूरियां कहीं न कहीं बढ़ गई हैं । ऐसे में परिवार ही वह आधारशिला है जो हमें जमीन से जोड़े रखती है ।

**-डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# भारत की आंतरिक सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्न

पहलगाम के आतंकवादी हमले 27 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या के जवाब में हमने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के हवाई सुरक्षा ठिकानों को नष्ट करके उनके लगभग 100 आतंकवादियों को मार के एक आंशिक फतेह जरूर प्राप्त कर ली है। इससे यह तो पता चला कि हमारी सीमा की सुरक्षा व्यवस्था एकदम चुस्त और दुरुस्त है।

भारत मे बाहरी सुरक्षा के साथ-साथ देश को अपनी आंतरिक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि भारत में आंतरिक सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लेकर खड़ा हुआ है। क्या हम आंतरिक रूप से सुरक्षित हैं? इस यक्ष प्रश्न को विस्तृत रूप से समझने के लिए कुछ बातें अत्यंत आवश्यक है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकते हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता ही है कि जिसके कारण संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा, विवाद किसी भी मसले का कोई हल नहीं पर यह लोकतंत्र के लिए एक दाग के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आज सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांतिपूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है।

**संजीव ठाकुर**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
गुरुवार,15 मई 2025

उल्टा पुल्टा

देश के युवाओं के लिए एक संदेश!
अगर तुम देश बदलना चाहते हो तो अभी बदल डालो क्योंकि अगर शादी हो गई तो तुम देश क्या टीवी का चैनल भी नहीं बदल पाओगे।

# पानी,बिजली के लिए कांग्रेस का निगम में हल्ला बोल,मटके फोड़े, पंखा लहराया

**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। पिछले सालो के मुकाबले इन गर्मियों मे जल संकट ज्यादा है. कई घंटे बिजली बंद रहती है. संकट से हलाकान जनता की आवाज बनकर कांग्रेस ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया. निगम कार्यालय का घेराव कर उसने भाजपा पर विफलता का ठीकरा फोड़ा. कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है की व्यवस्था पटरी पर नही लौटती है तो वे ज्यादा उग्र होकर लौटेंगे.

चिलचिलाती धूप मे कांग्रेसी शोर करते नेहरू चौक के पास निगम कार्यालय विकास भवन पहुंचे. तय घेराव कार्यक्रम के तहत उनके हाथो मे मिट्टी के घड़े और सीलिंग फैन था. सौ से अधिक संख्या मे पहुंचकर परिसर मे पसर गए. जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जनता की आवाज बनकर पार्टी के अनुशंगिक संगठनों के पदाधिकारी पार्षद दल विधायक पूर्व विधायक पूर्व महापौर, महिला और युवक कांग्रेस के साथ बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओं ने निगम सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया. जनता को उसके मूलभूत



जरूरतों पानी बिजली की आपूर्ति करने मे भाजपा सरकार को विफल करार दिया. कांग्रेस ने दावा किया है की ज़ब से निगम मे भाजपा की सरकार आयी है शहरवासी संकट से घिरे है.

मस्तूरी के विधायक दिलीप लहरिया ने कहा पुरे प्रदेश मे पानी के लिए हाहाकार मचा है. भाजपा के राज मे सभी लोग परेशान है उन्हें जल संकट का सामना करना पड़ता है, अघोषित बिजली कटौती और घंटो बिजली गुल रहना आम हो गया है.

कांग्रेस नेत्रियों ने पानी नही है तो सूखे घड़े किस काम के कहकर एक एक कर इसे जमीन पर पटक दिया. कांग्रेस नेताओं ने हाथो मे पंखा लहरा कर बिजली आपूर्ति मे विफलता का प्रदर्शन किया. नगर निगम मे विपक्ष के नेता भरत यादव ने आरोप लगाया है की जनता के प्रति यह सरकार जरा भी जवाबदेह नही है. लोग पानी के लिए भटक रहे है शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के वार्डो मे जल और बिजली संकट बना हुआ है. भीषण गर्मी मे राहत का उपाय करना तो दूर महापौर और भाजपा के पार्षदो ने जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया है

इस दौरान नियंत्रण के लिए महिला पुरुष पुलिस कर्मी निगम कार्यालय के चैनल गेट के सामने तैनात देखे गए. करीब आधा घंटा विपक्ष ने यहाँ प्रदर्शन किया और कहा व्यवस्था पटरी पर नही लौटी तो वे ज्यादा उग्र होकर लौटेंगे.

## संपादकीय

# नागरिक सुरक्षा वालंटियर बनें

*भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा पहलगाम (कश्मीर) में 26 पर्यटकों और एक स्थानीय गाइड को मार डालने के बाद दोनों देशों के बीच चला 5 दिवसीय संघर्ष चाहे हल्का पड़ गया हो, लेकिन इसने एक बार फिर से नागरिकों की सुरक्षा के लिये मजबूत व्यवस्था बनाये जाने की ज़रूरत को सामने लाया है। सीमाओं पर तनाव कम ही सही पर अभी भी बना हुआ है जो कभी भी गम्भीर रूप धारण कर सकता है। पंजाब, जम्मू एवं गुजरात के कुछ इलाकों में हुई गोलीबारी तथा अनेक भारतीयों के मारे जाने या घायल होने के बाद देश भर के सभी राज्यों में सिविल डिफेंस वॉलंटियरों की फौजें खड़ी करनी ज़रूरी हो गयी हैं। चूंकि पाकिस्तान के पास लम्बी दूरी की मिसाइलें एवं खतरनाक आयुध हैं अतः कोई भी क्षेत्र उनके निशाने पर आ सकता है। हालांकि भारतीय सेना पर्याप्त मजबूत तथा सतर्क है, फिर भी बचाव की तैयारियां कर रखनी अपरिहार्य है- खासकर शहरों में।*

*इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के 9 जिलों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक बनाया जायेगा। इसके तहत हर जिले में 3 वॉलंटियर भर्ती किये जायेंगे। ये जिले हैं- रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर, अंबिकापुर, जांजगीर-चाम्पा, धमतरी और दंतेवाड़ा। इन कार्यकर्ताओं को 2-3 दिनों का इस बात के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा कि युद्ध की स्थिति में किस प्रकार से नागरिकों का बचाव करना है। यह नियमित प्रक्रिया होगी तथा हर वर्ष वॉलंटियरों की सूची को अद्यतन किया जायेगा। वैसे रायपुर, राजनांदगांव, सुकमा तथा कोरबा में आपदा मित्र बनाये गये थे लेकिन उनकी सूची अपडेट नहीं हुई थी जो अब की जायेगी। उनका कुछ वर्षों से प्रशिक्षण भी नहीं हुआ था। अब इसकी भी तैयारियां की जा रही हैं। यह कार्य शांति काल में भी होते रहना चाहिये। चूंकि वर्षों से देश किसी युद्ध में नहीं गया है, इसलिये सम्भवतः इसकी ओर प्रशासन व सरकार का ध्यान नहीं गया होगा लेकिन कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा उनके प्रशिक्षण की नियमित व्यवस्था होनी चाहिये।*

*अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने रविवार को पुलिस, होम गार्ड तथा एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस काम को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। सिविल डिफेंस जिलों में वॉलंटियरों की भर्ती कलेक्टर कराएंगे। इसके लिये इच्छुक लोगों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिये 18 से 45 वर्षों तक के व्यक्ति पात्र होंगे। कुछ जिलों में इसमें छूट दी गयी है। भर्ती होने के बाद वॉलंटियरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), स्काउट्स एंड गाइड सहित अन्य संगठनों के तथा सामान्यजन इसमें शामिल हो सकते हैं जो नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा तथा देश के लिये कुछ करने का जज़्बा रखने वालों के लिये यह अनुपम अवसर है कि वे सिविल डिफेंस के वॉलंटियर बनें।*

# बोदरी में समाधान शिविर बना बुजुर्गों के लिए वरदान

### वय वंदन योजना के तहत मिली 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा

### हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। बोदरी में आयोजित समाधान शिविर में बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। समाधान शिविर में आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत अनेक वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सहायता दी गई, योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार।



बोदरी नगर पालिका क्षेत्र के निवासी वरिष्ठ नागरिक शत्रुघ्न उपाध्याय, श्रीमती राधा तिवारी और श्रीमती जसमीत कौर की आंखों में चमक और चेहरे पर खुशी उस समय दिखाई पड़ी जब उन्हें आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत वय वंदन कार्ड वितरित किए गए। इन कार्डों के माध्यम से अब इन हितग्राहियों को 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। बुजुर्ग हितग्राहियों ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बढ़ती उम्र में जब स्वास्थ्य संबंधी परेशानियाँ बढ़ जाती हैं, तब सरकार द्वारा दी जा रही यह सहायता उनके लिए बड़ी राहत है।

शत्रुघ्न उपाध्याय ने भावुक होकर कहा, कि पहले इलाज के लिए बड़ी आर्थिक समस्या होती थी, अब इस कार्ड से हमें बड़ी राहत मिलेगी। यह योजना हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं। इसी तरह शिविर में समस्या का त्वरित निराकरण होने पर श्रीमती राधा तिवारी और श्रीमती जसमीत कौर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया, उन्होंने कहा कि इससे स्वास्थ्य संबंधी उनकी एक बड़ी चिंता दूर हो गई है। उन्होंने सुशासन तिहार की पहल को सरकार की एक संवेदनशील पहल बताया।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा बुजुर्गों के सम्मान एवं उनकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा रही है,जिसके तहत उन्हें 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविरों में आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वय वंदन योजना बुजुर्गों के स्वास्थ्य और सम्मान की दिशा में एक अहम पहल है जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जाती है। योजना के तहत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पंजीकृत अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलता है। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को वय वंदन स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जाता है, जो उनकी पहचान और पात्रता का प्रमाण होता है। इस कार्ड से अस्पताल में भर्ती से लेकर इलाज तक की सारी प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो जाती है। योजना का उद्देश्य है कि बुजुर्गों को इलाज के आर्थिक बोझ से मुक्ति मिले और वे सम्मानपूर्वक और स्वस्थ जीवन जी सकें।

# जनता को जागरूक करने जोनल रेलवे स्टेशन में फायर मॉक ड्रिल

**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। आज महानिदेशक नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं मुख्यालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर, जिला कलेक्टर बिलासपुर एवं पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्टेशन बिलासपुर में डीआईजी एस के ठाकुर के निर्देशन में दीपांकुर नाथ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एवं डिस्ट्रिक्ट फायर ऑफिसर के नेतृत्व में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।



इस दौरान होम गार्ड,फायर एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा अग्नि एवं अग्निदुर्घटना के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस दौरान फायर ट्राएंगल, विभिन्न क्लास ऑफ फायर यथा ए-क्लास, बी-क्लास, सी-क्लास, डी-क्लास एवं ई-क्लास, फायर एक्टिंग्विशिंग मीडिया के बारे में बताया गया, तथा कौन से टाइप के फायर को किस प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से बुझाया जा सकता है इस बारे में बताया गया तत्पश्चात अग्निशमन के कर्मचारी तथा स्ढत्रऊ के जवानों ने मॉक ड्रिल करके दिखाया गया। साथ ही आगजनी की घटना होने पर क्या करें और क्या नहीं करें इस संबंध में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त स्ट्रेचर ड्रिल एवं सी पी आर की जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान स्टेशन मैनेजर शिवानंद ओझा, स्टेशन अधीक्षक एफ आर पटेल, आरपीएफ थाना प्रभारी राजेश वर्मा, जीआरपी प्रभारी डी एन श्रीवास्तव, जीआरपी, आरपीएफ एवं रेलवे के अधिकारी कर्मचारी ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

दीपांकुर नाथ जिला अग्निशमन अधिकारी बिलासपुर ने बताया कि अग्नि एक छोटी सी चिंगारी से उत्पन्न होती है और यदि इस पर प्रारंभिक स्तर पर अंकुश नहीं लगाया गया तो समय बीतने के साथ यह एक बड़ी दुर्घटना का रूप ले लेती है। हमारा मॉकड्रिल का उद्देश्य है कि जनता इतनी जागरूक हो जाए कि अग्नि दुर्घटना को प्रारंभिक स्थिति पर ही नियंत्रित कर सके।

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए बिलासपुर मंडल की नई पहल

# मंडल के 50 टिकट चेकिंग कर्मचारियों को प्रदान किए गए बॉडी वार्न कैमरा

**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। यात्रियों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंडल के 50 टिकट चेकिंग कर्मचारियों को बॉडी वार्न कैमरे प्रदान किए गए हैं, जिससे यात्रा के दौरान पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी अप्रिय स्थिति की निगरानी की जा सके।



वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित कर टिकट चेकिंग कर्मचारियों को बॉडी वार्न कैमरे प्रदान किए गए एवं इनके उपयोग संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कर्मचारियों को यात्रियों से संवेदनशील एवं मर्यादित व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिये।

श्री सिंह ने कहा कि बॉडी वार्न कैमरे से टिकट चेकिंग की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और किसी भी विवाद की स्थिति में प्रमाण के रूप में इसका उपयोग किया जा सकेगा। यह तकनीकी सुविधा यात्रियों और कर्मचारियों दोनों के हित में है। साथ ही यह पहल रेलवे प्रशासन और यात्रियों के बीच विश्वास को और मजबूत करेगी। बिलासपुर मंडल भविष्य में भी इस प्रकार की आधुनिक तकनीकों के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षा और सेवा गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु प्रतिबद्ध है।

# हाईकोर्ट जज और सफेमा कोर्ट के अफसर को जेल में बंद आरोपी ने भेजा धमकी भरा पत्र, अपराध दर्ज

**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के एक जज और मुंबई स्थित सफेमा कोर्ट के एक अधिकारी को धमकी भरा पत्र मिलने से हड़कंप मच गया है। यह पत्र एनडीपीएस एक्ट के आरोपी संजीव कुमार छाबड़ा उर्फ सुच्चा सिंह के नाम से भेजा गया है, जो फिलहाल गांजा तस्करी के मामले में जेल में बंद है



मुंबई की सफेमा अदालत में आरोपी सुच्चा सिंह के खिलाफ संपत्ति जब्ती की कार्रवाई चल रही है। इस बीच हाईकोर्ट के जज और सफेमा अधिकारी को अलग-अलग धमकी भरे पत्र भेजे गए हैं। पत्र में अप्रत्यक्ष रूप से कानूनी कार्रवाई को प्रभावित करने की कोशिश का संकेत है।

धमकी भरे पत्रों की सूचना मिलते ही पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर बिलासपुर के सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। अब पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।धमकी भरे पत्रों की संवेदनशीलता को देखते हुए संबंधित जज और अधिकारियों की सुरक्षा की समीक्षा की जा रही है। पुलिस ने पत्रों की सत्यता और प्रेषक की पहचान के लिए साइबर और फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

संजीव कुमार छाबड़ा उर्फ सुच्चा सिंह पर गांजा और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी के गंभीर आरोप हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह जेल में बंद है। आरोपी की अवैध संपत्तियों की जांच और जब्ती की कार्रवाई सफेमा कोर्ट में जारी है।जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि जेल में बंद आरोपी की ओर से यह पत्र वाकई भेजा गया है या कोई अन्य व्यक्ति उसके नाम का दुरुपयोग कर रहा है।

# सीयू को मिलेगी नई डिजिटल पहचान-कुलपति चक्रवाल



**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए. ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय में 14 मई को सायं 4.30 बजे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल द्वारा विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि यह अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय की डिजिटल पहचान को सशक्त बनाने और सभी उपयोगकर्ताओं के लिए इसे सुगम एवं समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय को इस लोकार्पण से नई डिजिटल पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में केन्द्रीय विश्वविद्यालय देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में शामिल होगा जो अपनी वेबसाइट को हिंदी डोमेन नेम जीजीवी.विद्या.भारत और गुरुघासीदासविवि.विद्या.भारत पर लॉन्च होगा। उन्होंने वेबसाइट को पूरी तरह दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाये जाने पर बधाई दी।

### वेबसाइट की विशेषताएं

यह वेबसाइट सभी प्रकार के डिवाइसों (जैसे मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप और डेस्कटॉप) पर अनुकूलता से काम करती है। स्क्रीन रीडर सपोर्ट, टेक्स्ट साइज और कलर कंट्रास्ट बदलने की सुविधा, वॉइस सर्च सुविधा, दृष्टिबाधित उपयोगकर्ता के लिए टेक्सट टू स्पीच की सुविधा उपलब्ध है। हर पेज पर एक स्मार्ट सर्च फीचर दिया गया है, जिससे उपयोगकर्ता शीर्षक, तिथि या वर्ष के आधार पर आसानी से जानकारी खोज सकते हैं। इससे पूर्व आईटी सेल के समन्वयक प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा ने वेबसाइट से जुड़े विभिन्न बारीक पहलुओँ पर जानकारी साझा की। वेबसाइट निर्माण में तकनीकी सहयोग श्री विकास शर्मा ने किया। संचालन डॉ. अमित कुमार खासकलम ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रोहित राजा ने किया।

## सीयू और बिलासा गर्ल्स पीजी कॉलेज के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए. ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय और बिलासा गर्ल्स पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज बिलासपुर के मध्य दिनांक 14 मई, 2025 को समझौता ज्ञापन हुआ। प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सायं 4 बजे से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल रहे तथा इस अवसर पर बिलासा गर्ल्स पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज बिलासपुर के प्राचार्य डॉ. एस.आर. कमलेश भी उपस्थित रहे।

कुलपति महोदय प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि समझौता ज्ञापन से दोनों संस्थानों के छात्रों एवं शिक्षकों को अकादमिक गतिविधियों के आदान-प्रदान में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में यह सुविधा है कि विद्यार्थी दो संस्थानों में अध्ययन कर उपाधि प्राप्त कर सकते हैं। एमओयू से दोनों संस्थानों की शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में क्षमता में वृद्धि होगी। डॉ. एस.आर. कमलेश, प्राचार्य, बिलासा गर्ल्स पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज बिलासपुर ने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर से नये अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि इस एमओयू से महाविद्यालय की छात्राओं का अकादमिक उन्नयन होगा।

इससे पूर्व दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा व संत गुरु घासीदास जी के तैल चित्र पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रो. सीमा पांडे ने दिया। एमओयू के विषय में जानकारी डॉ. किरण ठाकुर, समन्वयक आईक्यूएसी बिलासा कॉलेज बिलासपुर ने दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. सांत्वना पांडे ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण एवं अधिकारीगण तथा शोधार्थी उपस्थित रहे।

# कंपनी गार्डन व सिम्स के पास मोबाइल चोरी क़र बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### सवा लाख कीमती 5 मोबाइल जब्त

### आरोपी को टैगनमाड़ा रेलवे स्टेशन में बेलगहना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। मोबाइल चोरी कर बेचने वाले युवक को बेलगहना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक लाख 20 हजार रुपए कीमती विभिन्न कंपनियों के 5 मोबाइल बरामद किया गया है।



बुधवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम टेंगनमाडा के धर्मेन्द्र उर्फ बन्धु सोनी चोरी का मोबाईल रखकर बिकी हेतु ग्राहक ढूंढ रहा है जो गिरवे रंग का टीशर्ट पहनकर रेल्वे स्टेशन टेंगनमाडा के बाहर बैठा है। जिस पर मुखबिर पंचनामा तैयार क़र वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा तत्काल कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। श्रीमती अर्चना झा. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर हमराह स्टॉफ द्वारा घेराबंदी कर रेल्वे स्टेशन के पास धमेन्द्र उर्फ़ बन्धु सोनी को पकडकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि वह आज से तीन-चार माह पूर्व सिम्स बिलासपुर एवं विवेकानंद गार्डन तथा बिलासपुर चिरमिरी ट्रेन से मोबाईल चोरी किया है जिसमें से दो नग मोबाइल को पेश करने पर जप्त क़र मेमोरंडम लेकर पुछताछ पर चोरी का तीन मोबाईल अपने पुत्र (नाबालिक बालक) को बेचने को देना बताया,जो मोबाइल बिक्री रकम को शराब पीने व अन्य काम में खर्चा करना बताया, नाबालिक बालक को उसके मां के समक्ष पुछताछ करने पर वह अपने पिता बन्धु सोनी के द्वारा चोरी का तीन

मोबाईल को बिक्री करने बताया।तीन नग मोबाईल को उसने ग्राम टेंगनमाडा निवासी अंशुल जान, सूरज साहू,अजय रजक को 8000 रू, 6000 रू, 1500 रू में बिक्री करना बताते हुये बिक्री की रकम अपने पिता बन्धु सोनी उर्फ धमेन्द्र सोनी को देना बताया। आरोपी के मेमोरंडम पर अशुल जान के कब्जे से एक नग सैमसंग मोबाईल, सूरज साहू कब्जे से एक नग मोबाईल तथा अजय रजक से एक नग मोबाईल को जप्त किया गया है। उक्त तीनो से पूछताछ में बताया कि धमेन्द्र उर्फ बन्धु सोनी लड़का नाबालिक बालक से खरीदना बताया। आरोपी अशुल जान, अजय रजक,सूरज साहू को धारा 317 बीएनएस का आरोप घटित करना पाये जाने से आरोपियों खिलाफ मामला दर्ज किया गया वही नाबालिक विधि से संघर्षरत बालक होना पाये जाने से किशोर अधिनियम के अनुसार कार्रवाई की गई। आरोपी धर्मेद्र सोनी उर्फ़ बंधु सोनी के विरूद्ध धारा 35(1-5) बीएनएसएस 303,317 बीएनएस का पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार क़र न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी बेलगहना प्रभारी उप भावेश शेंडे, एएसआई भरत राठौर, आरक्षक ईश्वर नेताम, विजेंद्र कोल की विशेष भूमिका रही।

# कोसाबाड़ी जोन में समाधान शिविर, मेयर ने निराकरण की जानकारी ली




कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। जिनके माध्यम से आमनागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न शिकायतों, समस्याओं का निराकरण किया गया।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शिविर में पहुंचकर वहाँ पर स्थापित विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया तथा विभागवार निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। महापौर ने कहा कि क्षेत्र के विकास पर भरपूर ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री का सहयोग जारी है। क्षेत्र को समस्याविहीन बनाने के लिए इच्छाशक्ति से काम किया जा रहा है। समाधान शिविर में महापौर व अतिथियों ने हितग्राहियों को राशन कार्डो का वितरण भी किया।

शिविर में प्र.आयुक्त विनय मिश्रा, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, अशोक चावलानी, चन्द्रलोक सिंह, मुकेश राठौर, सुखसागर निर्मलकर, ममता यादव, चन्द्रकली जायसवाल, अजय गोंड़, पंकज देवांगन, प्रताप सिंह कंवर, राकेश वर्मा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ खान, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, विनोद शांडिल्य, राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, रमेश सूर्यवंशी, एम.एल.बरेठ, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, आकाश अग्रवाल, सुमित गुप्ता, अभय मिंज, विनोद गांड़, अंजुला अनंत व नागरिक उपस्थित थे।

# कार-बाइक की भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी गंभीर



कोरबा-कटघोरा, 14 मई (देशबन्धु)। कोरबा जिले के कटघोरा तहसील में लखनपुर मार्ग पर एक दंपत्ति को कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। उक्त घटना में घटनास्थल पर ही पति की मृत्यु हो गई। वहीं पत्नी को गंभीर घायल हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में भर्ती कराया गया। जहा उनकी हालत अब भी गंभीर बताई जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र विजयपुर निवासी प्रताप पटेल अपनी पत्नी के साथ कटघोरा जा रहे थे, तभी कटघोरा लखनपुर मार्ग पर एक डस्टर कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, महिला को गंभीर घायल हालत में स्थानीय लोगों ने डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। महिला की गंभीर घायल हालत देखते हुए उन्हें कोरबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कटघोरा टीआई डीएन तिवारी ने बताया कि डस्टर कार के चालक के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। कार को जप्त किया गया है और अगली कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### माखनपुर में 10 पंचायतों के 4 हजार आवेदन निराकृत



कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल माखनपुर में आयोजित समाधान शिविर में 10 ग्राम पंचायतों से प्राप्त कुल 4141 प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण कर प्रशासनिक दक्षता की एक मिसाल पेश की गई।

मुख्य अतिथि डॉ. पवन सिंह ने सुशासन तिहार को जनता और शासन के बीच सेतु बताते हुए कहा, यह अभियान शासन की संवेदनशीलता और जनभागीदारी की उत्कृष्ट मिसाल है। हम सभी को इसका अधिकतम लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बनबांधा को टी.बी. मुक्त पंचायत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। खेल विभाग द्वारा बच्चों को खेल सामग्री, राजस्व विभाग द्वारा 7 ऋण पुस्तिकाएँ, 7 वन अधिकार पत्र, श्रम विभाग द्वारा 2 श्रम कार्ड तथा समाज कल्याण विभाग के द्वारा एक श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। शिविर के समापन अवसर पर जनपद पंचायत पाली मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र कुमार सोनवानी ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविर की सफलता का श्रेय जनसहयोग और प्रतिबद्धता को दिया।

### गेवरा बस्ती वार्ड उबरेगा कीचड़ से, हुआ भूमिपूजन



कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 26 गेवरा बस्ती के वार्डवासी पिछले कई वर्षों से जर्जर सड़क के गड्ढे व किचड़ से परेशान हैं । जहां अब वार्डवासियों को इन समस्या से मुक्ति मिलेगी, बुधवार को नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा ने वार्ड क्रमांक 26 में पहुंचकर महाराज के द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान वार्ड 26 के पार्षद प्यारे लाल दिवाकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो छत्तीसगढ़ विकास झा, बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती अनिता राजपूत, पार्षद श्रीमती प्रमिला सायतोड़े सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, इंजीनियर व आसपास के नगरवासी सहित वार्डवासी उपस्थित थे। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि अब लंबे वर्षों से क्षेत्र में बनी समस्या को धीरे-धीरे दूर किया जाएगा साथ ही नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में विकास कार्य तेज़ी से होने लगा है आने वाले दिनों में हमारे नगर में बनी समस्या को पूर्ण किया जाएगा।

### राखड़ डाल कर पोखरी को कर रहे बर्बाद, सभापति नाराज



कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। सर्वमंगला कनकी मार्ग पर स्थित जटराज पोखरी में राखड पाटने के लिए उसके लाखों लीटर पानी को फेंका जा रहा है। सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने इस पर नाराजगी जताते हुए एसईसीएल पर कार्रवाई करने की मांग की है।

सभापति ने कहा है कि नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड 62 क्षेत्राधिकार में आने वाले जटराज पोखरी पूर्व में खदान था लेकिन खदान बंद होने के बाद लगभग 50 साल से वह बड़े तालाब की शक्ल ले चुका है। आस-पास के नागरिक उक्त जल स्रोत का उपयोग दैनिक जीवन में 40-50 साल से करते आ रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से निजी कंपनी द्वारा 5-6 बड़े मोटर पंप लगा पोखरी के पानी को फेंककर बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर और पर्यावरण अधिकारी को इस बारे में पत्र लिखकर कहा है कि मामले पर संज्ञान लिया जाना चाहिए। पुराने जलस्रोतो के लिए सरोवर धरोहर योजना चलाई जा रही है, लेकिन कोरबा में राखड फैलाव अभियान चलाया जा रहा है। हसदेव नदी तट से लगे हुए पोखरी में राखड पाटने से बारिश के समय राखड बहकर नदी को प्रदूषित करेगा। जिससे पर्यावरण और जन-जीवन को गंभीर नुकसान होगा।

# हाथी के हमले में 3 ग्रामीण जख्मी, एक का पैर फ्रेक्चर

## लोगों को सतर्क किया वन विभाग



कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। कोरबा के कोरकोमा गांव से सटे जंगल में बुधवार दोपहर एक दंतैल हाथी ने तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस हमले में तीन लोग घायल हो गए।

घटना में अनुपमा कंवर, उसकी बेटी छोटी और कुमार सिंह घायल हुए हैं। कुमार सिंह का दायां पैर फ्रैक्चर हो गया है। अनुपमा कंवर को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अन्य दो घायलों को कोरकोमा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। घटना के समय 6 से ज्यादा ग्रामीण बताती डेम के पास जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। हाथी को देखते ही अन्य ग्रामीण जान बचाकर भाग निकले। ग्रामीणों के शोर मचाने पर हाथी जंगल की ओर भाग गया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डिप्टी रेंजर जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह हाथी कल रात से इस जंगल में विचरण कर रहा है। वन विभाग हाथी पर नजर रख रहा है। घायलों को शासन की ओर से सहायता राशि दी गई है। आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है कि ग्रामीण जंगल न जाएं और हाथी से दूर रहें।

## तुमान और सिरमिना में समाधान शिविर आज

कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण अन्तर्गत 15 मई गुरूवार को विकासखंड करतला के ग्राम तुमान कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत तुमान, औराई, चिकनीपाली, दादरकला, ढोढ़ातराई, फत्तेगंज, गाड़ापाली, गिधौरी, जुनवानी, लबेद, लीमडीह, पकरिया, पठियापाली, और सुपातराई हेतु हायर सेकेण्डरी स्कूल तुमान में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

इसी तरह विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम सिरमिना कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत सिरमिना, छिंदिया, अटारी, सिमगा, जामकछार, घोंसरा, नवापारा सि. और दुम्हामुड़ा हेतु शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिरमिना में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# 38 डिसमिल जमीन की स्थिति साफ होने पर बनेगा अस्पताल

कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। कोरबा जिले के कुदमुरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मंजूरी मिल चुकी है और आगे की प्रक्रियाएं जारी है। अस्पताल निर्माण के लिए जो जगह आईडेंटिफाई की गई है, उसमें विवाद की स्थिति है। इसलिए राजस्व और पुलिस मिलकर 38 डिसमिल जमीन की स्थिति साफ करने में लगी हुई है।

करतला तहसीलदार के के लहरे अपनी टीम और थाना प्रभारी केके वर्मा के साथ आज कुदमुरा पहुंचे। खबर के अनुसार यहां पर सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनना है। क्षेत्रीय आवश्यकता को देखते हुए इसे पूरा कर लिया। बताया गया कि अस्पताल बनाने के लिए सरकारी जमीन देखी गई है लेकिन इस पर नया विवाद खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार एक महिला ने इसी हिस्से में अपने हिस्से के 38 डिसमिल जमीन होने का दावा किया है। इस बारे में महिला ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी प्रस्तुत किया। जिसे सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया गया। अस्पताल के निर्माण कार्य को लेकर किसी प्रकार की प्रॉब्लम उत्पन्न न होने पाए, इसे देखते हुए राजस्व की टीम के साथ तहसीलदार ने यहां पर उपस्थिति दर्ज कराई।

जानकारी मिली कि जमीन की नापजोख करने के साथ उतनी जमीन की पहचान करना है जिसके लिए महिला ने दावा किया है। विवाद का निपटारा होने पर किस गांव में अस्पताल की सुविधा हो सकेगी ।

वर्तमान में करतला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहा है और इसके माध्यम से आसपास के कई गांव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो रही है।

# स्पार्किंग के साथ टैंकर में ब्लास्ट, वेल्डर गंभीर रूप से झुलसा

कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। एक ट्रैलर वाहन के डीजल टैंक की वेल्डिंग के दौरान हुए हादसे में वेल्डर गंभीर रूप से झुलस गया। यहां हो रही स्पार्किंग से टैंक में बचे डीजल पर असर पड़ा और फिर ब्लास्ट हो गया। इस घटना से आसपास में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से झुलसे वेल्डर की मदद आसपास के लोगों ने की और उसके बाद पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भिजवाया गया।

बुधवार को दोपहर कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में यह घटना हुई। खबर के अनुसार यहां एक निजी कंपनी के परिसर में हादसा तब हुआ जब ट्रेलर वाहन के डीजल टैंक को हुए नुकसान वाले हिस्से में वेल्डिंग की जा रही थी। वर्कशॉप का कर्मी अपने काम में व्यस्त था। बताया गया कि उसी समय यहां से हुई स्पार्किंग ने डीजल टैंक के लिक्विड हिस्से पर प्रभाव डाला और कुछ ही देर में वहां ब्लास्ट हो गया। घटना में वेल्डर के हाथ में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सको ने उसे बाहर रेफर कर दिया।

जानकारों का कहना है कि ब्लास्ट इतना तेज था कि अगर आसपास और लोग होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजूर ने बताया कि घायल का बयान दर्ज किया गया है। हाथ में गंभीर चोट के कारण उनके दाएं पैर से अंगूठा निशान लिया गया है। हादसे में वेल्डर की लापरवाही सामने आई है। टैंक को वेल्डिंग से पहले डीजल से खाली नहीं किया गया था। यह मामला जन स्वास्थ्य और औद्योगिक सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है इसलिए इस बारे में भी संज्ञान लेने की बात कही जा रही है।

# 1.28 करोड़ की लागत से हो रहा रोड डिवाईडर का काम



कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। टीपीनगर जोनांतर्गत नगर निगम द्वारा संपादित कराए जा रहे रोड डिवाईडर कार्य का निरीक्षण मेयर संजू देवी राजपूत ने किया। सेंट्रल स्टोर से अशोक वाटिका होते हुए स्टेडियम चौक तक रेलिंग सहित डिवाईडर निर्माण एवं विद्युतीकरण का कार्य 1 करोड़ 28 लाख रूपये की लागत से कराया जा रहा है।

महापौर ने निगम के अभियंताओं के साथ उक्त डिवाईडर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता व प्रगति को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखें तथा कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि उक्त सड़क पर काफी संख्या में छोटे व बड़े वाहनों का आवागमन होता है, यहां की आवागमन व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने की दृष्टिकोण से उक्त रोड डिवाईडर का निर्माण कराया जा रहा है ताकि वहाँ की यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त हो सके तथा आमनागरिकों को आवागमन में अनावश्यक असुविधा पैदा न हों। इस अवसर पर जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, सहायक अभियंता सुनील टाण्डेय, उप अभियंता सोमनाथ डेहरे, दीपक यादव तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# तीन केंद्रीय विद्यालयों की बेटियां 10वीं और 12वीं में अव्वल



कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी में 10वीं एवं 12वीं दोनों बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। तीनों केंद्रीय विद्यालयों में उत्कृष्ट रिजल्ट में साथ केवी 2 एनटीपीसी अव्वल भी रहा है। वहीं इन स्कूलों की बेटियों ने दोनों परीक्षाओं में अग्रणी स्थान बनाया। इस विद्यालय में कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से मयूराक्षी 92.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही। 89.4 प्रतिशत से ख्याति भोसले द्वितीय, 88.6 प्रतिशत लेकर श्रेयांश प्रभात कपूर तृतीय रहे। कॉमर्स संकाय में लिम्शा राजेश 92.2 प्रतिशत लेकर प्रथम, महिमा राठौर 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, सबीना खान 81 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह 10वीं बोर्ड में दीपशिखा सिंह 94.2 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर है।

इसी तरह 92.8 प्रतिशत अंक लेकर रूपांशी साहू द्वितीय एवं 90.4 प्रतिशत अंक के साथ विहान एनवी तृतीय स्थान पर रहे। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा के प्राचार्य एसके साहू ने बताया कि कक्षा 12वीं में 59 और 10वीं से 71 छात्र छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए और दोनों ही कक्षाओं में शत-प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए।

# पॉक्सो एक्ट में नामजद युवक ने की खुदकुशी

कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। मानिकपुर चौकी क्षेत्र में एक युवक ने तब आत्मघाती कदम उठा लिया जब उसके मां और पिता काम पर गए हुए थे। दोपहर 12 बजे लौटने के बाद मां की नजर बेटे के शव पर पड़ी। परिजनों ने मानिकपुर चौकी पुलिस को सूचना दी गई।

यह घटना एसईसीएल अंबेडकर भवन के पीछे स्थित बस्ती में हुई। जानकारी के मुताबिक सतीश बेला 27 वर्ष के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के मामला न्यायालय में चल रहा है। जिसकी बुधवार को अंतिम पेशी और सुनवाई थी। सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की मां ने बताया कि उनकी साड़ी से बेटे ने फांसी लगाई है। उनके बेटे को झूठे मामले में फंसाया गया है, उसके खिलाफ साजिश रची गई थी। जिसके चलते उसने ये घातक कदम उठाया है। वो चाहती है कि इस मामले में जांच हो और सतीश के मौत का वास्तविक कारण सामने आए। सतीश की मां ने बताया कि सुबह उनका बेटा कह रहा था कि वह मंदिर जाकर पूजा-पाठ करने के बाद कोर्ट जाएगा, जिससे सब ठीक हो जाएगा। वहीं सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने फॉरेन्सिक टीम को मौके पर बुलाया और उनसे भी जांच कराई गई है।

# राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप में जिले के तीन खिलाड़ी होंगे शामिल



कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। तृतीय राष्ट्रीय कूड़ो चैंपियनशिप का आयोजन महाराष्ट्र के सुभाषचंद्र बोस बॉयज मिलिट्री स्कूल और जूनियर कॉलेज पुणे, महाराष्ट्र में 16 से 22 मई तक आयोजित की जा रही है। ड्रैगन मार्शल आर्ट्स अकादमी निहारिका से तीन खिलाड़ियो अनुज अग्रवाल, वैभव कृष्ण और शौर्य तिवारी का चयन हुआ है जो रवाना हो गए हैं। बताया गया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 1500 खिलाड़ी शामिल होंगे।

पार्षद नरेंद्र देवांगन ने खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी छत्तीसगढ़ राज्य कूड़ो संघ के उपाध्यक्ष अविनाश बंजारे, ड्रैगन मार्शल आर्ट्स अकादमी के संचालक अजीत कुमार शर्मा, किरण कुमार अध्यक्ष, सचिव प्रेमराज बंजारे कोषाध्यक्ष देवाशीष कश्यप, खेल अधिकारी दीनू पटेल, सहायक खेल अधिकारी रामकृपाल साहू, जिला क्रीड़ा अधिकारी के आर.टंडन, प्राचार्या स्मिता वी नायर, जैन पब्लिक स्कूल, मोहम्मद आरिफ, हार्दिक दुरेजा, रानी मरकाम, स्नेहा बंजारे, मुस्कान जायसवाल, ईशा सोनवानी ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## जिले में अव्वल रहे डीपीएस के निलय



कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में कोरबा एसएस ग्रीन निवासी निलय पोपटानी ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर सर्वोच्च स्थान अर्जित किया है। वे अपने स्कूल में प्रथम रहे और जिले में भी सर्वोच्च स्थान बनाया। उन्होंने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की और दक्षता को हासिल किया। चाहत फैशन के संचालक विजय पारुल पोपटानी के पुत्र निलय को मिली इस सफलता ने परिजनों और शुभचिंतकों को खुश कर दिया। निलय ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण यह सब संभव हो सका है।

## एनईपीएस के आराध्य को 95 प्रतिशत अंक

कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। समाज सेवी अभिषेक शर्मा के पुत्र व पूर्व आयुक्त, अध्यक्ष अशोक शर्मा के पौत्र आराध्य शर्मा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अंतर्गत कक्षा



10वीं की परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर को गौरवान्वित किया हैं। न्यू एरा पब्लिक स्कूल कोरबा में पढ़ रहे आराध्य ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों व गुरुजनों को दिया है।

## डीएव्ही की आस्था तीसरे स्थान पर

कोरबा, 14 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई की हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में डीएव्ही गेवरा की प्रतिभाशाली छात्रा आस्था तिवारी स्कूल स्तर पर तीसरे स्थान पर रहीं।



उन्होंने 83.04 प्रतिशत अंक अर्जित किए। आस्था की माता लक्ष्मी तिवारी नवाचारी शिक्षिका और पिता सुशील तिवारी पत्रकार हैं। आस्था ने अपनी सफलता के लिए समर्पण और गुरुजनों के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया है।

## सार-संक्षेप

# जिले में ग्रीष्मावकाश के दौरान समर कैम्प का आयोजन

### बच्चों में रचनात्मकता का हो रहा विकास

**कोरिया,** 14 मई (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ एवं लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार, कोरिया जिले के बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंडों के शासकीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे से 9:30 बजे तक संचालित हो रहे हैं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. अशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस समर कैम्प का उद्देश्य विद्यार्थियों को अवकाश के दौरान भी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखना है। साथ ही, छात्रों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति, पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कक्षा 2 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए श्आमाराइटश् योजना अंतर्गत गतिविधियाँ निर्धारित की गई हैं। इनमें गीत-संगीत, कला, नृत्य, अभिनय, मिट्टी कला, मुखौटा निर्माण, रंगोली, मेंहदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, साथ ही कैरम, लूडो, सांप-सीढ़ी जैसे पारंपरिक खेल शामिल हैं। बच्चों द्वारा सीखी गई कलाओं को वे अपने माता-पिता के साथ साझा कर रहे हैं, जिससे परिवार भी इस अभियान से जुड़ रहा है। समर कैम्प में विद्यार्थियों को अपने गांव-शहर के ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग कर बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा की भी प्रारंभिक जानकारी दी जा रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को टीवी और मोबाइल जैसे डिजिटल माध्यमों की लत से दूर कर खुले मैदानों में खेलना सिखाना, उनकी मानसिक एवं शारीरिक क्षमताओं को बढ़ावा देना और पारंपरिक रीति-रिवाजों से जोड़ना है। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी संकुल समन्वयकों एवं संस्था प्रमुखों को समर कैम्प के सफल आयोजन हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही, समर कैम्प की नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गई है, जिससे इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

# लैलूंगा पुलिस की मवेशी तस्करों पर लगातार चौथी कार्रवाई



रायगढ़ 14 मई (देशबन्धु)। लैलूंगा थाना क्षेत्र में मवेशी तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 12 मई को लैलूंगा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो पशु तस्करों को रंगे हाथ पकड़ते हुए उनके कब्जे से 19 मवेशियों को क्रूरता से ले जाते हुए बरामद किया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर चल रही मुहिम के तहत इस महीने लैलूंगा पुलिस की यह चैथी बड़ी कार्रवाई है।

थाना प्रभारी उप निरीक्षक इगेश्वर यादव को सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति ग्राम सारसमाल रोड से मवेशियों को पैदल हांकते हुए क्रूरता पूर्वक उड़ीसा स्थित बूचड़खाना ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने स्वतंत्र गवाहों के साथ घेराबंदी कर नहर पुल के पास दोनों तस्करों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुजीत कुमार यादव (50), निवासी सिहारधार गम्हार थाना लैलूंगा और महेत्तर भुईहर (45), निवासी होरोंगुड़ा थाना लैलूंगा, जिला रायगढ़ के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे 19 नग मवेशियों को बेचने के उद्देश्य से उड़ीसा के बूचड़खाने ले जा रहे थे। जब्त मवेशियों की कीमत करीब 1,90,000 है। आरोपियों के खिलाफ थाना लैलूंगा में छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6, 10, 11, 12 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक इगेश्वर यादव के साथ सहायक उप निरीक्षक राजेश दर्शन और आरक्षक सुमित एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसपी दिव्यांग पटेल और एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में मवेशी तस्करी पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# रेलवे लाइन से तांबा तार चोरी

### चार पकड़ाये, आरोपियों में दो नाबालिग भी



रायगढ़ 14 मई (देशबन्धु)। घरघोड़ा पुलिस ने खरसिया-धरमजयगढ़ रेल्वे लाइन से तांबा तार चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें दो नाबालिग विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से लगभग 74 मीटर तांबा तार, जिसकी कीमत करीब 35,000 बरामद की गई है। साथ ही चोरी में प्रयुक्त तीन कुल्हाड़ी और एक आरीपत्ती भी जब्त की गई है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

घटना की शिकायत 12 मई को सतीश कुल्लु ने की थी, जो जसबीर सिंह कबेरवाल सेक्योरिटी एजेंसी के माध्यम से छत्तीसगढ़ ईस्ट रेल्वे लिमिटेड में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 9 मई की रात 10 बजे से 10 मई की सुबह 6 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने रेलवे पोल नंबर 69ध्01 से 10ध्01 के बीच की 100 मीटर विद्युत प्रवाहित तांबा तार चोरी कर ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए घरघोड़ा पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन और एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में टीम ने सक्रिय मुखबिरों की मदद से वसीम खान (32 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 2 घरघोड़ा और विनोद कुमार भुइँया (35 वर्ष) वार्ड क्रमांक एक कसैया घरघोड़ा को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूलते हुए बताया कि उन्होंने तीन अन्य लड़कों के साथ मिलकर चोरी की थी, जिनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। नाबालिगों को भी तलब कर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपराध में संलिप्तता स्वीकार की। आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर तांबा तार और उपकरण बरामद किए गए। चूंकि आरोपियों ने एक राय होकर संगठित तरीके से अपराध को अंजाम दिया।

इसलिए मामले में भारतीय न्यायतंत्र संहिता की संगठित अपराध की धारा 112(2) और 3(5) बीएनएस भी जोड़ी गई है। एक आरोपी फरार है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक खेमराज पटेल, प्रधान आरक्षक पारसमणी बेहरा, आरक्षक दिनेश सिदार, प्रह्लाद भगत, प्रेम राठिया, चंद्रशेखर चंद्राकर और कमलेश निराला की अहम भूमिका रही।

# एमआईसी बैठक में 20 करोड़ के विकास कार्यों को हरी झंडी

## तालाबों के सौंदर्यीकरण सहित स्टेडियम के जीर्णोध्दार के लिए शहर सरकार ने दी अपनी सहमति

### काशीराम चौक से कबीर चैक तक 2 करोड़ 73 लाख की लागत से निर्मित होगी बीटी सड़क






**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। मंगलवार को महापौर जीर्वधन चौहान की अध्यक्षता में एमआईसी की चैथी बैठक में जनहित एवं शहर विकास से जुड़े कार्यों के लिए करोंड़ों रूपये के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। एम आई सी की इस बैठक में शहर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सार्थक चर्चा की गई। आयुक्त ब्रजेश सिंह क्षत्रिय ने एमआईसी सदस्यों के द्वारा मांगी गई जानकारियां उपलब्ध कराई गई।

विकास कार्यों को गति देने के लिए मंगलवार को एमआईसी की चौथी बैठक रखी गई। बैठक के दौरान शहर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृती प्रदान की गई। बैठक में वरिष्ठ सदस्य सुरेश गोयल,पंकज कंकरवाल,अशोक यादव,पूनम सोलंकी,मुक्तिनाथ बबुआ,त्रिवेणी ड़हरे, अमित शर्मा, आनंद भगत के साथ नगर निगम से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंर्तगत 29 आवेदनों पर स्वीकृती प्रदान की गई। वहीं पेंशन योजनाओं के तहत निगम को वृध्दा पेंशन के लिए प्राप्त 44 आवेदनो में पात्र 34 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। विधवा पेंशन हेतु प्राप्त 11 आवेदनों में 6 पात्र आवेदनों सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 1 पात्र आवेदन एवं सुखद सहारा पेंशन के लिए 1 पात्र आवेदन को सहमति दी गई। शहर के दो तालाबों के लिए 7 करोड़ की राशि से संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हेतु एमआईसी ने सहमति प्रदान की। इसमें वार्ड क्रमांक 36 के मिठ्ठुमुड़ा तालाब के लिए 3 करोंड 92 लाख रूपये एवं वार्ड क्रमांक 32 के फटहामुड़ा के तालाब के लिए 3 करोड़ 38 लाख रूपये की राशि शामिल है। शहर के विकास के साथ-साथ जिले के खिलाड़ियों की मांग को मद्देनजर रायगढ़ स्टेड़ियम को अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने के लिए शहर सरकार तत्पर है। इस हेतु स्टेड़ियम में 4 करोड़ 81 लाख की लागत से सिंथेटिक रनिंग ट्रैक और 4 करोंड़ 45 लाख रूपये की लागत से अंर्तराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पूल के निर्माण के लिए स्वीकृती दी गई। इसी तरह बड़े रामपुर में स्केटिंग रिंग के निर्माण के लिए 2 करोड़ 33 लाख एवं रामलीला मैदान में लोगों के बैठनें के लिए 52 लाख रूपये की लागत से शेड़ निर्माण किया जायेगा ।शहर के बड़े व्यापारिक स्थान संजय मार्केट के जीर्णोध्दार के लिए निगम के द्वारा लगातार कार्य किये जा रहे हैं। पिछले दिनों संजय कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों के सहमति से अतिक्रमण हटाया गया ताकि समय रहते साफ सफाई कर डेंगू को पनपने से रोका जा सके। संजय मार्केट में 50 लाख की लागत से बीटी सड़क एवं 48 लाख 43 हजार रूपये की लागत से नाली का निर्माण किया जायेगा। वहीं मार्केट में 12 लाख 29 हजार रूपये की लागत से प्रवेश द्वारा का निर्माण किया जायेगा। ज्ञात हो कि बरसात के दिनों में संजय मार्केट की हालत दयनीय हो जाती है। नाली एवं सड़क निर्माण हो जाने से संजय कॉम्प्लेक्स के दिन बहुरेंगे और संजय कॉम्प्लेक्स में आने वाली बरसात के दिनों में कीचड़ की समस्या से मुक्ति मिलेगी सकेगी। बैठक में निगम ई ई अमरेश लोहिया, उपायुक्त सूतीक्षण यादव, आरओ नीतू अग्रवाल, कार्यालय अधीक्षक राम नारायण पटेल, एकाउंटेंट महताब अंसारी, शिव यादव, एई सूरज देवांगन के अलावा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में हुआ गृह प्रवेश

**एमसीबी,** 14 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लिए विगत 13 मई 2025 को एक ऐतिहासिक दिन रहा, जब जिले के 999 से अधिक परिवारों को अपने सपनों का पक्का घर मिला। मार्च 2025 से लेकर अब तक जिले में इन आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया, और आज इन सभी हितग्राहियों का एक साथ गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया। गृह प्रवेश का यह भव्य आयोजन सरगुजा संभाग के मुख्यालय अंबिकापुर में हुआ, जिसमें भारत सरकार के ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनकी के गरिमामयी उपस्थिति में इन नव निर्मित आवासों की चाबियाँ पात्र हितग्राहियों को सौंपी गईं, जिससे जिले भर में उत्सव का माहौल रहा।

मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ एमसीबी जिले के सभी जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में एक साथ सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हितग्राहियों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए अपने नए आवासों में प्रवेश किया।

केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से चलाई जा रही इस योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को न केवल एक पक्का घर मिला है, बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और सम्मान की अनुभूति भी हुई है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सभी को आवास के संकल्प की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। एमसीबी जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यापक तैयारियां की गई थीं और ग्राम स्तर तक प्रभावी समन्वय से कार्यक्रम को जन उत्सव का रूप दिया गया।

# बच्चों को लेने जा रही महिला को ट्रेलर ने कुचला, हुई मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग कर किया चक्काजाम





**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। मंगलवार की सुबह अपने बच्चों को लेने जा रही एक महिला को तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर कई घंटो तक चक्काजाम किया। उक्त घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक हमीरपुर की रहने वाली महिला पुष्पा मेहर 35 साल कल सुबह 9 बजे के आसपास अपने पति चमरा मेहर के साथ अपने बच्चों को लेने पुसौर ब्लाक के ग्राम कठानी जा रही थी। बताया जा रहा है कि दोनों पति-पत्नी जब संबलपुरी गांव के पास स्थित जायसवाल ढाबा के पास पहुंचे ही थे कि रायगढ़ की तरफ से ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एलए 6055 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपने पति के पीछे चल रही महिला को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में मौके पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि महिला को जोरदार ठोकर मारने के बाद आरोपी वाहन चालक मौके पर ही अपने वाहन को छोडकर फरार हो गया है। जिसके बाद से आक्रोशित गांव के ग्रामीणों ने मृतका के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर मौके पर चक्काजाम शुरू कर दिया है जिसके बाद से इस मार्ग में दोनों तरफ भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

इसकी जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन की टीम के अलावा चक्रधर नगर पुलिस टीम टीम मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुटी रही लेकिन 6 घंटे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का चक्काजाम समाप्त हुआ तब जाकर इस मार्ग में वाहनों का परिचालन शुरू हो सका।

# पानी बचाओ, फसल बढ़ाओ- समाधान शिविर में कलेक्टर की प्रेरक अपील



**कोरिया,** 14 मई (देशबन्धु)। जिले में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने की।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार व जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर व्यक्तिगत रुचि लेकर तत्परता से कार्य करें। कलेक्टर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कहा कि प्राप्त आवेदनों के शीघ्र समाधान और पारदर्शिता से जनता को समाधान शिविरों में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मांग और शिकायतों से जुड़े आवेदनों पर कार्रवाई की गई है, लेकिन अब यह आवश्यक है कि समाधान शिविरों में आम जनता के समक्ष इन कार्यवाहियों की जानकारी भी पूरी पारदर्शिता के साथ दी जाए। उन्होंने सभी विभागों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी शिविर स्थलों पर आमजन को देने को कहा, ताकि पात्र हितग्राही इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में बैकुण्ठपुर व सोनहत के एसडीएम और संबंधित तहसीलों के तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे राजस्व पखवाड़ा और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने पटवारी, ग्राम विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं पर्यवेक्षकों की कार्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पेयजल व्यवस्था, विधुत कनेक्शन, विद्यार्थियों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र व राशन कार्ड आदि से संबंधित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा गया।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का बोर्ड एक्जाम में रिजल्ट आया सौ फीसदी



**मनेंद्रगढ़,** 14 मई (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेंद्रगढ़ ने 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर 100त्न परिणाम देकर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को बरकरार रखा है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी दी बधाई विद्यालय के इस शानदार परिणाम पर नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी बधाई दी और भविष्य में विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**इन छात्र छात्राओं ने बढ़ाया मान**

विद्यालय के टॉपर गौर सुंदर दुबे ने 95त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद तनीष्क गौतम (94त्न), सुहानी अग्रवाल (93त्न), तेजस्वीर सिंह रैना (89त्न), उन्नति छत्तानी (88त्न), रुषिल आनंद साहू और स्वराज विश्वकर्मा (87त्न), पीयूष यादव, पुरवी यादव और प्रगति शुक्ला (82त्न), तथा सार्थक सिंह ने 80त्न अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण और प्रबंधन समिति ने इन होनहार विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय की प्राचार्य डाक्टर बसंत तिवारी ने कहा ङ्क हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि हमारे सभी छात्र सफल हुए हैं। यह सफलता केवल अंकों की नहीं, बल्कि उस अनुशासन और सीखने की प्रक्रिया की जीत है, जिसे विद्यालय वर्षों से बढ़ावा देता आ रहा है। विद्यालय की डायरेक्टर पूनम सिंह ने कहा ङ्क उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक सफलता नहीं बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास है ङ्क जिसमें नैतिक शिक्षा, खेल, कला, और सामाजिक चेतना को भी प्राथमिकता दी जाती है।

### अभिभावकों की यह रही प्रतिक्रिया-

अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण प्रणाली, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कई अभिभावकों ने कहा कि बच्चों ने डिजिटल युग में भी अनुशासित ढंग से पढ़ाई की और अपने भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया।

# तालाबों का किया जा रहा है गहरीकरण और सौन्दर्यीकरण

### 2 वर्ष के अंदर नगर की सभी तालाबों का होगा जिर्णोद्धार - अध्यक्ष कमल गर्ग



**खरसिया,** 14 मई (देशबन्धु)। विगत कई वर्षो से सफाई के अभाव में एवं नालियों का पानी तालाबों में जाने की वजह से प्रदूषित हो चुके धार्मिक और पुरातात्विक महत्व के शहर के बीच में स्थित चंदन की नगर वासियों एवं मोहल्ले वासियों की विशेष मांग पर सफाई एवं गहरीकरण के साथ ही सौन्दर्यीकरण करने का बीड़ा नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के द्वारा उठाया गया है जिसके लिए सर्वप्रथम तालाब में आने वाले गंदे पानी को रोकने की व्यवस्था के साथ ही तालाब के चारों ओर नाली का निर्माण और रिटर्न वाल का निर्माण करवाया जाएगा।

बताते चले कि खरसिया नगर के मध्य में स्थित चंदन तालाब जिसके चारों ओर भगवान शिव, हनुमान, गुड़गांव वाली देवी माता, रानी सती मंदिर , शनि मंदिर, राम मंदिर, गोगा पीर, सहित हिंदू धर्म की सभी माता के मंदिर स्थित है। जिससे इस तालाब का धार्मिक महत्व भी बहुत बढ़ जाता है यहां स्थित पीपल के वृक्ष के नीचे सभी प्रकार के हिंदू धर्म के अनुसार कर्मकांड और अपने पितरों को जल अर्पित किया जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग द्वारा 2016 में अपने विगत कार्यकाल में इस तालाब की सफाई करवाई गई थी पुनः एक बार चंदन तालाब की सफाई नगर वासियों की भावनाओं को देखते हुए अत्यंत ही आवश्यक है । सर्व प्रथम चंदन तालाब एवं डबरी तालाब की सफाई एवं गहरीकरण के साथ ही सौन्दर्यीकरण प्रारंभ किया गया है। इस संबंध में कमल गर्ग ने कहा कि नगर की तालाबों का सफाई एवं गहरीकरण के साथ ही सौन्दर्यीकरण करना कई मायनों में अति आवश्यक है गहरीकरण से भूजल स्तर बढ़ता है साथ ही निस्तार के लिए भी तालाब का जल उपयोग किया जाता है जिसकी वजह से शहर के पानी बोर पंप में कम बोझ पड़ता है नगर भी सुंदर दिखता है। सर्वप्रथम तालाबों में जा रहे नालियों के एवं घरों के गंदे पानी की चिंता की जा रही है उसे किस प्रकार डायवर्ट किया जाए उसको लेकर उपाय किए जा रहे हैं आने वाले 2 वर्षों के भीतर नगर की सभी तालाबों की सफाई गहरीकरण एवं सौंदर्य करण करते हुए सभी तालाबों को निस्तार योग्य बनाने का संकल्प लेकर नगर पालिका कार्य कर रही है।

# नपा में शिविर लगाकर किया गया समस्याओं का समाधान

### सभी विभागों ने प्राप्त आवेदन की विस्तार से दी जानकारी



**खरसिया,** 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन त्यौहार 2025 के अंतर्गत 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से सभी विभागों में आवेदन और शिकायतें ली गई थी में आवेदन एवं शिकायतों पर के समाधान के लिए 5 में से 31 में तक शहरों एवं ग्रामों में शिविर के माध्यम से इनका समाधान किया जा रहा है इसी के अंतर्गत आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रियंका वर्मा तहसीलदार लोमेश मिरी नायब तहसीलदार काजल अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग उपाध्यक्ष अवध नारायण बंटी सोनी वार्ड पार्षद मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रण भगत सभी विभागों के अधिकारीयों कर्मचारीयों एवं आम जनता की उपस्थिति में स्थित दीनदयाल भवन में वार्ड क्रमांक 9 से 15 तक के आवेदन एवं शिकायतों का समाधान किया गया जिसमें नगर से लोक निर्माण विभाग विभाग को खरसिया शहर में रिंग रोड बनवाने बाबत एकमात्र आवेदन आनंद अग्रवाल का प्राप्त हुआ था।

जिस पर विभाग द्वारा 48 करोड रुपए का प्रपोजल बनाकर सरकार को प्रेषित किया गया है वहीं खाद्य विभाग को तीन आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे उनका समाधान किया गया नगर पालिका में 33 शिकायतें एवं विभिन्न मांगों के लिए 83 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें सभी मांगों और शिकायतों का निराकरण किया गया इनमें से एक मांग प्रक्रिया में है जिसका जल्द समाधान कर दिया जाएगा वहीं राजस्व विभाग में 41 आवेदन प्राप्त हुए थे वहीं शिक्षा विभाग को प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी कर दिया गया है। इस अवसर पर एसडीएम प्रियंका वर्मा ने कहा कि राजस्व विभाग आपकी सभी समस्याओं को दूर करने के लिए हमेशा आपके साथ है तहसीलदार लोमेश मिरी ने कहा कि आपके ऊपर कोई भी आपका विपत्ति आती है तो परिवार में असामायिक मृत्यु होने पर शान द्वारा 4 लाख रुपये दिए जाते हैं स्वयं उपस्थित होकर तहसील में आवेदन लगावे आपका कार्य एक सप्ताह में किया जाएगा किसी भी बिचौलियों के चक्कर में न फंसे। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने सुशासन त्यौहार पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है आम जनता की छोटी-छोटी समस्याएं होती हैं एवं जानकारी के अभाव में शासन की योजनाओं का लाभ वह नहीं उठा पाते हैं आम नागरिकों की समस्याओं एवं शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आज 6 वार्डों के लिए समस्या समाधान शिविर लगाया गया था जिसमें चार दिव्यांग जनों को उनकी मांग के अनुसार ट्राई साइकिल प्रदान की गई आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड जाति प्रमाण पत्र सहित उनके द्वारा की गई अनेकों मांगों का निराकरण किया गया।

# करोड़ों खर्च कर बनी हेचरी इकाई बन रही खंडहर, ताले में बंद रोजगार के अवसर

## बुनियादी सुविधाओं की कमी और सरकारी उपेक्षा से योजना विफल, बेरोजगारों में गहरी निराशा




जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। राज्य सरकार द्वारा बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से करोड़ों रुपए की लागत से स्थापित की गई हेचरी इकाई अब खंडहर में तब्दील होती जा रही है। रीपा गोठान में स्थापित इस इकाई में न तो कार्य शुरू हो पाया, न ही कोई कामगार नियुक्त किया गया है। इसका प्रमुख कारण मूलभूत सुविधाओं और आवश्यक मशीनरी का अभाव है, जिससे मुर्गी पालन के लिए आवश्यक तापमान बनाए रखना संभव नहीं हो पा रहा है।

पूर्ववर्ती सरकार ने स्व सहायता समूहों की महिलाओं और शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार देने के उद्देश्य से इस हेचरी यूनिट की नींव रखी थी। योजना के तहत उन्हें प्रशिक्षण, संसाधन और संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जानी थी, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे कोसों दूर है। तापमान नियंत्रण जैसी अनिवार्य सुविधा के बिना यह इकाई आज पूरी तरह से निष्क्रिय पड़ी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कुछ समय पूर्व कुछ युवाओं ने इस इकाई का निरीक्षण किया था, लेकिन चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण प्रक्रिया ठप पड़ गई। चुनाव समाप्त होने के बाद जब दोबारा प्रयास किए गए, तब जटिल प्रक्रियाओं और तकनीकी अड़चनों ने रास्ता रोक दिया। इससे युवाओं में निराशा फैल गई है।

इस बीच निजी कंपनियां सुविधायुक्त हेचरी इकाइयों के माध्यम से मुर्गी पालन को बढ़ावा दे रही हैं और लाभ कमा रही हैं। वहीं सरकारी योजनाएं महज कागजों में सिमटकर रह गई हैं।

### इकाई को पुनर्जीवित करने की मांग

स्थानीय लोग सरकार से जवाब और इस इकाई को पुनर्जीवित करने की मांग कर रहे हैं, ताकि रोजगार के अवसर फिर से खुल सकें और योजना अपनी वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त कर सके।

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब बुनियादी सुविधाओं के बिना करोड़ों की लागत से इसका निर्माण क्यों और किसके लिए किया गया?

### सक्षम इकाई को सौंपने के लिए विचार किया जा रहा है-सीईओ

इस संबंध में जनपद पंचायत बलौदा के सीईओ रोहित नायक ने बताया कि जर्वे में रीपा के तहत बनाए गए हैचरी को शुरू करने के लिए पंचायत स्तर पर सक्षम इकाई को सौंपने के लिए विचार किया जा रहा है इसके लिए शीघ्र नए सिरे से प्रयास किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### जिला चिकित्सालय और कलेक्टोरेट कंपोजिट भवन निर्माण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करें ठेकेदार- कलेक्टर



सारंगढ़, 14 मई (देशबन्धु)। जिले के दो महत्वपूर्ण निर्माणाधीन भवन जिला चिकित्सालय और कलेक्टोरेट कंपोजिट भवन का कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया।कलेक्टर ने दोनों निर्माणधीन भवनों के ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही और गुणवत्ताविहीन मटेरियल का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला अस्पताल भवन में ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर, आईपीडी, ऑक्सीजन प्लांट, पार्किंग, लैब, डॉक्टर कक्ष, दवा भंडार केंद्र, स्वास्थ्य मिशनरी, एक्सरे कक्ष आदि भारी भरकम निर्माणाधीन भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को ठेकेदार ने पानी की समस्या की जानकारी दी कि अब तक जितने बोर कराए हैं, उसमें पानी नहीं मिल पाया है। आसपास के निजी बोर वालों से पानी की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित सरपंच को निर्देशित किया कि, गौठान सहित अन्य सभी बोर से पानी सप्लाई की व्यवस्था करें। ठेकेदार ने कहा कि तेज गति से कार्य किया जा रहा है। वहीं ठेकेदार के द्वारा मजदूर की समस्या बताने पर कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने स्थानीय और बाहरी दोनों प्रकार के मजदूरों को शामिल कर कार्य में तेजी लाने की बात कही। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला कंपोजिट बिल्डिंग का निरीक्षण किया, जहां ठेकेदार ने एक साल में बिल्डिंग पूर्ण करने की जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने कार्य की प्रगति की बेहतर स्थिति को गुणवत्ता के साथ द्रुत गति प्रदान करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान आईएएस प्रखर चंद्राकर एसडीएम, इंद्रजीत बर्मन जिला पंचायत सीईओ, अनिकेत साहू डिप्टी कलेक्टर, डॉ एफ आर निराला सीएमएचओ, दीपक जायसवाल सिविल सर्जन, नंदलाल इज़रदार डीपीएम, विग्नेश कुमार एसडीओ लोक निर्माण विभाग, पटवारी, सरपंच, पंच एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिला कंपोजिट भवन का निर्माण मार्च 2025 से शुरू हुआ, जिसे पूरा करने के लिए 18 माह का समय दिया गया है।

### अविनाश पाठक बनाएं गए सांसद प्रतिनिधी

कोरिया, 14 मई (देशबन्धु)। सोनहत क्षेत्र के कांग्रेसी नेता अविनाश पाठक को एक और बड़ी जिम्मेदारी मिली। कोरबा लोक सभा की सांसद ज्योत्सना महंत ने अविनाश पाठक को कोरिया जिले के सोनहत जनपद क्षेत्र के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। बुधवार को रायपुर प्रवास के दौरान कांग्रेस की सांसद ज्योत्सना महंत ने सोनहत क्षेत्र में संगठन और जन हितार्थ कार्यों में समर्पित अविनाश पाठक को बड़ी जिम्मेदारी दी है। श्री पाठक ने कहा मैं क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए हर सम्भव प्रयास करते रहूंगा।

### बरमकेला ब्लॉक के ग्राम बार में आज समाधान शिविर

सारंगढ़, 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 15 मई को बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत बार में समाधान शिविर होगा। समाधान शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर में ग्राम पंचायत बार, जामपाली, अमूर्रा, जलगढ़, क़ान्दुरपाली, बरपाली, सुखापाली, कंडोला और गिरहुलडीह के आश्रित गांव के ग्रामीण सहित क्षेत्रवासी शामिल हो सकते हैं।

### पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में लाटरी से हुआ चयन

सारंगढ, 14 मई (देशबन्धु)। आज सुबह पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय सारंगढ में विद्यालय प्रशासन समिति के अध्यक्ष जुगल केशरवानी के निर्देश पर लाटरी से कक्षा एलकेजी से लेकर ग्यारहवीं तक के छात्र छात्रों का चयन लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार किया गया जिसमें एबीईईओ डोंगरे प्राचार्य सुदीप्त प्रधान विद्यालय प्रशासन समिति के सदस्य राजा गुप्ता पालक प्रतिनिधि दीपक थवाईत शिक्षक गण उपस्थित रहे तथा मंच संचालन बजरंग आदित्य ने किया इस दौरान लाटरी प्रक्रिया की पूर्ण वीडियोग्राफी कराई गई और पालकों व छात्र छात्राओं ने भी लाटरी निकाली ।

### सीबीएससी बोर्ड परीक्षा 10 वी में कुमारी कृतिका सिदार ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किया



डभरा, 14 मई (देशबन्धु)। संवरा समाज की बेटी कुमारी कृतिका सिदार ने सीबीएसई बोर्ड केंद्रीय विद्यालय डीआरडीओ बैंगलोर पढ़ाई कर कक्षा दसवीं में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है वह हर रोज सेल्फ स्टडी करती थी। इसके साथ साथ लाइव सेशन भी देखा करती थी पिता तिलक सिदार सीनियर मैनेजर हिंदुस्तान ऐरोनिएक्स लिमिटेड इंजीनियर और माता श्रीमती नम्रता सिदार एच आर एमबीए है इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ साथ वह नानी नाना पूर्व जिला पंचयात सदस्य श्रीमती रामबाई सिदार कोटमी बंशीधर सिदार एस. ई. सी एल कोरबा एवं बड़े पापा जगदीश प्रसाद सिदार लेक्चरर अमलीभौना कठली रायगढ़ को देना चाहती है।

### जिला प्रशासन द्वारा रोका गया बाल विवाह



जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होते ही जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास एवं पुलिस विभाग के सहयोग से ग्राम पोंच में बाल विवाह रोका गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि तहसील बलौदा के ग्राम पंचायत पोंच में बालक के घर जाकर उसके अंकसूची की जांच की गई। जहां बालक का उम्र 19 वर्ष 02 माह होना पाया गया। जो कि विवाह हेतु निर्धारित उम्र से कम था। विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बालक व उनके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया एवं समझाईश के पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालक के माता-पिता की सहमति से बालक के विवाह को रोका गया। साथ ही लड़कियों के लिए निर्धारित 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए निर्धारित 21 वर्ष के पूर्व विवाह न करने संबंधी घोषणा पत्र व राजीनामा पत्र में गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर कराया गया। दल में

# भाजपा मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया कांग्रेसियों ने

## सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपमानजनक टिप्पणी को लेकर विरोध प्रदर्शन



जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री एवं भाजपा नेता विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की जांबाज़ अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने मंगलवार को तीव्र रोष प्रकट किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर द्वारा मंत्री विजय शाह का पुतला दहन कर उन्हें मंत्री पद से तत्काल बर्खास्त करने की मांग की गई।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार एवं जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। प्रमुख उपस्थितजनों में प्रदेश कांग्रेस सचिव हर प्रसाद साहू, प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा विभाग के उपाध्यक्ष डॉ. परस शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी, विवेक सिसोदिया, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, देव कुमार पांडे, अजीत सिंह राणा, कमलेश सिंह बाबा, परमेश्वर निर्मले, शत्रुघ्न दास महंत, संतोष गढ़वाल बबई, आकाश तिवारी, हेमलता राठौर, मुस्कान परवीन, वर्षा सिंह, चंपा प्रधान, प्रमोद सिंह, पार्षद अक्षय टेकाम, अरमान खान, हीरा उपाध्याय, बबला तिवारी, प्रीतम कश्यप, अनिल राठौर, पंकज शुक्ला, गौरव सिंह, रामविलास राठौर, चेतन देवांगन, हर्ष शुक्ला, विजय गढ़वाल, शांतिलाल साहू, जितेंद्र दिनकर, दिनेश मिरी, अमन तिवारी, दीपेंद्र कहरा, अभिषेक सिंह, करण कुमार, विकास पांडे, कमलेश ताम्रकार, नितेश भोलू यादव, आकाश सिंह, रवि शंकर सूर्यवंशी, अनुराग राठौर, हिमांशु राठौर, प्रिंस राठौर, रविकांत कश्यप सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस घटना को भारतीय सेना का अपमान बताते हुए कहा कि विजय शाह की टिप्पणी न केवल निंदनीय है, बल्कि देश की वीर बेटियों का मनोबल गिराने वाली है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि विजय शाह को मंत्री पद से तत्काल नहीं हटाया गया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

फोटो संलग्न- 14 ई,

# थाना सक्ती का पुलिस अधीक्षक ने किया वार्षिक निरीक्षण

## आर्म्स व एम्युनेशन तथा जब्त माल का किया अवलोकन



सक्ती, 14 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने आज थाना सक्ती का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में संधारित समस्त अभिलेखों, दस्तावेजों, रजिस्टरों सहित आर्म्स व एम्युनेशन तथा जब्त माल का अवलोकन किया और उनके समुचित संधारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु उन्होंने आमजन के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने, पारदर्शी व निष्पक्ष कार्यवाही करने, तथा फरियादियों की शिकायतों पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महिला अपराधों की रोकथाम हेतु भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन पेट्रोलिंग, संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। सक्ती पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा एवं नशे के अवैध कारोबार पर की गई निरंतर कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक ने भविष्य में भी टीम वर्क के साथ सूचना संकलन कर अभियान को जारी रखने के निर्देश दिए। थाना में लंबित मामलों के त्वरित निराकरण, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जनजागरूकता अभियान, यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई, बीट प्रणाली के तहत ग्राम भ्रमण, सायबर अपराधों से बचाव हेतु प्रचार-प्रसार तथा आमजन से संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। थाना परिसर की स्वच्छता बनाए रखने की हिदायत देते हुए उन्होंने सभी अधिकारी/कर्मचारियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने वाले पुलिसकर्मियों—प्रधान आरक्षक संजीव शर्मा, फलेंद्र मनहर, शब्बीर मेमन, उमेश साहू तथा आरक्षक श्याम गबेल, महासिंह सिदार, यादराम चंद्रा, पवन शुक्ला और जयनारायण कंवर को नगद इनाम देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, निर्देशों की अवहेलना करने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सक्ती मनीष कुंवर भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन 31 जुलाई तक

जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक निर्धारित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2025 तक) के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा। जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है। नामांकन पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।

पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयु सीमा 5 से 18 वर्ष निर्धारित है। कोई भी व्यक्ति या संस्था ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को नामांकित कर सकती है। इच्छुक बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।

### ऐसे कर सकते है आवेदन

नामांकन के लिए पंजीकरण के दौरान आवेदकों को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ईमेल, आधार संख्या सहित अन्य जानकारी देना अनिवार्य है। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 श्रेणी का चयन कर आवेदन भरना होगा। आवेदन पत्र में उपलब्धियों का 500 शब्दों का संक्षिप्त विवरण, आवश्यक दस्तावेज (पीडीएफ, अधिकतम 10 फाइलें) और फोटो (जेपीजी/पीएनजी) अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन ड्राफ्ट के रूप में सेव कर अंतिम तिथि से पहले संपादित कर जमा किया जा सकता है।

## सीबीएसई वाणिज्य संकाय में अदिति ने किया टॉप



जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में जांजगीर की अदिति सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वाणिज्य संकाय मे टॉप किया है। अदिति जिला उपभोक्ता आयोग मध्यस्थता परिषद जांजगीर के सदस्य मनरमण सिंह की पुत्री है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जांजगीर की छात्रा अदिति शुरू से मेघावी छात्रा रही है। दसवीं बोर्ड में उन्होंने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। अदिति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बड़े भैया मनु राज सिंह को देते हुए बताया कि सत्र शुरू होते ही उन्होंने प्रतिदिन 7 से 8 घंटे नियमित पढ़ाई की। वह भविष्य में न्यायपालिका के क्षेत्र में सेवा करना चाहती है।

## आकांक्षा आवासीय विद्यालय में कोचिंग हेतु प्रवेश परीक्षा कल

जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। जिला स्तर पर संचालित आकांक्षा आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा दिनांक 16 मई शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक जिला पंचायत परिसर स्थित आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जांजगीर-चांपा में संपन्न होगी। प्रवेश पत्र 13 मई से कार्यालयीन समय में आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जांजगीर से प्राप्त किए जा सकते हैं। पात्र विद्यार्थियों की सूची जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे देखकर अभ्यर्थी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु विद्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है

जिला नोडल अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, चयन परीक्षा एवं प्रावीण्यता सूची के आधार पर विद्यार्थियों को 02 वर्षीय आवासीय कोचिंग नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। इस कोचिंग के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। यदि कोई व्यक्ति प्रत्यक्ष या फोन के माध्यम से राशि की मांग करता है, तो वह ग़लत एवं भ्रामक सूचना है—ऐसे व्यक्तियों से सतर्क रहें।

## ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जन्मेजय महोबे के द्वारा जिले के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड अनुरूप ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनो के रख-रखाव करने हेतु निर्देशित किया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान शशि चौधरी, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दुर्गा मंदिर में चोरी की वारदात, पुलिस जांच में जुटी



जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। पुरानी सिंचाई कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर में घुसकर दान पेटी को निशाना बनाया और नकदी चोरी कर फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर समिति के सदस्य सिटी कोतवाली पहुंचे और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गौर करने वाली बात यह है कि इससे पहले भी इसी मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है, लेकिन इस बार चोरों ने सुरक्षा उपायों को धता बताते हुए सीधे दान पेटी तक पहुंच बना ली। फिलहाल दान पेटी में कितनी राशि थी, इसका आकलन नहीं हो पाया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संभावित आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# पीएम आवास योजना व जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं - कलेक्टर

## सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के दिए निर्देश



जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन में प्राप्त मांग एवं शिकायतों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हर घर जल योजना के कार्यों की समीक्षा की और प्रगतिरत कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश। उन्होंने सीईओ, सीएमओ को निर्देशित कर कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस के तहत जिला टास्क फोर्स के माध्यम से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस, राजस्व एवं माईनिंग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने महतारी वंदन योजना सहित सभी हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीफ फसल के दृष्टिगत जिले में खाद-बीज के भंडारण और किसानों को किए जा रहे वितरण की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों के लिए डीएपी खाद की कमी की आपूर्ति हेतु इसकी जगह यूरिया, सुपर फास्फेट, पोटाश की संतुलित मात्रा या एनपीके मिश्रित खाद का उपयोग करने किसानों में जन जागरूकता लाने और प्रोत्साहित करने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए। कलेक्टर ने पीडबल्यूडी विभाग अंतर्गत सड़क निर्माण से संबंधित विषयों की पूर्व बैठक में दिये गये निर्देशानुसार अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ई-डिस्ट्रीक्ट (लोक सेवा गांरटी) अंतर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग एवं जिला अग्निशमन अधिकारी को जिले में संचालित बड़े उद्योगों में डिजास्टर मैनेजमेंट प्लांट तैयार करने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिकल सेल प्रभावितों का सर्वे कर चिन्हांकन की प्रगति व जनजागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वय वंदन योजना अंतर्गत प्रगति की जानकारी ली तथा जिले में शेष बचे 10 प्रतिशत हितग्राहियों का सर्वे कर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए है।

उन्होंने केसीसी, डिस्ट्रिक्ट प्लान, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, राजस्व प्रकरणों, समाधान शिविर सहित अन्य विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# देश विदेश

## पेरू के प्रधानमंत्री एड्रियनजेन ने दिया इस्तीफा

**लीमा।** पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनज़ेन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। श्री एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविज़न पर अपने संबोधन में कहा, राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफ़ा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूँ। श्री एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थीं, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।

### एस जयशंकर की ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री से फोन पर बात

# आतंकवाद के मुद्दे को लेकर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री बियाटे मींल-रेसिंगर से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच आतंकवाद के मुद्दे को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री से बातचीत की जानकारी दी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री के साथ आज हुई बातचीत की सराहना करता हूं। उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस और न्यूक्लियर ब्लैकमेल के दृढ़ विरोध पर सहमति हुई। हमारे बेहतरीन द्विपक्षीय संबंधों और यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा हुई। वहीं, ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री ने इस बातचीत को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ फोन पर अच्छी बातचीत हुई। ऑस्ट्रिया और भारत



■ **हमने यूक्रेन में शांति के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी चर्चा की : जयशंकर**

अपने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की ऑस्ट्रिया की निंदा दोहराई और तनाव कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में पाकिस्तान के साथ सीजफायर का स्वागत किया।

उन्होंने आगे लिखा, हमने यूक्रेन में शांति के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी चर्चा की और मैंने इस बात पर जोर दिया कि अब समय आ गया है कि रूस हिंसा बंद करे और सीजफायर पर सहमत हो। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा था कि भारत कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। न्यूक्लियर ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा।

## पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग के अधिकारी को 24 घंटे में देश छोड़ने को कहा

**इस्लामाबाद,** 14 मई (एजेंसियां।) (एजेंसियां।) भारत की ओर नयी दिल्ली में एक पाकिस्तानी अधिकारी को 'अवांछित व्यक्ति' घोषित करने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए यहां भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी को निष्कासित कर दिया है। पाकिस्तान ने मध्यरात्रि के आसपास जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उक्त भारतीय अधिकारी ऐसी गतिविधियों में शामिल था, जो उसकी राजनयिक स्थिति के अनुरूप नहीं थी और उसे 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश दिया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहासरकार ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को उसके विशेषाधिकार के अनुरूप गतिविधियों में शामिल होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। संबंधित अधिकारी को 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश दिया गया है। भारतीय प्रभारी को आज विदेश मंत्रालय में इस निर्णय से अवगत कराने के लिए बुलाया गया था। इससे पहले मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी को जासूसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के बाद भारत ने अवांछित घोषित कर दिया था।

## गाजा में यूरोपीय अस्पताल पर इजरायली हमले में छह फिलिस्तीनी मारे गए, 40 घायल

**गाजा,** 14 मई (एजेंसियां)। दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस में यूरोपीय अस्पताल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम छह फिलिस्तीनी मारे गए और 40 अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को दी। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफा ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि हमले में 16 लोग मारे गए हैं। वहीं अन्य मीडिया संस्थानों ने बचावकर्मियों के हवाले से बताया कि मरने वालों की संख्या 28 है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि अस्पताल पर कम से कम छह मिसाइलों से हमला किया गया।



सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में अस्पताल को काफी नुकसान हुआ है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने इजरायल सुरक्षा एजेंसी के साथ समन्वय में एक 'सटीक हमला' किया था, जिसमें अस्पताल के नीचे स्थित हमास के गुर्गों को निशाना बनाया गया था। आईडीएफ के अनुसार हमला भूमिगत हमास कमांड और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाकर किया गया था। सेना ने हमास पर उग्रवादी बुनियादी ढांचे को छिपाने के लिए गाजा में अस्पतालों का उपयोग जारी रखने का आरोप लगाया। इजरायली राज्य प्रसारक कान और अन्य मीडिया संस्थानों ने बताया कि हमले में हमास के नेता मोहम्मद सिनवार को निशाना बनाया गया था। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह हताहतों में शामिल था या नहीं। सिनवार पूर्व हमास नेता याह्या सिनवार का छोटा भाई है। याह्या को पिछले साल अक्टूबर में दक्षिणी गाजा में इजरायली सेना ने मार गिराया था। हमास ने मंगलवार को जारी एक बयान में इजरायल के दावों को खारिज करते हुए इसे 'झूठ और अंतरराष्ट्रीय जनमत को गुमराह करने का प्रयास' बताया। समूह ने इजरायल पर गाजा की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर हमलों को सही ठहराने और 'नागरिकों को आतंकित करने' के लिए ऐसे आरोपों का फायदा उठाने का आरोप लगाया। बयान में यह नहीं बताया गया कि मोहम्मद सिनवार घटनास्थल पर मौजूद थे या नहीं।

## सुडोकू 6913


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 7 | 5 | | |
| | | | | | 8 | | 4 | 3 |
| | | | 4 | | 5 | | | 8 |
| 1 | | 4 | | | | | 9 | 6 |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| 6 | 3 | | | | | 2 | | 5 |
| 9 | | | 5 | | 4 | | | |
| 2 | 4 | | 3 | | | | | |
| | | 5 | 6 | 9 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6913



**बायें से दायें:-**

१. सामान्य हितों की रक्षा के लिए संघटित संस्था, समूह राशि
३. दुखद, अफसोसनाक (उर्दू)
५. रक्त सिरा, नस
६. अनाथालय (उर्दू)
८. पंडितों के लिए, एक आदरसूचक संबोधन
९. गांव, ग्राम
१०. दूसरे के अधीन
१२. भर्त्सना (उर्दू)
१३. दुर्भाग्यसूचक ग्रह योग
१४. भीख मांगते हुए घूमना
१६.. लहर
१८. मुग्ध करने वाला
२०. चितकबरा
२१. प्रस्थान (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना

**ऊपर से नीचे:-**

१.मददगार
२. किसी कार्य के बनने-बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी
३. संतोष की बात (उर्दू)
४. जो किसी काम का न हो, निकम्मा (उर्दू)
५.'मनीऑर्डर' डाक द्वारा राशि भेजना
८. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
१०. इम्तहान
११. बखान
१२. उत्पादन-व्यव
१३. कठिन, जटिल, विषम
१४. दीवारों पर बना चित्र
१५. बूंद-बूंद करके गिरना
१७. रंगयुक्त आशिक मिजाज
१८. लड्डू
१९. किसी काम को अंजाम देना
२२. भीगा हुआ, तर

### वर्ग पहेली-6912



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 15 मई , 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा।

वृषभ - दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।

मिथुन - आज आपके परिवार का वातावरण उल्लासपूर्ण रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। आप के अधूरे काम पूरे होने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापारिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

कर्क - भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक काम करने से सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न करें। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

सिंह - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी दोपहर के बाद आप निवेश संबंधी योजना पर काम कर सकते हैं।

कन्या - आध्यात्मिकता के प्रति आपको आकर्षण अधिक रहेगा। आप को आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए काम का आरंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला - आज सुबह की शुरुआत कुछ सुस्त होगी। किसी बात की ग्लानि आपके मन में रह सकती है। परिजनों के साथ आज कुछ मर्यादापूर्वक बात करें। धर्म कार्य पर खर्च होने की संभावना है।

वृश्चिक - आप का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज अच्छा बना रहेगा। परिवार का वातावरण हर्षोल्लासपूर्ण रहेगा। क्रोध की मात्रा बढ़ें, तो भी क्रोध न करें। दोस्तों से मिलने का आनंद लें।

धनु - आज वाणी पर संयम रखें और क्रोध ना करें। परिजनों के साथ संबंधों में कुछ कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। ऑपरेशन जैसे काम को आज टालें।

मकर - सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने के साथ ही व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से आज का दिन लाभदायी है। दोपहर के बाद सावधानी बरतकर काम करें। स्वास्थ्य को संभालें। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखें।

कुंभ - आप का मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत मिलेंगे। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। कार्यालय में अधिकारियों को आप के काम से संतोष रहेगा। पदोन्मति के योग हैं।

मीन - व्यापार में नए सौदों के लिए आज का समय अनुकूल नहीं है। अधिकारी तथा विरोधियों के साथ व्यर्थ चर्चा ना करें। यात्रा हो सकती है। दोपहर के बाद कार्यालय का वातावरण अनुकूल रहेगा। अधूरे काम पूरे होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बहामास में भारतीय-अमेरिकी छात्र की बालकनी से गिरकर मौत



**बॉस्टन,** 14 मई (एजेंसियां)। बहामास में एक भारतीय मूल के अमेरिकी छात्र की बालकनी से गिरकर मौत हो गई। मैसाचुसेट्स स्थित श्रूजबरी के मूल निवासी गौरव जयसिंह, बेंटले यूनिवर्सिटी के छात्र थे और सीनियर क्लास ट्रिप पर थे। रॉयल बहामास पुलिस बल ने पहले इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा था कि जयसिंह अपने होटल में अन्य रूममेट्स के साथ थे और अचानक ऊपरी मंजिल की बालकनी से गिर गए थे। जयसिंह डेल्टा सिग्मा पाई बिरादरी और यूनिवर्सिटी के साउथ एशियन स्टूडेंट्स एसोसिएशन के सदस्य थे। बेंटले यूनिवर्सिटी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर छात्र की दुखद मौत पर शोक जताया। यूनिवर्सिटी की तरफ से एक्स पर लिखा गया, पिछले कुछ दिन मुश्किल भरे रहे हैं और हमारा समुदाय गौरव जयसिंह (उम्र 25) की दुखद मौत पर भावनात्मक रूप से आहत है। हमारी संवेदनाएं गौरव के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। हम स्नातक दीक्षांत समारोह में गौरव को सम्मानित करने की योजना बना रहे हैं।

# अनीता आनंद कनाडा की विदेश मंत्री नियुक्त

## भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की जिम्मेदारी

■ **नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद पहले परिवहन और रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं**

■ **रूबी सहोता, जो पहले लोकतांत्रिक संस्थाओं की मंत्री थीं, उन्हें राज्य सचिव बनाया गया है**



**ओटावा,** 14 मई (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। आनंद की विशेष जिम्मेदारी भारत के साथ संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने की होगी। पीएम कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री पद पर नियुक्त करते हुए कहा कि उनका मिशन भारत के साथ लगभग टूट चुके संबंधों को फिर से स्थापित करना होगा। इसके साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बेहतर तालमेल बनाकर अमेरिका के साथ संबंध मजबूत करना होगा। नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद पहले परिवहन और रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। जनवरी में उन्होंने कहा था कि वे राजनीति को छोड़कर शिक्षा के क्षेत्र में लौटेंगी। लेकिन पिछले महीने हुए चुनाव में फिर से चुने जाने के बाद पीएम कार्नी ने उन्हें मंत्रिमंडल में वापस आने और विदेश मामलों का मंत्रालय संभालने के लिए राजी कर लिया। कार्नी को पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की कैबिनेट विरासत में मिली थी। लेकिन उनके पास अब अपनी छाप छोड़ने का मौका है, उन्होंने पिछले महीने हुए चुनाव में लिबरल पार्टी को जीत दिलाई थी। पीएम बनने के बाद कार्नी ने कई बड़े फैसले लिए हैं। रूबी सहोता, जो पहले लोकतांत्रिक संस्थाओं की मंत्री थीं, उन्हें राज्य सचिव बनाया गया है और अपराध से निपटने का प्रभार दिया गया है। रणदीप सराय दस राज्य सचिवों में से एक हैं और वे अंतर्राष्ट्रीय विकास से निपटेंगे। अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध के दौरान शायद सबसे महत्वपूर्ण मंत्रालय डोमिनिक लेब्लांक को सौंपा गया है, जो कनाडा-अमेरिका व्यापार के लिए जिम्मेदार मंत्री होंगे। क्रिस्टिया फ्रीलैंड, जो पहले वित्त मंत्रालय के साथ उप प्रधानमंत्री थीं, उन्होंने पार्टी नेतृत्व, उद्योग मंत्रालय के लिए कार्नी को चुनौती दी थी। आनंद, मेलानी जोली की जगह लेंगी, जिन्हें परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्रालय में भेजा गया है। जोली पिछले साल छह भारतीय राजनयिकों को निष्कासित कर सुर्खियों में आई थीं। उन्होंने राजनयिकों पर खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का 'पर्सन ऑफ इंट्रेस्ट' बताया था। भारत ने इस संदिग्ध मामले में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है, जिसमें गैंगवार के संकेत मिले थे और बदले में कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया गया था।

## किम जोंग उन का आदेश, युद्ध के लिए तैयार रहें सशस्त्र बल

**सोल,** 14 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने विशेष अभियानों के संयुक्त सामरिक अभ्यास का जायजा लेने के बाद सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश दिया।

बुधवार को स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी कि किम ने सशस्त्र बलों को सबसे महत्वपूर्ण कार्य 'युद्ध' के लिए पूरी तैयारी करने को कहा है। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि पिछले दिनों विशेष अभियानों और टैंक सब यूनिट्स के संयुक्त फायर स्ट्राइक प्रदर्शन का संयुक्त सामरिक अभ्यास हुआ था। केसीएनए ने किम के हवाले से कहा



कि यह कहते हुए कि हमारे क्रांतिकारी सशस्त्र बल अब कुछ मोर्चों का ही प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, बल्कि उनमें से सबसे महत्वपूर्ण साम्राज्यवाद-विरोधी वर्ग मोर्चा भी शामिल है और युद्ध के लिए पूरी तैयारी करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध अभ्यास 'पूरी सेना को एक कुलीन रैंक में बदलने में मदद करेगा। ऐसा प्रतीत होता है कि किम ने यूक्रेन के खिलाफ मास्को के युद्ध का समर्थन करने के लिए रूस में उत्तर कोरिया द्वारा सैनिकों की तैनाती को उचित ठहराने के लिए साम्राज्यवाद विरोधी वर्ग मोर्चे की अवधारणा को उजागर किया है। राज्य मीडिया की ओर से प्रसारित तस्वीरों में छद्म सूट पहने उत्तर कोरियाई सैनिकों को ड्रोन संचालित करते हुए दिखाया गया है। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने पहले कहा था कि उसे रूस में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों के मास्को से ड्रोन संचालन और रणनीति सीखने के संकेत मिले हैं। पिछले महीने, उत्तर कोरिया ने पहली बार स्वीकार किया कि उसने यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ने के लिए रूस में सैनिकों को भेजा है।

## टोंगा में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**हांगकांग,** 14 मई (एजेंसियां)। टोंगा के नीयाफू से 137 किलोमीटर पश्चिम में बुधवार तड़के भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि स्थानीय समयानुसार, आज तड़के करीब 04=15 बजे महसूस किये गये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गयी। इसका केंद्र समुद्र की सतह से 243.1 किमी की गहराई, 18.72 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 175.28 डिग्री पश्चिमी देशांतर में था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने भूकंप के तेज झटके के आधार पर सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की।

## आज का इतिहास

1242- दिल्ली के सुलतान मुइजुद्दीन बहराम शाह की सेना ने विद्रोह कर दिया और सुलतान की हत्या कर दी।
1817- समाज सुधारक देवेन्द्र नाथ टैगोर का जन्म।
1859- पियरे क्यूरी का जन्म। 1903 में इन्हें मैडम क्यूरी के साथ भौतिकी का नोबल पुरस्कार दिया गया था। मैडम क्यूरी इनकी पत्नी थीं और दोनों ने मिलकर रेडियम की खोज की थी।
1907- भगत सिंह और राजगुरु के साथ हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर लटकने वाले सुखदेव थापर का जन्म।
1923- जॉनी वॉकर, भारतीय हास्य अभिनेता का जन्म।
1935- मास्को मेट्रो लोगों के लिए खोला गया।
1940- दो भाइयों रिचर्ड और मौरिस मैकडॉनल्ड्स ने कैलिफोर्निया के सैन बर्नार्डीनो में मैकडॉनल्ड्स शुरू किया।
1948- अरब देशों ने इजराइल पर हमला किया। एक दिन पहले ही इजराइल ने अपनी आजादी की घोषणा की थी।
1957- ब्रिटेन के सप्लाई मंत्रालय ने घोषणा की कि प्रशांत महासागर में किए गए श्रृंखलाबद्ध परीक्षणों के अंतर्गत पहले हाइड्रोजन बम का परीक्षण किया गया था।
1958- सोवियत संघ ने स्पूतनिक-3 रॉकेट लांच किया।
1967- बॉलिवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित का जन्म।
1993- भारत के प्रथम आर्मी कमाण्डर इन चीफ़ फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा का निधन।
1995- एलीसन हारग्रीब्स बिना आक्सिजन सिलेंडर के एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली पहली महिला बनीं।
1999- कुवैत सरकार ने महिलाओं को संसदीय चुनावों में मताधिकार का हक दिया।
2002- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इराक पर प्रतिबंधों का अनुमोदन किया।

**यात्रा** *जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हज यात्रा को लेकर कैंप लगाए गए हैं*

# श्रीनगर से जल्द रवाना होगा हज यात्रियों का दूसरा जत्था

**ीनगर, 14 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से हज यात्रा की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीजफायर की घोषणा के बाद हज यात्रियों का दूसरा जत्था जल्द ही सऊदी अरब के लिए श्रीनगर से रवाना होगा। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हज यात्रा को लेकर कैंप लगाए गए हैं, जहां सऊदी अरब जाने वाले लोग हज यात्रा की प्रक्रिया को पूरा कर रहे हैं। इतना ही नहीं, हज यात्री करेंसी को भी एक्सचेंज करवा रहे हैं। सीजफायर के बाद जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में बुधवार सुबह हज यात्रियों का दूसरा जत्था हज हाउस से एयरपोर्ट के लिए निकला। श्रीनगर से हज यात्रियों का पहला जत्था 4 मई 225 को रवाना हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर की वजह से 7 मई और 12 मई को रवाना होने वाले हज यात्रियों की सात उड़ानें रद्द कर दी गई थीं।**

बुधवार (14 मई) से फ्लाइट्स शुरू हुई हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट पर मंगलवार से फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हुए हैं। इससे पहले, 4 मई को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से केंद्र शासित प्रदेश के पहले हज जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस दौरान यात्रियों से संवाद किया और उन्हें यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी थीं। उन्होंने सभी यात्रियों की सुरक्षित यात्रा और आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हज की कामना की थी। उपराज्यपाल ने कहा था, मैं पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। दिव्य हज यात्रा सर्वशक्तिमान का



■ **श्रीनगर से हज यात्रियों का पहला जत्था 4 मई 2025 को रवाना हुआ था**

बुलावा है और लोगों का जीवन भर से संजोया सपना भी। केंद्र सरकार तीर्थयात्रियों और उनकी पवित्र तीर्थयात्रा के कल्याण के लिए सर्वोत्तम संभव व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से इस साल कुल 3,622 हज यात्री हज यात्रा पर रवाना होंगे। जबकि लद्दाख से 242 यात्री हज यात्रा करेंगे।

उपराज्यपाल सिन्हा ने हज यात्रा के सफल संचालन में योगदान देने वाले सभी विभागों, एजेंसियों और अधिकारियों के सहयोग की सराहना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारतीय मुसलमानों को वार्षिक हज यात्रा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसके परिणामस्वरूप भारत का हज कोटा 2014 में 1,36,020 से बढ़कर 2025 में 1,75,025 हो गया है। कोटे के अलावा 52,000 से अधिक कोटा निजी टूर ऑपरेटरों को दिया गया है। सऊदी दिशानिर्देशों में बदलाव के कारण 800 से अधिक निजी टूर ऑपरेटरों को 26 कानूनी इकाइयों में समेकित किया गया, जिन्हें संयुक्त हज ग्रुप ऑपरेटर (सीएचजीओ) कहा जाता है।

### सुडोकू 6913 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 |

## दुनिया को जानें

# उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का 89 वर्ष की आयु में निधन

**मोंटेवीडियो,** 14 मई (एजेंसियां)। उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस 'पेपे' मुजिका का 89 वर्ष की आयु में मोंटेवीडियो में निधन हो गया। उरुग्वे के राष्ट्रपति यामांडू ओरसी ने इसकी पुष्टि की। श्री मुजिका ने जनवरी में घोषणा की थी कि उनका एसोफैजियल कैंसर (जिसका पहली बार अप्रैल 2024 में निदान किया गया था' उनके लीवर में फैल गया है। उन्होंने कहा कि वह आगे का इलाज नहीं करवाएंगे। श्री ओरसी ने सोशल मीडिया पर लिखा, गहरे दुख के साथ हम अपने साथी श्री पेपे मुजिका - पूर्व राष्ट्रपति, कार्यकर्ता, नेता और मार्गदर्शक के निधन की घोषणा करते हैं। हम आपको बहुत याद करेंगे पुराने दोस्त। आपने हमें जो कुछ भी दिया और अपने लोगों के लिए आपके गहरे प्यार के लिए धन्यवाद। गौरतलब है कि स्थानीय साप्ताहिक बुस्केदा के साथ एक साक्षात्कार में श्री मुजिका ने कहा था, यह मेरे लिए सड़क का अंत है। उन्होंने कहा कि मेरा चक्र समाप्त हो गया है। उन्होंने मोंटेवीडियो के बाहरी इलाके में अपने खेत में दफन होने की इच्छा व्यक्त की थी।

# खेल जगत

## कोहली को बीसीसीआई से उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिला : कैफ

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने दावा किया है कि विराट कोहली को बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिला, जिसके कारण उन्होंने तुरंत प्रभाव से अपना टेस्ट क्रिकेट करियर समाप्त कर दिया। कोहली, जिन्होंने 123 मैचों में 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए, ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह तुरंत प्रभाव से टेस्ट से संन्यास ले रहे हैं। उनका यह फैसला भारत के कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के ठीक पांच दिन बाद आया है। कैफ ने कहा कि मुझे लगता है कि वह इस प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहते थे। बीसीसीआई के साथ कुछ आंतरिक बातचीत हुई होगी, चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 वर्षों में उनके फॉर्म का हवाला दिया होगा और उन्हें बताया होगा कि टीम में उनकी जगह अब नहीं रह गई है।



# आईपीएल के बचे हुए मुकाबले खेलने के लिए भारत वापस आएंगे ट्रेंट बोल्ट

### सुनील नारायण व रसेल केकेआर से जुड़े, डी कॉक के जुड़ने की उम्मीद, मोइन का इंतजार

- दिल्ली के फ्रेजर आईपीएल से हटे, स्टार्क के आगे खेलने को ले संशय
- बोल्ट को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल नीलामी में सबसे महंगा 12 करोड़ 50 लाख रुपए में खरीदा था



■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी खबर है कि उसके रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट अब 17 मई से फिर से आगे शुरू हो रही बाकी 2025 आईपीएल में खेलने के लिए लौट सकते हैं। बेहद ढीली शुरुआत करने के बाद अपने घर मुंबई इंडियंस ने मुंबई में केकेआर को आठ विकेट से हरा पांच मैचों में पहली जीत के बाद अगले दो मैच हारने के बाद लगातार छह जीत मैच जीते। मुंबई फिलहाल शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस से डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर अपना 12 वां मैच तीन विकेट से हार कर कुल 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। बोल्ट ने मौजूदा संस्करण में मुंबई इंडियंस के लिए 12 मैचों में 18 विकेट चटका कर फिलहाल चौथे स्थान पर है। बोल्ट को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल नीलामी में सबसे महंगा 12 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदा था। बोल्ट के आईपीएल को स्थगित करने के चलते वापस मुंबई इंडियंस से खेलने के लिए जुड़ने का फैसला करने का इसलिए राहत भरा है क्योंकि उसके दक्षिण अफ्रीका के रेयन रिकल्टन और कार्बिन बॉस के साथ इंग्लैंड विल जैक भी आईपीएल 2025 के 10 मई को स्थगित होने से स्वदेश लौट गए थे।

शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस और आरसीबी के 11 -11 मैचों से समान रूप से 16 -16 हैं लेकिन अपनी बेहतर नेट रन रेट के चलते गुजरात फिलहाल शीर्ष पर है। भारत और पाकिस्तान की बीच सरहद पर तनाव के चलते 10 मई को स्थगित 2025 आईपीएल अब 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में मैच से आगे शुरू होगी। आरसीबी के लिए चिंता का सबब है कि उसके लिए दस मैचों में सबसे ज्यादा 18 विकेट चटका कर फिलहाल मौजूदा सीजन में शीर्ष पर चल रहे उसके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का कंधे में चोट के चलते उसके लिए आगे के मैचों के लिए उपलब्ध होना तय नहीं है। हेजलवुड को हालांकि ऑस्ट्रेलिया के 11 जून से लॉर्ड्स (इंग्लैंड) में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए अपने देश की 15 सदस्यीय टीम में शामिल है। वहीं दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के बृहस्पतिवार को अपनी केकेआर टीम के 17 मई को बेंगलुरु में मेजबान आरसीबी के खिलाफ खेले जाने वाले मैच के लिए जुड़ने की पूरी उम्मीद है। डी कॉक ने केकेआर को अब आईपीएल के 17 मई से 3 जून तक के बाकी चरण के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। केकेआर को प्ले ऑफ में पहुंचने की हल्की उम्मीद बनाए रखने के लिए आरसीबी के खिलाफ यह मैच जीतना बेहद जरूरी है। साथ ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अपनी टीम केकेआर को बताया है कि वह टीम के लिए बाकी आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। केकेआर इंग्लैंड के मोईन अली के भी वापस टीम से जुड़ने की उम्मीद कर रही है। वहीं आईपीएल के स्थगित होने के बाद दुबई में रुके वेस्ट इंडीज के सुनील नारायण व आंद्रे रसेल सबसे पहले बुधवार को अपनी टीम केकेआर के साथ बाकी आईपीएल के लिए वापस जुड़ गए।

## विराट और रोहित की जगह भरने के लिए भारत में प्रतिभाओं कमी नहीं : एंडरसन

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां। भारतीय क्रिकेट के मौजूदा समय के दो सबसे बड़े बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इस बीच, इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि भारत में ऐसी प्रतिभाएं हैं जो रोहित और विराट के जाने से खाली हुई जगह को भर सकती हैं। जेम्स एंडरसन ने विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट इतिहास के महान बल्लेबाजों में एक करार दिया। एंडरसन ने कहा कि विराट एक महान बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कमी टेस्ट फॉर्मेट में निश्चित रुप से भारतीय टीम को खलेगी लेकिन भारत में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक बड़ा समूह मौजूद है जो उन्हें रिप्लेस करेगा और उनकी कमी की भरपाई करेगा। विराट कोहली और जेम्स एंडरसन के बीच टेस्ट फॉर्मेट में हमेशा से एक कड़ी प्रतियोगिता देखने को मिली है। कभी एंडरसन तो कभी कोहली एक दूसरे पर भारी पड़ते रहे हैं। कोहली ने एंडरसन के खिलाफ 36 पारियों में 305 रन बनाए हैं। इस दौरान दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 7 बार विराट कोहली को आउट किया है। जेम्स एंडरसन ने टॉकस्पोर्ट पर रोहित शर्मा के संन्यास पर कहा कि रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम को नया कप्तान मिलेगा। भारतीय टीम मैनेजमेंट आईपीएल से नए और आक्रामक युवाओं को टेस्ट फॉर्मेट में जगह दे रहा है।

# आईपीएल में विराट का बल्ला कभी शांत नहीं रहता : कैफ

- मौजूदा सीजन में, आरसीबी 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है
- प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए एक कदम जीत से दूर

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने इस साल विराट कोहली के आईपीएल खिताब जीतने की संभावनाओं पर अपनी राय देते हुए कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस साल शानदार फॉर्म में है और अपनी बेहतरीन ऑलराउंड टीम के साथ बेंगलुरु स्थित यह फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से अपना पहला खिताब जीतेगी। मौजूदा सीजन में, आरसीबी 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने से एक जीत दूर है। इस बीच, विराट कोहली, जो ऑरेंज कैप जीतने वाले 2024 सीजन (741 रन) के दम पर टूर्नामेंट में शामिल हुए, वर्तमान में 505 रनों के साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं, जो शीर्ष पर मौजूद सूर्य कुमार यादव (510 रन) से सिर्फ छह रन पीछे हैं। कैफ ने आईएएनएस से कहा कि अगर हम एक टीम के तौर पर आरसीबी की बात करें, तो वे शानदार रहे हैं। मैं %टीम% शब्द पर जोर दे रहा हूं क्योंकि वे हमेशा से बल्लेबाजी से भारी रहे हैं, वे अपने विरोधियों को आउटसोर्स करने की मानसिकता रखते थे। लेकिन इस बार रजत पाटीदार ने अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करके शानदार काम किया है, 170-180 के स्कोर का बचाव करते हुए विरोधियों को रोका है।



## मुझे नहीं लगता कि विराट से ज्यादा टेस्ट फॉर्मेट के लिए कोई और कर सकता है : वॉन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली द्वारा छोड़े गए महत्वपूर्ण खालीपन को उजागर किया, उन्हें पिछले तीन दशकों में इस फॉर्मेट में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया। कोहली ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने शानदार टेस्ट करियर का अंत किया और 123 मैचों में 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाकर अपने करियर को अलविदा कह दिया, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 254 रन रहा।वॉन ने लिखा, 30 साल से ज्यादा समय में, मुझे नहीं लगता कि विराट से ज्यादा टेस्ट फॉर्मेट के लिए कोई और कर सकता है। उनके बिना टेस्ट क्रिकेट बहुत नीरस जगह होती, और अगर वह इसमें उतनी दिलचस्पी नहीं दिखाते और निवेश नहीं करते, तो इसकी अपील खत्म हो जाती।

## कैथरीन ब्रायस ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्रायस को अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है, क्योंकि उनके शानदार ऑलराउंड प्रयासों के कारण वह पाकिस्तान में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं।

कैथरीन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को हराकर मासिक सम्मान जीता। कैथरीन ने बुधवार को आईसीसी द्वारा दिए गए एक बयान में कहा कि यह पुरस्कार जीतना वास्तव में सम्मान की बात है। यह जानना कि वैश्विक क्रिकेट समुदाय द्वारा इसके लिए मतदान किया जा रहा है, इसे और भी खास बनाता है; फातिमा सना और हेली मैथ्यूज जैसी दो खिलाड़ियों के साथ नामांकित होना, जिन्होंने खुद शानदार टूर्नामेंट खेले, अद्भुत था। कैथरीन ने अपने पांच मैचों में 73.25 की शानदार औसत से 293 रन बनाए। उनकी उल्लेखनीय पारियों में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ 91, थाईलैंड के खिलाफ 60 और आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 131 रन शामिल हैं, जो टूर्नामेंट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। अपनी बल्लेबाजी कौशल के अलावा, कैथरीन ने गेंद से भी योगदान दिया, प्रतियोगिता के दौरान छह विकेट लिए और अंततः उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया, हालांकि स्कॉटलैंड 2025 महिला वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया, जो इस साल के अंत में भारत में होने वाला है। विश्व कप क्वालीफायर हमारी स्कॉटलैंड टीम के लिए एक शानदार प्रतियोगिता थी। जिस तरह से हमने अपना क्रिकेट खेला और जिस तरह से हमने एक साथ बहुत ज्यादा नहीं खेला है, उसमें विकास किया और आगे बढ़े, यह देखना शानदार था और कई अलग-अलग खिलाड़ियों का अलग-अलग मौकों पर खड़े होकर खेल की कमान संभालना शानदार था।

# करुण नायर भारत के अगले नंबर 4 हो सकते हैं : कुंबले

- भारत तेंदुलकर या कोहली के बिना टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा



**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कठिन बदलाव के दौर से गुजर रही है, ऐसे में पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने करुण नायर की सनसनीखेज वापसी के लिए अपना समर्थन दिया है।

अगले महीने इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज और नंबर 4 की स्थिति में एक बड़ा अंतर - जिस पर कोहली और उनसे पहले सचिन तेंदुलकर तीन दशक से अधिक समय से काबिज हैं - के साथ कुंबले का मानना है कि नायर इस स्थान के लिए सही व्यक्ति हो सकते हैं। भारत एक नए क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। 1989 के बाद पहली बार, जब सचिन तेंदुलकर ने पदार्पण किया था, भारत तेंदुलकर या कोहली के बिना टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा। रोहित शर्मा के संन्यास ने मध्यक्रम के संकट को और बढ़ा दिया है, जिससे टीम को एक नई बल्लेबाजी योजना तैयार करनी पड़ रही है, जिसमें प्रतिष्ठा से अधिक फॉर्म पर निर्भर रहना पड़ सकता है। कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइंफो पर कहा कि इस बारे में कोई उचित बातचीत नहीं हुई है कि नंबर 4 पर कौन बल्लेबाजी करने जा रहा है। जब रोहित ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेले, तो कुछ फेरबदल हुए। केएल राहुल ने अवसर का लाभ उठाया। लेकिन उसके बाद, मध्यक्रम अनिश्चित लग रहा है। और नंबर 4 इंग्लैंड में सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजी स्थान है। कुंबले का मानना है कि इसका उत्तर भारतीय टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय से भुला दिए गए नाम - करुण नायर में छिपा हो सकता है। 33 वर्षीय, जिन्होंने आखिरी बार 2017 में टेस्ट खेला था, ने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक बनाया था, लेकिन इसके तुरंत बाद ही उनकी लोकप्रियता कम हो गई। कुंबले ने कहा कि करुण ने जिस तरह का घरेलू प्रदर्शन किया है, उसके साथ वह भारतीय टीम में वापस आने के हकदार हैं।आपको अंग्रेजी परिस्थितियों में अनुभव रखने वाले किसी व्यक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेला है, वह पहले भी वहां खेल चुके हैं। वह भले ही 30 के पार हों, लेकिन क्रिकेट के लिहाज से वह अभी भी युवा हैं। कर्नाटक में जन्मे बल्लेबाज, जो अब घरेलू क्रिकेट में विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने एक शानदार सीजन खेला है। 2024-25 की विजय हजारे ट्रॉफी में, उन्होंने आठ पारियों में 779 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल थे - उनमें से चार लगातार थे - और उन्होंने लगभग अकेले ही विदर्भ को फाइनल में पहुंचाया। लेकिन नायर ने अपना काम जारी रखा। उन्होंने शानदार रणजी ट्रॉफी अभियान चलाया, जिसमें नौ मैचों में 863 रन बनाए, जिसमें केरल के खिलाफ फाइनल में एक महत्वपूर्ण शतक और एक अर्धशतक शामिल था, जिससे विदर्भ खिताब जीतने में सफल रहा।

## सार संक्षेप

### थाईलैंड ओपनः लक्ष्य हारे, आकर्षि और उन्नति दूसरे दौर में

**बैंकॉक।** बीडब्ल्यूएफ सुपर 5 टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन में भारत के अभियान की बुधवार को मिली-जुली शुरुआत हुई, क्योंकि शीर्ष पुरुष एकल शटलर लक्ष्य सेन पहले दौर में ही बाहर हो गए, जबकि आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा ने महिला एकल में कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। दिन के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक में, लक्ष्य सेन को आयरलैंड के नहत एनगुयेन ने 1 घंटे 2 मिनट तक चले तीन गेम के मुकाबले में बाहर कर दिया। भारत की शीर्ष बैडमिंटन प्रतिभाओं में शुमार सेन को 18-21, 21-9, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती गेम में मामूली अंतर से हारने के बाद, सेन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीखे स्मैश और तेज गति की रैलियों का इस्तेमाल करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। लेकिन एनगुयेन ने निर्णायक गेम में कड़ी टक्कर दी और 17-13 से आगे निकल गए तथा दबाव के क्षणों में अपना संयम बनाए रखते हुए उलटफेर कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### कॉक आरसीबी के खिलाफ केकेआर से जुड़ने को तैयार

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी क्विंटन डी कॉक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ करो या मरो मुकाबले से दो दिन पहले गुरुवार को बेंगलुरु में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के साथ जुड़ सकते हैं। मंगलवार शाम तक डी कॉक की उपलब्धता पर संशय बना हुआ था लेकिन उन्होंने लीग के अंतिम चरण के लिए खुद की उपलब्धता की पुष्टि कर दी है जो कि 17 मई से तीन जून तक खेला जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि स्पेंसर जॉनसन सहित केकेआर के अधिकतर विदेशी खिलाड़ियों ने लीग के अंतिम चरण के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। हालांकि उन्हें अभी भी मोईन अली की पुष्टि का इंतजार है। आंद्रे रसल और सुनील नारायण उन विदेशी खिलाड़ियों में शामिल हैं जो बुधवार दोपहर को सबसे पहले बेंगलुरु पहुंचेंगे।

### सनी भाटी ने जीता भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक

**राजगीर (बिहार)।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 225 में बुधवार को लड़कों 12 किग्रा से अधिक भार वाली भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हरियाणा के सनी भाटी ने 268 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आज यहां राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लड़कों की 12 किग्रा से अधिक भार वर्ग की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हरियाणा के सनी भाटी 268 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं जम्मू और कश्मीर के सात्विक लूथरा ने (266 किलोग्राम) वजन के साथ रजत पदक तथा बिहार के उज्वल सिंह (241 किलोग्राम) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

## मेहदी हसन मिराज ने अप्रैल के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता है। उन्होंने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी और न्यूजीलैंड के बेन सियर्स को हराकर मासिक पुरस्कार जीता। मेहदी यह पुरस्कार जीतने वाले बांग्लादेश के केवल तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं और दो साल से अधिक समय में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी हैं - शाकिब अल हसन मार्च 2023 में यह पुरस्कार जीतने वाले बांग्लादेश के अंतिम खिलाड़ी थे, जबकि मुशफिकुर रहीम इस सम्मान के विजेता चुने जाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। बुधवार को आईसीसी द्वारा दिए गए एक बयान में मेहदी ने कहा कि आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतना एक अविश्वसनीय सम्मान है। आईसीसी अवार्ड किसी भी क्रिकेटर के लिए अंतिम मान्यता है, और वैश्विक वोट से इसे प्राप्त करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मेहदी ने कहा कि इस तरह के क्षण मुझे मेरी यात्रा की याद दिलाते हैं - 2016 आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिलना मेरे करियर की शुरुआत में एक बहुत बड़ा प्रोत्साहन था।

# बिहार, जम्मू-कश्मीर ने भारोत्तोलन में पहला पदक जीता, 5 दिवसीय आयोजन में 13 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने

- बिहार के उज्वल सिंह ने कुल 241 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता
- पहले चार दिनों में कई रिकॉर्ड बने, लेकिन अंतिम दिन कोई रिकॉर्ड नहीं बना



**राजगीर (बिहार),** 14 मई (एजेंसियां)। मेजबान बिहार और जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में अपना पहला भारोत्तोलन पदक जीता। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में, जम्मू-कश्मीर के सात्विक लूथरा ने 263 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि बिहार के उज्ज्वल सिंह ने कुल 241 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक हरियाणा के सनी भाटी के नाम रहा, जिन्होंने क्लीन एंड जर्क में 151 किग्रा वजन उठाकर जम्मू-कश्मीर के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से पीछे छोड़ दिया। पांच दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई।

पहले चार दिनों में कई रिकॉर्ड बने, लेकिन अंतिम दिन कोई रिकॉर्ड नहीं बना। कुल मिलाकर, इस बार 13 राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बने।महाराष्ट्र ने इनमें से पांच, उत्तर प्रदेश ने तीन, ओडिशा ने दो और तमिलनाडु, असम और हरियाणा ने एक-एक रिकॉर्ड बनाए। तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आठ राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए गए थे। जम्मू-कश्मीर के लूथरा ने धैर्य बनाए रखा और लगभग स्वर्ण पदक जीत ही लिया। अगर क्लीन एंड जर्क में 151 किग्रा का उनका तीसरा और अंतिम प्रयास सफल हो जाता, तो भाटी पर दबाव बढ़ जाता। लूथरा ने इस जनवरी में भारतीय भारोत्तोलन महासंघ की राष्ट्रीय चैंपियनशिप से दो महीने पहले लगी कलाई की चोट पर काबू पा लिया और अपने दूसरे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लिया। केरल की अमृता पी. सुनी ने स्नैच में 79 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 102 किग्रा वजन उठाकर युवा लड़कियों के +81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

# पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में रचा इतिहास

**रोम,** 14 मई (एजेंसियां)। पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में इतिहास रच दिया है। स्टर्न्स ने क्वार्टर फाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को रोमांचक मुकाबले में हराया। वह ओपन एरा में लगातार तीन डब्ल्यूटीए मुख्य ड्रॉ मैच तीसरे सेट के टाइब्रेक में जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी स्टर्न्स ने 6-2, 4-2 से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में डबल-ब्रेक से वापसी करते हुए यूक्रेन की 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को दो घंटे और 38 मिनट में 6-2, 4-6, 7-6(4) से हराया। आखिरी दो राउंड में स्टर्न्स ने ग्रैंड स्लैम चैंपियन मैडिसन कीज और नाओमी ओसाका को तीसरे सेट के टाइब्रेक में हराया, जिससे उनका इतिहास रचने वाला सिलसिला शुरू हो गया। विश्व की 6वें नंबर की कीज को हराना उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत थी, जो प्रतिद्वंद्वी रैंकिंग के हिसाब से थी। डब्ल्यूटीए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में डारिया सैविल के बाद रोम के मुख्य ड्रॉ में अपने पदार्पण पर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। वहीं 1998 में वीनस विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली अमेरिकी महिला हैं। दुनिया की 42 वें नंबर की खिलाड़ी स्टर्न्स अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में पहुंची हैं।



# 25 मई तक आईपीएल छोड़ सकते हैं द. अफ्रीका के खिलाड़ी

- आईपीएल 2025 में इस बार कुल मिलाकर 20 दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी खेल रहे हैं
- अब लीग स्टेज का समापन 27 मई और प्लेऑफ की शुरुआत 29 मई को होगी



**डब्ल्यूटीसी फाइनल**

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के बाकी बचे हुए मैचों का आयोजन 17 मई से होने जा रहा है। फाइनल मैच 3 जून को खेला जाएगा। आईपीएल में दक्षिण अफ्रीका के आठ ऐसे खिलाड़ी खेल रहे हैं जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच का भी हिस्सा हैं। इन खिलाड़ियों के 25 मई तक इस लीग को छोड़ने की उम्मीद है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने इन खिलाड़ियों को 26 मई तक घर वापस लौटने के लिए कहा है। आईपीएल 2025 में इस बार कुल मिलाकर 20 दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी खेल रहे हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लंदन के लॉर्ड्स में 11 जून को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश (मुंबई इंडियंस), वियान मुल्डर (सनराइजर्स हैदराबाद), मार्को जानसेन (पंजाब किंग्स), एडेन मार्करम (लखनऊ सुपरजाइंट्स), लुंगी एनगिडी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), कगिसो रबाडा (गुजरात टाइटंस), रयान रिकेल्टन (मुंबई इंडियंस) और ट्रिस्टन स्टब्स (दिल्ली कैपिटल्स) को डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में शामिल किया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया घटनाक्रम के चलते आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था। अब लीग स्टेज का समापन 27 मई और प्लेऑफ की शुरुआत 29 मई को होगी। जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम को 30 मई को इंग्लैंड के लिए रवाना होना है। ऐसे में इन आठ खिलाड़ियों को टीम के पहले ही जुड़ना है। इसका मतलब यह है कि आईपीएल के प्लेऑफ में इन खिलाड़ियों की उपस्थिति नहीं हो पाएगी। बताया जा रहा है कि इस विषय पर बीसीसीआई और सीएसए के बीच बातचीत जारी है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 31 मई को इंग्लैंड में पहुंच जाएगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले वार्म-अप मैच खेलेगी। आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस अंक तालिका में टॉप-4 पर विराजमान हैं। जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास भी प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका है।


## दिल्ली ने फ्रेजर-मकगर्क की जगह मुस्तफिजुर को किया टीम में शामिल

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गर्क के कारणों से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए वापस आने से इंकार करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को छह करोड़ रूपये की अनुबंध राशि पर टीम में शामिल किया है। आईपीएल के नियमों के अनुसार अगर किसी खिलाड़ी को बीमारी या चोट लग जाती है और यह टीम के 12वें मैच से पहले होता है तो टीम दूसरे खिलाड़ी को ले सकती है। लेकिन इस बार लीग के स्थगित होने के बाद इसे फिर से शुरु किये जाने को लेकर नियमों में बदलाव के तहत सीजन के शेष हिस्से के लिए फ्रैंचाइजी को अस्थायी रूप से दूसरे खिलाड़ी को टीम में लेने की अनुमति दी गई है।

# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.88 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.18 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.02 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.56 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.50 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.78 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.26 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.11 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.85 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.84 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 93,776 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 95,949 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## भारत में थोक महंगाई दर अप्रैल में 13 महीनों के निचले स्तर पर रही

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारत में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई या थोक महंगाई दर अप्रैल में कम होकर 13 महीनों के निचले स्तर 0.85 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि मार्च में 2.05 प्रतिशत पर थी। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को दी गई। थोक महंगाई दर में कमी की वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी आना है। अप्रैल में खाद्य उत्पादों पर थोक महंगाई दर कम होकर 2.55 प्रतिशत रह गई है, जो कि मार्च में 4.66 प्रतिशत पर थी। सरकार ने बताया कि अप्रैल में थोक महंगाई दर सकारात्मक रहने की वजह खाद्य उत्पादों, केमिकल और केमिकल उत्पादों, ट्रांसपोर्ट उपकरणों और अन्य मशीनों की मैन्युफैक्चरिंग की कीमत में बढ़ोतरी होना है।

मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों में महंगाई दर बढ़कर 2.62 प्रतिशत हो गई है। फ्यूल एंड पावर और प्राथमिक उत्पादों में महंगाई दर गिरकर 2.18 प्रतिशत और 1.44 प्रतिशत रह गई है। थोक महंगाई दर में कमी ऐसे समय पर देखने को मिली है, जब खुदरा महंगाई दर कई सालों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। सरकार द्वारा मंगलवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.16 प्रतिशत हो गई है, जो कि मार्च में 3.34 प्रतिशत थी। यह खुदरा महंगाई दर का जुलाई 2019 के बाद सबसे निचला स्तर है। यह लगातार तीसरा महीना था, जब खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के महंगाई के टारगेट 4 प्रतिशत के नीचे रही है। महंगाई में कमी आने से आरबीआई के पास आने वाले समय में रेपो रेट में कमी करने के लिए पर्याप्त जगह होगी। केंद्रीय बैंक फरवरी और अप्रैल में रेपो रेट में 25-25 आधार अंक की कटौती कर चुका है, जिसके कारण रेपो रेट कम होकर 6 प्रतिशत पर आ गया है।




- खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी आने से थोक महंगाई दर हुई कम
- मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों में महंगाई दर बढ़कर 2.62 प्रतिशत पर

### एनडीए सरकार ने मुद्रास्फीति नियंत्रण पर किया बेहतर काम : मालवीय

**नई दिल्ली।** बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने यूपीए सरकार की तुलना में खासकर खाद्य और ईंधन में खुदरा मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बेहतर काम किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भाजपा आईटी सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय की एक पोस्ट के अनुसार, अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई, जो कि 2019 से 6 वर्षों में सबसे कम है। जिसने मुद्रास्फीति के लगातार कम होते रहने का ट्रेंड बनाए रखा। वित्त वर्ष 2024-2025 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई थी, जो कि 2018-2019 के बाद से सबसे कम और तीन वर्षों से लगातार गिरने के ट्रेंड को दर्शाता है। आधिकारिक आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान देखी गई दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति (10 प्रतिशत से अधिक) अब चिंता का विषय नहीं है, यह पिछले दशक में प्रभावी शासन और मूल्य नियंत्रण को दर्शाता है।




## सरकार चीनी कंपनियों के एफडीआई प्रस्तावों की करेगी जांच

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। सरकार भारत में निवेश करने के लिए चीनी कंपनियों के कुछ प्रमुख निवेश प्रस्तावों की अधिक कठोर समीक्षा करने की योजना बना रही है, जिससे इन वेंचर्स को आगे बढ़ने में देरी हो सकती है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट में बताया गया कि यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को सजा देने के लिए भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' लांच किया था।

चीन, तुर्की और बांग्लादेश के साथ समन्वय करके पाकिस्तान को कूटनीतिक समर्थन देने के अलावा, सैन्य हार्डवेयर भी उपलब्ध करा रहा है, जिसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि सरकार चीनी कंपनियों द्वारा समर्थित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों और ज्वाइंट वेंचर्स की जांच तेज करेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, कुछ भारतीय कंपनियां सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग में ज्वाइंट वेंचर के लिए चीनी फर्मों के साथ बातचीत कर रही हैं। ऐसे प्रोजेक्ट्स में अब देरी होने की संभावना है।

प्रमुख चीनी कंपनियों में से होम अप्लायंसेस की दिग्गज कंपनी हायर, भारतीय कारोबारी समूह जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ 1,000 करोड़ रुपए के संभावित निवेश के लिए संयुक्त उद्यम (जेवी) की संभावना तलाश रही है। यह प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है।




- चीन समर्थित प्रोजेक्ट में अब देरी होने की संभावना

## सोना हो गया सस्ता, चांदी की कीमत में भी आई गिरावट

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमत में बुधवार को गिरावट देखने को मिली है। इस कारण सोने की कीमत फिर से 94,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 96,000 रुपए प्रति किलो से नीचे पहुंच गया है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 568 रुपए कम होकर 93,776 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 94,344 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इसके साथ 22 कैरेट सोने का दाम घटकर 85,899 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 86,419 रुपए पर था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 70,332 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 70,758 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।



सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है। एक किलो चांदी की कीमत 871 रुपए कम होकर 95,949 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 96,820 रुपए प्रति किलो थी। सोने की कीमतों में बड़ी तेजी के बाद हाल के दिनों में गिरावट देखने को मिली है।

## 5जी से 1 गुना ज्यादा पावरफुल होगा 6जी : डॉ. चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को 6जी तकनीक की अभूतपूर्व क्षमता पर जोर देते हुए इसे 5जी की तुलना में '100 गुना अधिक शक्तिशाली' बताया।

'भारत 6जी 2025 इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड एग्जीबिशन' के अवसर पर ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने 6जी की अपार क्षमताओं को रेखांकित किया, जो तेज स्पीड और लोअर लेटेंसी के साथ कनेक्टिविटी का एक बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन है।

डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने 5जी के समक्ष आने वाली चुनौतियों, जैसे उच्च डेटा उपयोग और सीमित उपलब्ध स्पेक्ट्रम को स्वीकार किया, लेकिन आश्वासन दिया कि ये बाधाएं विकसित होती टेक्नोलॉजी की अंतर्निहित प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि 5जी बेहद सफल रहा है और 6जी पूरी तरह से अलग नेटवर्क होगा, जो 100 गुना अधिक शक्तिशाली होगा और लेटेंसी कम होकर सब-मिलीसेकंड तक हो जाएगी।

संचार राज्य मंत्री पेम्मासानी ने जोर देकर कहा कि 6जी एक गेम-चेंजर साबित होगा, जिसमें बिल्ट-इन एआई है, जो उद्योगों और रोजमर्रा की जिंदगी में क्रांति लाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 5जी एप्लीकेशन, जैसे कि हर गांव में वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करना, को शुरुआती दौर में अपनाया गया है, लेकिन 6जी एक बड़ी उपलब्धि होगी। डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि 4जी से 5जी में ट्रांजिशन से अलग 6जी की छलांग पूरी तरह से परिवर्तनकारी होगी। उन्होंने स्वीकार किया कि 6जी पहले अर्ली अडॉप्टर्स को आकर्षित कर सकता है।




6जी एक गेम-चेंजर साबित होगा, जिसमें बिल्ट-इन एआई है, जो उद्योगों व रोजमर्रा की जिंदगी में क्रांति लाएगा : डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी

## लिवाली की बदौलत बाजार मजबूती के साथ बंद

**मुंबई,** 14 मई (एजेंसियां)। देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया।


- सेंसेक्स 182.34 अंक की छलांग लगाकर 81,330.56 पर रहा
- निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 पर पहुंचा

इस दौरान बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखें गए। इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही वहीं 83 के भाव स्थिर रहे।

अनाज और शाक-सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गयी। इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0.85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

इससे बीएसई में बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का ज़ोर रहा। इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें टाटा स्टील 3.88, इटरनल 2.18, टेक महिंद्रा 2.02, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.56, इंफ़ोसिस 1.50, मारुति 1.50, इंडसइंड बैंक 1.45, एचसीएल टेक 1.07, टीसीएस 0.94, भारती एयरटेल 0.74, टाइटन 0.65, रिलायंस 0.57, सन फार्मा 0.56, बजाज फाइनेंस 0.46, आईटीसी 0.29, अल्ट्रासिम्को 0.29, एलटी 0.18, एक्सिस बैंक 0.13, अदानी पोर्ट्स 0.11 और बजाज फिनसर्व 0.09 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एशियन पेंट 1.78, टाटा मोटर्स 1.26, कोटक बैंक 1.11, एनटीपीसी 0.85, पावरग्रिड 0.84, एचडीएफसी बैंक 0.64, आईसीआईसीआई बैंक 0.43, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.40 और एसबीआई के शेयर 0.19 प्रतिशत नुकसान में रहे।




### भारत में स्टोरेज-बैक्ड आरई की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी बढ़कर 25-30 गीगावाट हो जाएगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। क्रिसिल रेटिंग्स की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में स्टोरेज-बैक्ड रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी वित्त वर्ष 2027-28 तक बढ़कर 25-30 गीगावाट (जीडब्ल्यू) हो जाने की संभावना है, जो 2024-25 के दौरान लगभग शून्य है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्धिशील क्षमता तीन वर्षों में जोड़ी जाने वाली कुल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का 20 प्रतिशत से अधिक होगी। स्टोरेज-बैक्ड आरई प्रोजेक्ट रिन्यूएबल एनर्जी जनरेशन की रुक-रुककर होने वाली प्रकृति के लिए एक प्रभावी समाधान प्रदान करती हैं। ऐसे प्रोजेक्ट आवश्यकता पड़ने पर बिजली की आपूर्ति करते हैं, जिससे ग्रिड स्थिरता को सपोर्ट मिलता है। उदाहरण के लिए ये प्रोजेक्ट मासिक या प्रति घंटे के शेड्यूल पर या सुबह और शाम के पीक घंटों में ग्रीन पावर प्रदान कर सकते हैं। सरकार इन प्रोजेक्ट पर जोर दे रही है ताकि रिन्यूएबल एनर्जी को देश के बिजली मिश्रण का एक स्थायी हिस्सा बनाया जा सके। हाल ही में टेंडर नीलामी में इन प्रोजेक्ट की उच्च मात्रा में जोर देखा गया, जो कैलेंडर वर्ष 2024 में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा टेंडर के माध्यम से दी गई कुल क्षमता का लगभग 25 प्रतिशत है, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 में यह 11 प्रतिशत है। हाई-एनर्जी आवश्यकताओं को देखते हुए इन प्रोजेक्ट को कॉन्ट्रैक्टेड कैपेसिटी के 2.5 गुना तक औसत ओवरसाइज़िंग की आवश्यकता है।

**सार संक्षेप**

### मैग्मा जनरल इंश्योरेंस व टोयोटा त्सुशो के बीच करार

**मुंबई।** बीमा क्षेत्र की निजी कंपनी मैग्मा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने यात्री वाहन बीमा बाजार में अपनी मौजूदगी को सशक्त करने के उद्देश्य से टोयोटा त्सुशो इंश्योरेंस ब्रोकर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीटीआईबीआई) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि इस समझौते के तहत टीटीआईबीआई देशभर के 15 डीलर नेटवर्क के माध्यम से मैग्मा के मोटर बीमा उत्पादों का वितरण करेगा। यह निजी और वाणिज्यिक यात्री वाहनों को दुर्घटनाओं, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं और तीसरे पक्ष की देनदारियों जैसे खतरों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। मैग्मा जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजीव कुमारस्वामी ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह गठजोड़ विशेष रूप से निजी यात्री कार श्रेणी में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करेगा और ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद करेगा।

### भारत का टैबलेट मार्केट मार्च तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत के टैबलेट मार्केट में मार्च तिमाही (जनवरी-मार्च अवधि में) सालाना आधार पर 15 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी वजह एंटरप्राइज सेगमेंट और कंज्यूमर दोनों की मांग में बढ़ोतरी होना है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की टैबलेट पीसी इंडिया मार्केट रिपोर्ट में कहा गया कि टैबलेट मार्केट में प्रीमियम सेगमेंट की हिस्सेदारी बढ़कर 41 प्रतिशत हो गई है। वहीं, पूरे टैबलेट मार्केट में 5जी का मार्केट शेयर 43 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह दिखाता है कि फ्यूचर-रेडी डिवाइस को लेकर ग्राहकों में जागरूकता बढ़ रही है। 225 की पहली तिमाही में भारतीय टैबलेट मार्केट में 34 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ सैमसंग शीर्ष पर था। इसके बाद एप्पल था, जिसके पास 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी। वहीं, लेनोवो 19 प्रतिशत के मार्केट शेयर के साथ तीसरे स्थान पर था।

### कैट ने की तुर्की व अजरबैजान का बायकॉट करने की अपील

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष ट्रेडर्स बॉडी में से एक कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बुधवार को सभी व्यापारियों और नागरिकों से तुर्की और अजरबैजान का बायकॉट करने की अपील की। ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच इन दोनों देशों ने पड़ोसी मुल्क का खुलकर समर्थन किया था। 224 में तुर्की में करीब 62.2 मिलियन विदेशी यात्री आए थे। इसमें से 3`` के आसपास भारतीय थे। 223 की तुलना में पिछले साल तुर्की में 2 प्रतिशत अधिक भारतीय यात्री आए थे। कैट द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष तुर्की की कुल पर्यटन आय 61.1 बिलियन डॉलर थी, जिसमें प्रत्येक भारतीय पर्यटक ने औसतन 972 डॉलर खर्च किए थे।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकालने से दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 105 रिंगिट उबलकर 3934 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट गिरकर 51.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए, मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 200 रुपए, उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8450-8550 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## सऊदी अरब को एआई व क्लाउड में ग्लोबल पावरहाउस बनाएगा एनवीडिया

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। ग्राफिक चिप दिग्गज कंपनी एनवीडिया ने सऊदी अरब को एआई, क्लाउड और एंटरप्राइज कंप्यूटिंग, डिजिटल ट्विन्स और रोबोटिक्स में ग्लोबल पावरहाउस में बदलने के लिए 'हुमेन' के साथ साझेदारी की घोषणा की है।

सऊदी अरब के पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) की नई फुल एआई वैल्यू चेन सहायक कंपनी 'हुमेन' ने एआई कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में दुनिया की अग्रणी कंपनी एनवीडिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। एक बयान में कहा गया है कि दोनों कंपनियां सऊदी अरब को एआई, जीपीयू क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए एनवीडिया प्लेटफॉर्म और विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगी, ताकि दुनिया भर में इनोवेशन और विकास को बढ़ावा दिया जा सके।




- सऊदी अरब में एआई फैक्ट्रियों के निर्माण के लिए निवेश कर रहा 'हुमेन'

एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा कि बिजली और इंटरनेट की तरह एआई भी हर देश के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर है। हुमेन के साथ मिलकर हम सऊदी अरब के लोगों और कंपनियों के लिए एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं।

हुमेन सऊदी अरब में एआई फैक्ट्रियों के निर्माण के लिए एक बड़ा निवेश कर रहा है, जिसकी अनुमानित क्षमता 500 मेगावाट तक है, जो अगले पांच वर्षों में एनवीडिया सबसे एडवांस्ड लाखों जीपीयू से संचालित होगी। डेप्लॉयमेंट का पहला चरण एनवीडिया इनफिनिबैंड नेटवर्किंग के साथ 18,000 एनवीडिया जीबी300 ग्रेस ब्लैकवेल एआई सुपरकंप्यूटर होगा।

कंपनियों ने कहा कि ये हाइपरस्केल एआई डेटा सेंटर बड़े पैमाने पर सर्वश्रेष्ठ एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और तैनात करने के लिए एक सुरक्षित फाउंडेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगा, जिससे सऊदी अरब और दुनिया भर में उद्योगों को इनोवेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

# NEW ERA PROGRESSIVE SCHOOL

FROM IGNORANCE TO AWARENESS
NEW ERA PROGRESSIVE SCHOOL

Behind Tehshil Office, Rampur, Korba (C.G.) – 495677
Ph.: 8889914979, 8958918958
Website : www.nepskorba.in, Email : info@nepskorba.in
Affiliated to CBSE, Delhi, Vide Affiliation No.- 3330123

## Heartiest Congratulations to the toppers of NEPS.



**97%**
SKANDA RAWTE
(Commerce)
District Topper

**91.8%**
ISHAN SONI
(Science)
School Topper



SHREYA CHAURASIA **90.4%**
VANSHIKA JHUNJHUWALA **90.2%**
VIVAAN MUKHERJEE **90%**

### AISSCE (Class XII) 2025 Toppers with 80% and Above Marks



KRISHNA GOYAL **96.2%**
VANSHIKA AGRAWAL **93.8%**
AADISHANKAR SHAJI **92.4%**
YASH AGRAWAL **92%**
DIKSHA SAHU **91.4%**
SEJAL MAKWANA **90.8%**
AKSHAY PRATAP SINGH **90.6%**
SAYANTIKA SANTRA **90.6%**

#### COMMERCE STUDENTS -

SHRISHTI RAMCHANDANI - 89.6%
HARSH KODWANI - 89.4%
ARHAM KOCHAR - 89.2%
MOHAK AGRAWAL - 89%
SOMESH DEWANGAN - 88 %
MD ZIYAN ANSARI - 87.6%
BHOOMI PAHUJA - 87.2%
RISHIKA SHARMA - 86.6%
KATYAYNI THAWAIT - 85.2%
SHAGUN SHARMA - 84.6%
RIA SINGH - 84.2%
DIVYANSHI SONI - 83.8%
HARSHITA RAMCHANDANI - 83.8%
HARMAN KHURANA - 82.4%
ANUSHKA SUNDI - 82.2%
HIMANSHU RATHORE - 82%
SNEHA VERMA - 81.8%
SHIVAM MANDAL - 80.4%
AADI VISHWAKARMA - 80.2%
AASHDEEP SINGH BHATIA - 80.2%
ISHIKA CHAWLANI - 80%

#### SCIENCE STUDENTS -

LAKSHYA HANSRAJANI - 87.4%
SHAURYA KUMAR SHUKLA - 83.6 %
PRACHI KUKREJA - 81 %

### AISSE (Class X) 2025 Toppers with 80% and Above Marks



**96.6%** DIVYANSH TIWARI School Topper
**96.6%** ROSE FRANCIS ALAPATT School Topper
**96.6%** SAKSHI BANSAL School Topper



BHAVNA SAHU **96.4%**
SHWETA RATHORE **95.8%**
AARADHYA SHARMA **95.2%**
PRAGYA PANDEY **94.4%**
YUG PRAKASH SINGH **94.2%**
RISHIT SONI **94.2%**
AANYA AGRAWAL **94.2%**
ANUSHKA KHARE **94%**



TANMAY MISHRA **93.8%**
NAVIKA RATHORE **93.8%**
ANANT UPADHYAY **93.6%**
SREE LAKSHMI **93.2%**
ISHIKA AGRAWAL **93%**
APARNA UPADHYAY **93%**
NABISH KASHYAP **93%**
SAJAL SHRIVASTAVA **93%**
NEETESH MARAVI **92.4%**
MANOSWI MONDAL **91.6%**
SHLOK RATRE **90.8%**
ADITYA SURYAWANSHI **90.8%**



HIMANSHU KUMAR **90.8%**
AAKRITI PRASAD **90.2%**

SHOURYA AGRAWAL - 89.8%
HARSHIKA RAJPOOT - 89.6%
PARUL SONI - 89%
MANYA SINGH - 88.8%
SHIVAM WADHAVAN - 88.6%
RAGINI RAY - 88.4%
SHRISTI GUPTA - 88.2%
SNEHYL P MATHEW - 88.2%
HARSHITA BAGALE - 88.2%
ANIKET JAIN - 88%
SHRIJAN PANDEY - 87.8%
MEGHA PATEL - 87.6%
SHREYA PANDEY - 87.6%
ANCHITA PRASAD DANGI - 87.4%
SANKALP SAHU - 87.2%
DEVANSH AGRAWAL - 87%
RISHIKA PAL - 87%
SIDDHI CHAUDHARY - 86.8%
RAJVEER SINGH - 86.4%
AASHNA CHAWLA - 86.4%
ISHANA RAJ - 86.2%
SHREYAS DIXENA - 86.2%
SUDEEKSHA JAISWAL - 86%
GAGAN KUMAR RAHANGDALE - 86%
ANUSHA PRABOOSH - 85.6%
ARYAN AGRAWAL - 85.4%
VIBHOR AGRAWAL - 85.4%
SHRADDHA AGRAWAL - 84.6%
SHOURYA KUMAR SINGH - 84.4%
ROHAN ANANT - 84.2 %
FIRDAUS FATIMA KHAN - 83.4%
RAGHAV AGRAWAL - 83.4%
HARSHIT KUMAR KAHARA - 83.2%
JASMAN KAUR - 83%
MAYON KAIWART - 83%
KIRAN JAISWAL - 83%
ANUSHKA GUPTA - 82.8%
DEVANSH SHRIVASTAVA - 82.2%
MIHIKA PANDIT - 82%
ABHISHEK DIXENA - 81.8%
SHOURYA AGRAWAL - 81.8%
MANAV RAMANI - 81.8%
AASHIN ANSARI - 81.8%
ARJUN SINGH RATHORE - 81.2%
RUDRAKSH MANDAL - 81%
YOGESH KUMAR KANWAR - 81%
NAMAN YADAV - 81%
NISHITA SONI - 80.4%
NIDHI RATHORE - 80.2%
SAKSHAM JAISWAL - 80.2%
KRITIKA SHAHI - 80%

### WITH BEST COMPLIMENTS FROM




KISHOR KUMAR SAHU
CHAIRMAN

DILIP KUMAR SAHU
DIRECTOR

D. S. RAO
PRINCIPAL

JAGJEET SINGH BHATTI
HEAD MASTER

**Teachers & Staff**




**ADMISSIONS OPEN**
*From Nursery to Class IX and XI*
*(Science & Commerce)*


प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 फोन– 07752 422771